दो शब्द

आर्यों एवं अनार्यों की संस्कृति के विषय में विद्वानों का मत वैषम्य चिर काल से विचारणीय रहा है। कतिपय विद्वानों का मत है कि अनार्य असंस्कृत और असभ्य थे। उनकी परम्परायें एव मान्यताएँ हेय और नि सार थीं। इसी प्रकार कहा गया है कि इन अनार्यों की भाषा विषयक कोई व्यक्तिगत परम्परा एवं स्थिरता नहीं थी। इनकी भाषा के सम्बन्ध म भांति भांति की आलोचनायें प्रस्तुत की गई हैं। परन्तु तथ्य तो यह है कि अनार्यों की अपनी संस्कृति थी और उनके जीवन में उसका महत्व था। इतना ही नहीं अनार्यों की सस्कृति, भाषा, परम्पराओं आदि का आर्यों की सस्कृति एव परम्पराओं पर बड़ा व्यापक प्रभाव एव योग दान रहा। सास्कृतिक, ऐतिहासिक एव भाषा विज्ञान की दृष्टि से यह अध्ययन बड़ा महत्वपूर्ण एवं रोचक है। परन्तु खेद है कि हिन्दी के क्षेत्र में इस प्रकार का कोई प्रयत्न नहीं सम्पन्न हुआ। भारतीय संस्कृति में आर्येतरांश का हिन्दी में अध्ययन लेखक के द्वारा सर्व प्रथम बार हो रहा है। प्रस्तुत ग्रन्थ में आलोच्य विषय का अध्ययन एव विवेचन सक्षिप्त रूप मे हो रहा है। इस दिशा मे लेखक का अध्ययन और लेखन क्रमश अब भी चल रहा है। आशा है कि भविष्य म इस विषय के प्रति हिंदी के अन्य विद्वान भी ध्यान देंगे। ग्रन्थ में "अनार्य" शब्द के स्थान पर "आर्येतर" शब्द का प्रयोग हुआ है। इसका भी एक कारण है। अनार्य शब्द एक बहुत ही हेय सस्कृति का वाहक माना जाता है। अनार्य शब्द सभ्य समाज में घृणित के लिए प्रयुक्त होता आया है। इसीलिए लेखक ने जान बूझकर अनार्य शब्द के स्थान पर 'आर्येतर' शब्द का प्रयोग किया है।

प्रस्तुत अध्ययन की प्रेरणा लेखक को अपने श्रद्धेय गुरुवर प्रोफेसर को० अ० सु० अय्यर महोदय से मिली। उनसे भारतीय सस्कृति के गम्भीर एव व्यापक अध्ययन से लेखक ने बडा लाभ उठाया। फ्रेंच, जर्मन तथा अन्य विदेशी भाषाओं के ग्रन्थों का मत लेखक को उन्हीं की कृपा से ज्ञात हुआ है। उनकी इस महती कृपा के लिये लेखक किन शब्दों म धन्यवाद दे सकता है?

समय समय पर लेखक को डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी, डा० दिनेशचन्द्र सरकार से सुझाव मिले हैं। आचार्य द्विवेदी जी ने अस्वस्थता की दशा में भी अपना समय देकर लेखक का पथ प्रदर्शन किया। एतदर्थ लेखक इन दोनों विद्वानों का हृदय से आभारी है।

ग्रन्थ को पाठकों के समक्ष पहुँचाने का समस्त श्रेय हिन्दी विभाग के अध्यक्ष श्रद्धेय डा० दीनदयालु जी गुप्त को है। हिंदी विभाग की प्रकाशन माला में इस ग्रन्थ को सम्मिलित करके उन्होंने लेखक को अत्यन्त अनुगृहीत किया है।

गुरुजनों में भारतीय संस्कृति एवं दर्शन के सुप्रसिद्ध विद्वान डा० सत्यव्रतसिंह तथा पं० गयाप्रसाद जी दीक्षित एवं पं० द्विजेन्द्रनाथ जी शुक्ल की सहायता का आभार स्वीकार करना लेखक का पुनीत कर्तव्य है। भाषा विज्ञान सम्बन्धी सुझावों के लिए डा० सरयू प्रसाद अग्रवाल धन्यवाद के पात्र हैं। ग्रन्थ की प्रेस कापी प्रस्तुत करने का नीरस एवं कठिन कार्य मेरे अभिन्न मित्र डा० लक्ष्मीशंकर सिन्हा तथा श्रीमती सिन्हा ने किया है।

प्राच्य विभाग— शिवशेखर मिश्र

लखनऊ विश्वविद्यालय,

२५ नवम्बर १९५२ ई०

विषय-तालिका

तृतीय-भाग

[अन्य भारतीय-आर्य भाषाओं में आर्येतरांश]

परिशिष्ट

भूमिका

"जिसे हम आर्य संस्कृति के नाम से पुकारते है उसकी सिद्धि के अनेक साधन हैं। वह एक गंभीर विशिष्ट वस्तु है जिसके रहस्य का परिचय विश्लेषण से ही यथार्थत. मिल सकता है" (आचार्य बलदेव उपाध्याय—'आर्य संस्कृति के मूलाधार')

भारतीय संस्कृति की व्याख्या एवं विवेचना परंपरा से पूर्वी तथा पश्चिमी देशों के विद्वान भिन्न भिन्न दृष्टिकोणों से करते आये हैं, किन्तु वास्तव में उसके व्यापक रूप को समझने की चेष्टा दुर्भाग्यवश बहुत कम विचारकों ने की है। इसी कारण से प्रायः अधिकांश लेखकों की कृतियों में संकुचित दृष्टि के ही दर्शन होते हैं। भारतीय संस्कृति विश्व की संस्कृतियों में एक महान स्थान रखती है। यदि यह कहा जाय कि विश्व की विभिन्न प्राचीन संस्कृतियों के मध्य में इसका स्थान सर्वोपरि है, तो अतिशयोक्ति न होगी। जब हम किसी भी संस्कृति को एक अत्यन्त उच्च स्थान प्रदान करते हैं, तो इसका तात्पर्य यह है कि निस्सन्देह उसमें अन्य संस्कृतियों के शाश्वत एवं सार्वभौमिक गुणों का समावेश अवश्य होगा। विश्व में वही व्यक्ति, समाज, संस्था, परंपरा अथवा विचारधारा महान हो सकती है जिसकी लोकोत्तर गरिमा एवं महिमा में, सर्व साधारण एवं इतर अंशों की विभिन्न विभूतियाँ पग-पग पर परिलक्षित होती हैं। महासागर की महत्ता उसके अपूर्व गाम्भीर्य में तो है ही, किन्तु साथ ही साथ कुछ सीमा तक उसमें गिरने वाली सहस्रों सरिताओं के कारण भी है। इसी प्रकार भारतीय संस्कृति, जहाँ अपनी जगद्विख्यात साधना, ऐश्वर्य, त्याग एवं अन्य धार्मिक तत्वों के कारण एक अद्वितीय स्थान रखती है, वहाँ उसमें विश्व की अन्य संस्कृतियों के अंश भी विद्यमान हैं।

विद्वानों ने इस दृष्टिकोण से भारतीय संस्कृति पर कम विचार किया है। भारतीय संस्कृति को आर्य संस्कृति के नाम से भी पुकारते हैं। आर्यों और अनार्यों के पारस्परिक तुमुल युद्धों तथा संघर्षों का, इतिहास साक्षी है। कालान्तर में विजेताओं तथा पराजितों दोनों में प्राकृतिक आदान-प्रदान के नियमों ने काम किया और जिस आर्य संस्कृति का आज हम दर्शन करते हैं, उसके जीवन के सम्पूर्ण

इतिहास में अनेक ऐसे पृष्ठ हैं, जिनको तथा कथित अनार्यों ने लिखा है। वे आर्येतर अंश भारतीय संस्कृति के अत्यन्त पुनीत तथा महान् कलेवर को देदीप्यमान करने में कितने सार्थक हुए हैं—यह आगे के पृष्ठ स्वयं बतलायेंगे।

भारतवर्ष से अतिरिक्त अन्य देशों में जहाँ कहीं भी आर्य लोग गये, वहाँ वे बहुधा स्थानीय प्राचीन सभ्यता के नाशकर्ता कहे गये हैं, किन्तु इनके पक्ष में यह कहना अनुचित न होगा कि भारत में आये हुए इनके स्वजन केवल भारतीयसंस्कृति को क्षति पहुँचाने वाले ही नहीं थे वरन् उनमें निर्माण करने की प्रखर बुद्धि भी थी। उनके निर्माण का लक्ष्य सांस्कृतिक क्षेत्र की ओर था। वैदिक काल के आरम्भ से साहित्य में उपलब्ध सामग्री द्वारा हमको इस विचार का पुष्ट प्रमाण मिलता है।

समस्त आर्य भाषाभाषी व्यक्ति, धर्म तथा साधारण दृष्टिकोण में वैदिक न थे। ऋग्वेद में यह प्रमाण मिलता है कि वैदिक आर्यों का केवल अनार्यों के साथ ही नहीं वरन् उन अन्य आर्यों के साथ भी युद्ध हुआ, जिनके विचार तथा जीवन के उपादान सम्भवतः समान न थे। ऐसा प्रतीत होता है कि इनमें से कुछ अवैदिक आर्य पूर्व में गंगा नदी के किनारे, वैदिक उपासना वाले आर्यों से पहले आये। आर्यों के अन्य समुदाय, जिन्होंने समान रूप से अपने को पूरा पंजाब के वैदिक आर्यों से पृथक रखा, पश्चिमी तथा दक्षिणी पंजाब में बस गये।

आर्येतर जातियों—द्रविड़ तथा कोल—ने वैदिक तथा अवैदिक दोनों आर्यों से युद्ध करके संधि कर ली। बहुत से अनार्यों पर अधिक काल तक आर्य संस्कृति तथा भाषा का प्रभाव नहा पड़ा। पंजाब तथा उत्तरी गंगा की घाटी को मिलाकर उत्तरी भारत में मध्य भारतीय-आर्य युग तक द्राविड़ी (अथवा कोल) भाषा बोलने वाली जातियों का होना कोई असम्भव बात नहीं है। यदि हम ध्यान पूर्वक देखें तो बिलोचिस्तान में अब भी सम्पन्न ब्राहुई जाति के लोग मिलेंगे। साहित्य से इस बात का प्रमाण मिलता है तथा उत्तरी भारत के स्थानीय नामों से सम्भवतः सहायता मिलती है। उदाहरणार्थ ऐसा प्रतीत होता है कि मध्य भारत की गोंड नामक द्राविड़ी भाषा-भाषी जाति से संयुक्त प्रान्त के गोंडा जिले का नाम पड़ा है।

द्रविड़ों की लौकिक संस्कृति आर्यों की संस्कृति से कम महत्वपूर्ण नहीं थी, जैसा कि काल्डवेल (Caldwell), पी० टी० श्री निवास ऐंगर आदि विद्वानों ने मान लिया है। ऐसा ज्ञात होता है कि वे लोग चतुर कृषक एवं शिल्पकार थे तथा सृष्टि आदि के सम्बन्ध में स्वतंत्र विचार रखते थे, जिनका प्रभाव आर्यों पर भी पड़ा। दोनों जातियों का सम्पर्क सम्भवतः सर्वप्रथम पंजाब में आरम्भ हुआ तथा गंगा नदी की घाटी में वह मैत्री भाव और घनिष्टता को प्राप्त हुआ। अंत में दोनों

जातियों में पूर्णरूप से सन्धि हो गई, जिसमें बाह्य रूप से आर्यों की विजय हुई, क्योंकि उनकी भाषा ने उत्तरी भारत में द्राविड़ी भाषा को दबा दिया। भाषा की इस विजय द्वारा आर्यों ने द्राविड़ों की संस्कृति को एक अन्य रूप प्रदान किया।

वैदिक काल से ही भारत के आर्यों के विचार तथा मानसिक दृष्टिकोण बहुत कुछ आदिम यूनानी, इटाली, केल्ट, जर्मन तथा स्लाव जातियों से समानता रखते थे। उस समय, जब कि उनमें विशिष्ट हिन्दू भावों का विकास नहीं हुआ था, द्राविड़ी उपासना तथा द्राविड़ी भाषा उनके धर्म तथा बोली को प्रभावित करने लगी थीं। उदाहरण के लिये सृष्टि सम्बन्धी कुछ विचार द्राविड़ी प्रतीत होते हैं। द्राविड़ों के देवताओं का ग्रहण आर्य देवालयों में होने लगा था। इस सम्बन्ध के फलस्वरूप शनैः शनैः एक नवीन तथा मिश्रित रचना हुई। द्राविड़ों के पर्वतों तथा मरुस्थलों के देवता के नाम का अनुवाद सम्भवतः आर्य भाषा में 'रुद्र' हुआ और तत्पश्चात् आर्यों के देवता 'रुद्र' (गर्जन करने वाला) से उसकी समानता की गई। इसके अतिरिक्त यह भी ज्ञात होता है कि द्राविड़ी भाषा के नाम, तामिल शिवन् 'रक्तवर्ण,' शेम्बु 'ताम्र,' शिव तथा शम्भु के रूप में ग्रहण किये गये। हिन्दू विचारों के संशोधन के साथ इस संयोग से बाद को पौराणिक रुद्र शिव अथवा महादेव सम्बन्धी विचारों की उत्पत्ति हुई। सम्भवतः द्राविड़ों में एक वानर देवता थे, जिनको वे नरवानर कहते थे। आर्य धर्म में उनका प्रवेश 'वृषा कपि' के रूप में प्रतीत होता है, जिसका कुछ आर्यों ने विरोध किया। तत्पश्चात् उसका द्राविड़ी नाम आर्यों की भाषा में ग्रहण किया गया। उसका आर्य रूप 'हनूमन्त' हुआ (तामिल—'आणमन्दि' नर वानर)। आर्यों के विष्णु देवता की समानता द्राविड़ों के आकाश के देवता से प्रतीत होती है (द्राविड़ी 'विण'—आकाश)।

डा० जाँ० प्रिलुस्की (Jean Przyluski) ने आग्नेय तत्व व भाषा विज्ञान सम्बन्धी अनुसन्धानों द्वारा संस्कृत तथा अन्य भारतीय आर्य भाषाओं में एक नई जाँच आरम्भ करदी है। भारतीय आर्य भाषाओं में बड़ी संख्या में आग्नेय शब्दों (जो कोल अथवा मुंडा समुदाय की अपेक्षा मोन ख्मेर भाषाओं से अधिक सम्बन्ध रखते हैं) का वर्तमान होना उत्तरी भारत की हिन्दू जाति तथा हिन्दू संस्कृति की उत्पत्ति के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इन शब्दों से विदित होता है कि उनका ग्रहण आग्नेय परिवार की बोलियों से उस समय में हुआ, जब कि वे बहुसंख्यक व्यक्तियों के द्वारा प्रत्यक्ष रूप से गंगा नदी के मैदानों में बोली जाती थीं। इन आग्नेय भाषाओं के बोलने वाले व्यक्ति अब उत्तरी भारत की हिन्दू (अथवा मुसलमान) जनता में घुल मिल गये हैं, तथा देश की वर्तमान आर्य भाषा-भाषी जातियों

में परिवर्तित हो गये हैं। एम० प्रिजुल्की (M Przyluski) ने अपने अमूल्य लेखों में अनेक संस्कृत-शब्दों की व्युत्पत्ति दी है, जो उत्तरी भारत में प्रचलित आग्नेय बोलियों से गृहीत हैं। उक्त विद्वान ने मोन ख्मेर तथा खासी अर्थात् हिन्द-चीन, मलय तथा कुछ दशाओं में सुवर्ण द्वीप की विभिन्न आग्नेय भाषाओं से सम्बन्ध रखने वाले समान रूपों की भी तुलना की है। साथ ही साथ उन्होंने उन आग्नेय रूपों की व्युत्पत्ति दी है, जिनका संतोषजनक अर्थ आग्नेय धातुओं तथा प्रत्ययों के आधार पर प्रकट किया जा सकता है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि लिंग, लागल, कम्बल, ताम्बूल, कदली आदि आर्य शब्द नहीं हैं, वरन् आग्नेय भाषाओं से गृहीत हैं।

आग्नेय (कोल तथा मोन-ख्मेर) तथा द्राविड़ जातियों और अन्त में उत्तरी तथा पूर्वी बंगाल की चीन किरात अथवा तिब्बत चीनी जातियों ने भारत तथा बंगाल की प्राचीनतम 'नीग्रिटो' और मूल आस्ट्रोलायड जातियों का अनुगमन किया। जहां तक अन्त की दो जातियों का सम्बन्ध है, उनकी भाषाओं तथा संस्कृति का वर्तमान काल में कोई भी चिन्ह अवशिष्ट नहीं है। वे निस्सदेह आग्नेय, द्राविड़ तथा तिब्बत—चीनी अथवा चीन किरात जातियों में, जो सम्भवत बाद को आईं, पूर्णरूप से मिल गईं। आस्ट्रोलायड जातियों के बाद में आने वाली आग्नेय जातियों के आदिम निवासस्थान के विषय में दो विभिन्न मत हैं। प्रथम मत के अनुसार भाषा तथा संस्कृति के आधार भूत तत्वों को दृष्टि में रखते हुये प्रारम्भिक आग्नेय जातियों का मूल स्थान कहा न कहीं उत्तरी हिन्द चीन में था। वहा से वे आसाम के प्रान्त में होती हुई पश्चिम की ओर भारत में फैल गईं और गगा नदी की घाटी को भी उन्होंने घेर लिया। इस प्रकार उनका विस्तार पश्चिम तथा उत्तर में हिमालय के प्रदेश से काश्मीर तक और दक्षिण की ओर सम्पूर्ण दक्षिणी पठार से मालाबार तक था। भारत में वे कोल अथवा मुण्डा तथा अन्य सम्बद्ध जातियों के पूर्वज हो गये। हिन्द-चीन तथा आसाम में उनकी बोली और संस्कृति खासी तथा मोन-ख्मेर जाति समुदायों में स्थिर रहीं। उन्होंने निकोबार द्वीप समूह में प्रवेश किया और उनके समुदाय मलय, सुवर्ण द्वीप तथा और भी पूर्व में पपूवा द्वीप तथा सागर द्वीप की ओर बढ़े। एक ओर तो पपूवा द्वीपो, सागर द्वीपो तथा सुवर्ण-द्वीपी भाषायें, जो आग्नेय द्वीपी भाषा परिवार बनाती हैं तथा दूसरी ओर आग्नेय देशी भाषायें परस्पर मिल कर एक वृहत् आग्नेय परिवार बनाती हैं। आग्नेय देशी भाषायें अधिकतर एशिया के भूभाग में प्रचलित थीं, जैसे भारत की कोल अथवा मुण्डा भाषा, ब्रह्मा तथा हिन्द चीन की मोन-ख्मेर भाषायें और मलय प्रायद्वीप के आदिम निवासियों की कुछ भाषायें।

आग्नेय परिवार की उत्पत्ति, इस प्रथम मत के अनुसार उत्तरी हिन्द-चीन में है।

द्वितीय मत के अनुसार आग्नेय भाषाओं की उत्पत्ति पश्चिम की ओर पूर्वी भूमध्य सागर के क्षेत्रों में है। आदिम आग्नेय जातियाँ प्राचीन भूमध्य-सागर परिवार की बहुत प्रारम्भिक शाखा बनाती थीं। ये जातियाँ चाल्डिया तथा ईरान होती हुई पूर्व की ओर भारत में आईं। उनकी भाषा तथा संस्कृति भारत में व्याप्त हो गई, और यहाँ से उनका विस्तार ब्रह्मा, हिन्द-चीन, मलय, सुवर्ण-द्वीप और तत्पश्चात पपूवा द्वीप तथा सागर-द्वीप में हुआ। कुछ भी हो, इसमें सन्देह नहीं कि भारत की प्रागार्य जातियाँ आग्नेय उत्पत्ति की थीं (अपनी दो शाखाओं कोल अथवा मुँडा तथा मोन-ख्मेर के साथ) उनका अनुगमन पश्चिम से द्राविडी भाषा-भाषी तथा उत्तर और पूर्व से तिब्बत चीनी भाषाओं के बोलने वालों ने किया।

इन प्रागार्य (द्राविड़ तथा आग्नेय) तत्वों तथा नवागन्तुक आर्य-जाति के अंशों के सम्मिश्रण से हिन्दू संस्कृति के उस रूप का विकास हुआ, जिसे हम प्रथम सहस्राब्दी ईसवी पूर्व की अंतिम शताब्दियों के पूर्व में गंगा नदी की उत्तरी घाटी में पाते हैं। यहाँ पर हम हिन्दू शब्द का व्यापक रूप लेते हैं, जिसमें प्राचीन भारतीय अर्थ में उसके ब्राह्मण, बौद्ध, जैन तथा अन्य रूप भी सम्मिलित हैं। आर्यों की भाषा इस संस्कृति के प्रकाशन का माध्यम हो गई, और इसके साथ ही साथ उसका वाह्य संगठन भी आर्य था।

—:⁕:—

प्रथम भाग

[भारतवर्ष की जातियाँ, भाषायें आदि]

भारत के आदि निवासी *

भारत सम्बन्धी सभी शास्त्रों में नृवंश विज्ञान निस्सन्देह सबसे कम उन्नतिशील है। इस विज्ञान का मुख्य उद्देश्य भारतीय शास्त्र की समस्त शाखाओं को संयुक्त करने का होना चाहिये, किन्तु वास्तव में यह केवल उसके रिक्त स्थानों तथा अनिश्चित बात की ओर संकेत करता है और साथ ही साथ यह सूचित करता है कि भारतीय मानव जाति अब भी पर्याप्त रूप से अपरिचित है। इसके दो कारण हैं—

(१) तथ्य सम्बन्धी कारण—भारत की भूमि बहुत विस्तृत है तथा जनसंख्या भी अत्यन्त विशाल है। लेकिन निरीक्षणों की संख्या अनुपातिक दृष्टि से बहुत कम है; उदाहरणार्थ जन विज्ञान का कार्य भारत की जनसंख्या में से कुछ सहस्र ही के परिणामों पर हो रहा है। प्रागैतिहासिक युग के अध्ययन का अभी आरम्भ ही है। प्रत्येक व्यक्ति को यह निश्चित समझना चाहिये कि अभी बहुत से ऐसे क्षेत्रों का अनुसंधान करना है जो अस्थिर मतों को आपत्ति में डाल सकता है।

(२) दोषपूर्ण विधियां—हम कल्पना के उड़ानों पर दृष्टिपात नहीं करना है। पूर्णतया निःस्वार्थ भाव से किये हुये अनुमान जिनका पूर्व ही खंडन हो चुका है, साधारणतया भारत की जातियों के विषय में जनता की ज्ञानराशि के अत्यन्त महत्वशाली अंग हैं और बहुधा भाषावैज्ञानिक विचार जातियों के भावात्मक अध्ययन का स्थान ले लेते हैं।

जाति तथा भाषा

भारतवर्ष का अध्ययन करते समय लोग बहुधा जाति तथा भाषा को परस्पर मिला देते हैं, किन्तु जाति तथा भाषा सम्बंधी चित्रों में महान अन्तर है—उदाहरणार्थ आसामी भाषा, जो आर्यभाषा है, उसके बोलने वाले अधिकांश व्यक्ति आर्य जाति के ही नहीं कहे जा सकते। प्रत्येक व्यक्ति द्वयर्थक शब्दों का प्रयोग करता है। इसके अनुसार मुख्य शब्द के दो अर्थ हो सकते हैं जिसका कभी कभी लोग अनुपयुक्त प्रयोग करते हैं :—

(१) एक भाषा परिवार

---

*Louis Renou and Jean Filliozat—'L' Inde Classique 1949

(२) लगभग ६०० सहस्त्र व्यक्तियों वाली एक बड़ी जिसकी भाषा मुँडारी है।

किसी भी दशा में इसका अर्थ जाति से नहा है। इसके अतिरिक्त यदि मुंडा की जनवैज्ञानिक विशेषतायें किसी प्रकार कम्बोजी जनसख्या का स्मरण नहीं कराती हैं तो कुछ शब्दों की समानता के ही आधार पर भारत तथा हिन्द चीन के मध्य में जातियों के स्थान परिवर्तन की कल्पना कितनी अपरिणाम सूचक होगी। भाषा तथा जाति के सम्बन्ध में यह मतभेद उस विस्तृत पक्षपात के आधार पर है जिसके अनुसार सभ्यता के तथ्यों के हस्तान्तर का अर्थ जातियों का स्थान परिवर्तन तथा वर्णों का मिश्रण है, जिस प्रकार जापान के आधुनिक परिवर्तनों का आरोप यूरोपीय आक्रमण के प्रवाह पर करना पूर्ण रूप से अनर्थक होगा। क्या वृहत रूप से नार्डिक जाति के व्यक्तियों के आगमन द्वारा भारत का विवादरहित किन्तु पक्षपातपूर्ण आर्यमय हो जाने का अर्थ बतलाना समान रूप से आपत्तिजनक नहीं होगा? एक जाति के ज्ञान, धर्म तथा भाषा का दूसरी में विस्तार तथा परिवर्तन व्यक्तिगत रूप से कार्यकर्ताओं द्वारा हो सकता है जिनकी संख्या कभी कभी असाधारण रीति से सीमित होती है।

नृवंश-विज्ञान के कठिन कार्य

इसका तात्पर्य यह नहा है कि भारतीय नृवश विज्ञान रीति रिवाजों तथा भाषाओं पर विचार न करे किन्तु अपनको शरीर सम्बन्धी जनविज्ञान पर ही सीमित रखे। प्राकृतिक जाति के अतिरिक्त जनविज्ञान का ध्येय जनसमुदायों की व्याख्या करना है जो वास्तविकता के साथ ही साथ दुरूह विशेषताओं से पूर्ण है। प्राचीन काल से ही भारतीयों की अनेकरूपता पर दृष्टि डाली गई है परन्तु उनका सुव्यवस्थित अध्ययन अब आरम्भ हुआ है। वास्तव में लिखित मन्तव्यों में से बहुत से विधिहीन तथा समभावरहित होने के कारण निरर्थक हैं, उदाहरणार्थ बहुधा भाषा तथा रीति रिवाजों का अध्ययन विचारान्तर्गत व्यक्तियों के शारीरिक ढग का उल्लेख किये बिना ही पृथक पृथक किया जाता है। कभी कभी रीति रिवाजों की अपूर्णता का उल्लेख किसी सर्वसाधारण वर्णन के साथ मिलाने के बिना ही किया जाता है। अधिकांशत बाह्य जातियों की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है जिनमें अधिकतर विशेषतायें ऐसी होती हैं जो उन जनसमुदायों में प्राप्त होती हैं जो भली भाँति परिचित प्रतीत होता है। किन्तु हमलोगों को यह स्मरण रखना चाहिये कि हमारे पास सबसे अधिक न्यूनता आधुनिक भारत के सबसे अधिक जन पूर्ण तथा आदर्श क्षेत्रों के नृवंशविज्ञान सम्बन्धी ज्ञान की है।

नृवंश विज्ञान तथा धर्म

इन अनिश्चित बातों का अन्य उदाहरण धर्मों में मिलता है। भारतवर्ष में प्रभावशाली धर्मों की अधिकता है किन्तु उनके विभाजन के लिये जो शीर्षक व्यवहार में लाये गये हैं वे अपर्याप्त तथा खंडन के योग्य हैं। इस प्रकार तथा कथित प्रारम्भिक धर्म और हिन्दू धर्म के भेद के विषय में यह अनुमान किया जा सकता है कि अधिकांश दशाओं में हिन्दुत्व व्यावहारिक रूप में विभिन्न मूर्तियों का धर्म है चाहे प्रारम्भिक काल के लोग मूर्तियां रखते हों या न रखते हों; उदाहरणार्थ प्रारम्भिक मुन्डा जाति के लोग ईश्वर की स्वतन्त्र शक्ति में विश्वास करते हुए प्रतीत होते हैं और मूर्तियों अथवा प्रतीकों का अनुसरण नहीं करते हैं। इसके अतिरिक्त हिन्दुत्व के अन्तर्गत किसी स्थान अथवा पवित्र भूमि से सम्बन्धित कुछ परम्परायें अधिक महत्व रखती हैं। भारत के धर्मों को पूर्ण रूप से समझने के लिये पवित्र स्थानों की सूची तथा एक चित्र बनना चाहिये जो कार्य अभी तक नहीं प्रस्तुत हुआ है। भारतीय धर्मों का भूगोल प्रथम श्रेणी का नृवंश विज्ञान सम्बन्धी तथ्य होगा।

प्रागैतिहासिक युग की जातियाँ

भारतवर्ष में, मुख्यतया दक्षिण के पठार में पाषाण काल की मानुषिक स्फूर्ति के विभिन्न चिन्ह प्राप्त होते हैं। हिमालय की तराई में एक्यूलियन * (Acheulean) नस्ल के व्यक्तियों की पहुँच है। इसके अतिरिक्त तथाकथित सोहन सभ्यता (डीटेरा) मोस्टीरियन ** (Mousterean) नस्ल का स्मरण दिलाती है। सम्भवतः नव पाषाण काल का मोहनजोदड़ो की सभ्यता से सम्बन्ध है क्योंकि डीटेरा नामक विद्वान ने काश्मीर व बर्जहोम स्थान पर नव-पाषाण युग की एक तह में कृष्ण वर्ण के मृत्कला के चिन्ह प्राप्त किए हैं जो मोहनजोदड़ो के चिन्हों से समानता रखते हैं। दुर्भाग्यवश, जो मनुष्य जाति के चिन्ह उपलब्ध हैं वे बहुत कम हैं और सम्बंध की दृष्टि से आधुनिक हैं। यह सत्य है कि अभी तक बहुत कम खुदाइयाँ हुई हैं। अब तक हमें तीन महत्वपूर्ण प्रमाण मिले हैं —

१—सिन्धु नदी के कंकाल (मोहनजोदड़ो, हड़प्पा नल, मकरान) जिनका सम्बन्ध ताम्र युग अर्थात् तृतीय तथा द्वितीय सहस्राब्दी ई० पूर्व से है। ये पतली नाक वाले अथवा सुनास साधारणतया तीन प्रकार के हैं—दो दीर्घकपाल ले (अ और ब) जिनमें से विशेषतया एक (सिन्धु अ) जो महायनी है, बहुत दृढ़ कापालिक परिमाण

* फ्रांस के सेंट एक्यूलेस नामक स्थान में प्राप्त पाषाणों के आधार पर।

** फ्रांस के मोस्टियर नामक स्थान में प्राप्त पाषाणों के आधार पर।

वाले हैं। कर्णिक क्षेत्र के पश्चात् वे अपवादात्मक निकास के साथ एक वृत्तकपाल नस्ल (सिन्धु स) मिलता है जिनकी कापालिक भित्ति उठी तथा शिर पीछे की ओर चपटा हुआ होता है। इन तीन भेदों का सम्बन्ध बिना कठिनता के मेसोपाटैमिया के टेल अल ओवेड तथा किश क भेदों से कर सकते हैं। मोहनजोदड़ो तथा प्राचीन मेसोपोटैमिया के मध्य समानता का पुष्ट प्रमाण मिलता है। वृत्तकपाल नस्ल को आर्मीनायड कहा जा सकता है।

२—सुदूर दक्षिण म तिनेवेली के समीप आदित्त नैलूर स्थान मे प्राप्त कंकालों का सम्बन्ध लौह युग से है। ये साधारणतया दीर्घकपाल तथा मध्यनास वाले हैं और हमें उन रूपों की याद दिलाते हैं जो वस्तुत सम्पूर्ण भारत मे विस्तृत हैं। उनम से कुछ भिन्न देश के राजवंश युग के पूर्व के कपालों से समानता रखते हैं।

३—अन्त मे हम अपने युग की पाँचवीं शताब्दी के अन्त म नष्ट हुए धर्मराजिक मठ की अस्थियों के साथ ऐतिहासिक युग म प्रवेश करते हैं। कपालों से बहुत लम्बे चेहरे और पतली नाक का अनुमान किया जाता है किन्तु दीर्घकापालिक विशेषता प्रकट तथा कपाल भित्ति पूर्व की दशाओं से कम उभरी है। यह नस्ल सिन्धु के नस्लों तथा आधुनिक भारत के प्रबल रूपों से बहुत भिन्न है। दक्षिण भारत के जेउरगी के नीग्रोई कपालों तथा सयुक्त प्रान्त के बयाना के अश्मीभूत पदार्थों से हमे भारत की प्राचीन जनसंख्या की शारीरिक विशेषताओं का ज्ञान होता है।

वास्तविक जातियाँ

जेउरगी (Jowurgi) का कपाल हमारे लिए एक बहुत बड़ी पहेली है। भारत में नीग्रोई नस्ल का कोई अन्य चिन्ह नहीं है। इसी प्रकार अन्डमन द्वीप समूह की नीग्रिटो जाति का भारत में कोई निश्चित प्रतिनिधि नहीं है यद्यपि सुदूर दक्षिण की कुछ जातियों मे नीग्रिटो की समानता का सदेह होता है। कोई भी इस तथ्य पर अधिक नहीं टिक सकता कि साधारणतया ताम्रवर्ण तथा कभी कभी कृष्णवर्ण की त्वचा होने पर भी भारतीय किसी भांति हब्शी नहीं है। लोगों को एक बात बहुत स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिये कि बहुत से कृष्णवर्ण के मनुष्य हब्शी नहीं हैं। कोई भी निश्चित जाति ऐसी नहीं है जो कृष्णवर्ण की जाति कही जा सके।

रिसली का विभाजन

भारतीय नस्लों में अत्यधिक भेद होने पर भी प्रत्येक व्यक्ति बिलकुल आरम्भ

से एक निश्चित समानता से प्रभावित होता है। यह समानता जिसके अर्थ का पता अभी लगाना है कुछ अंश तक वैज्ञानिक समानताओं से पुष्ट हो जाती है। विशेषतय. इसी बात को रिसलो भारतीय जातियों के विभाजन में स्पष्ट रूप से लाना चाहते हैं। मुख्य सात प्रकार की जातियों में अन्तर प्रकट करते हुये सबको एक मूल जाति पर केन्द्रीभूत करते हुए उन्हें वे द्रविड़ कहते हैं:—

१—द्रविड़ जाति जो रिसली के अनुसार भारतीय जनसंख्या का पहला अंश है। इनका कद छोटा, त्वचा का रंग पक्का और कभी कभी कृष्ण, बाल कभी कभी घुँघराले, काली आँखें, दीर्घ कपाल वाला शिर, नाक चौड़ी अथवा अधिक चौड़ी होती हैं किन्तु चपटी कभी नहीं होती है। यह जाति दक्षिणी पठार को घेरे है। इसके अत्यधिक महत्वपूर्ण प्रतिनिधि मालाबार के पनियार तथा छोटा नागपुर के संथाल हैं, किन्तु यह जाति उत्तर में भी पाई जाती है और पश्चिम में अरावली और पूर्व में राजमहल की पहाड़ियों तक विस्तृत है। यह जाति स्वयं एक अपूर्व एकता का समूह बनाती है। मिश्रित होने के कारण इसने कुछ अन्य प्रकार की जातियों को जन्म दिया है, जिसका क्षेत्र दक्षिणी पठार के उत्तर से लेकर शेष भारत के सम्पूर्ण भाग को घेरे हुये है।

२—शकी-द्राविडी जाति जिसमें विशेषत मराठा जाति के लोग सम्मिलित हैं। यह वृत्तकपाल वाली जाति द्रविड तथा तुर्की ईरानी जातियों के मध्य की है।

३—गंगा के मैदान का आर्य द्राविड़ अथवा हिन्दुस्तानी नस्ल जिसमें दीर्घकापालिक विशेषता अधिक स्पष्ट नहीं है। ये व्यक्ति भूरी-त्वचा तथा मध्य-नास वाले होते हैं। समस्त जातियाँ परस्पर मिश्रित होकर आर्यावर्त की वास्तविक जनसंख्या का निर्माण करती हैं जो निम्नलिखित भारतीय आर्यों से पूर्णतया भिन्न हैं।

४—मंगोली द्राविड़ीनस्ल इस जाति के व्यक्ति वृत्तकपाल, तथा (मध्यनास) श्याम-त्वचा वाले होते हैं और अधिकाशत बंगाल में पाये जाते हैं।

५—भारत के उत्तरी भाग मे पूर्व की ओर तथा मध्य म वृत्तकपाल नस्ल की जाति है जिसके व्यक्ति छोटे केश, तथा उभडे हुए अपागों वाले होते हैं। इन मंगोली जातियों की समानता मैदान (संयुक्त प्रान्त) की ब्राह्मण जातियों से मिलती है।

६—भारतीय आर्य जो काश्मीर तथा पंजाब के सामान्य लोग हैं और पूर्ण रूप से अत्यन्त न्यून संख्या में हैं। ये पूर्व की ओर केवल ७७ वीं अक्षांतर तक

अन्तर्गत लिया है, भारत की मुख्य नस्ल अधिक स्पष्ट रूप से निम्नलिखित प्रकार की है.—

औसत ऊँचाई, दीर्घ कपाल, कपाल भित्ति उभड़ी हुई, ऊँचा मस्तक जिसमें प्राय. गाँठें पड़ी होती हैं, जिसके कारण नेत्र कोष्ठ कठिनता से दृष्टिगत होते हैं, छोटा चेहरा, कपोलों पर कुछ चिन्ह, छोटी तथा नुकीली ठुड्डी, नाक किंचित लम्बी और चौड़ी—मध्यनास के आधार पर, ओष्ठ मोटे तथा लम्बी आकृति वाला मुख। इसके अतिरिक्त त्वचा का वर्ण गेहुँआ (तेलुगू ब्राह्मण) से लेकर गहरे भूरे तक, आँखें गहरी, केश काले तथा सीधे जिनका झुकाव लहरिया रूप की ओर, बालों की संस्थिति कुछ घनी सी।

इस प्रकार के व्यक्तियों का प्रमुख्य दक्षिण तथा उत्तरी भारत की निम्न जातियों में है। ये व्यक्ति गंगा के मैदान मे निवास करने वाली जातियों के मध्य में भी पाये जाते हैं। यद्यपि ये अन्त मे मिश्रित रूपों के द्वारा मूल आस्ट्रेलायड नस्लों से सम्बन्धित हैं किंतु पूर्व में उनमे भिन्न हैं और वास्तविक समानता वाली नस्ल केवल ईलियट स्मिथ द्वारा अध्ययन किये हुए कपालों में प्राप्त होती है जो उत्तरी मिश्रदेश के राजवंश काल से पूर्व की समाधियों म पाई गई है।

सिन्धु की नस्लें

सिन्धु की नस्लों मे से दो दीर्घकापालिक नस्लों को बाद की नस्ल से नहीं मिलाना चाहिए। इन दो म से अधिक हृष्ट-पुष्ट तथा बलवती (सिन्धु अ) नस्ल आजकल ऊँची गुद्दी वाले शक्तिशाली पंजाबियों में अवशिष्ट है। गुहा इसे चैल-कोलिथिक युग की ह्रस्व-कपाल नस्ल कहते हैं जिससे इसका वास्तविक सिन्धु-नस्ल (सिन्धु ब) से भेद प्रगट हो सके। इसकी समानता उन व्यक्तियों में मिलती है जो अधिक कृशगात्र वाले हैं तथा अच्छे लक्षणों से युक्त हैं और जिनकी नासिका सीधी होती है। इसी कारण इनकी तुलना भूमध्यसागर की नस्ल से की जा सकती है। यह सिंधु नस्ल उत्तरी भारत की जनसंख्या के मध्य म उच्च स्थान ग्रहण करता है। इनका न केवल मोहनजोदड़ो की उच्चकोटि की सभ्यता में ही वरन् आजकल, की ब्राह्मण जातियों के मध्य में भी एक विशेष स्थान है। इसी आधारस्तम्भ पर हम उस विभिन्नता को भली प्रकार स्पष्ट कर सकते हैं जो मध्य श्रेणी की जातियों में उत्तर के भारतीयों का दक्षिण के भारतीयों से अन्तर प्रगट करता है।

थोड़ा सा विचार करने पर यह अनुमान किया जा सकता है कि ये दो सिन्धु नस्लें भारत के लिये अपरिचित थी हैं किन्तु व्यावहारिक रूप से यह निश्चित है कि

ये सभी नस्लें जिनका वर्णन अब किया जायगा विदेशी हैं। ये अनिश्चित तत्व जो संख्या में थोड़े हैं निम्नलिखित हैं:—

१—अल्पो-डिनैरिक—जो वृत्तकपाल वाली तथा मंगोल जातियों से भिन्न है। इस जाति के व्यक्ति चपटी गुद्दी वाले होते हैं। इनके पूर्वज हड़प्पा में (सिन्धु स) तथा आधुनिक प्रतिनिधि गुजरात, कन्नड़ देश, बंगाल तथा प्राय: मराठों में तथा तामिल जातियों में भी पाये जाते हैं,—[चिटी]। कपाल-मान किञ्चिन्मात्र वृत्तकापालिक है, त्वचा का वर्ण साधारणतया कुछ साफ है। कुर्ग के लोगों में तथा उत्तरी प्रदेश के ब्राह्मणों [गुजरात] में यह जैतूनी वर्ण है। संयोग से वे सुन्दर नेत्रों वाले होते हैं। गुहा इन वृत्तकपाल वाले लोगों की तुलना दक्षिणी अरब के ओमानी लोगों से करते हैं, तथा दूसरी ओर रामप्रसाद चंदा के संकेत से वे बंगाल के दीर्घकापालिक पुरुषों को उन्हीं के पड़ोस के ब्रह्मा के निवासियों से पृथक करते हैं। इस प्रकार गुजरात तथा बंगाल की जन सख्याओं की समान उत्पत्ति होगी जिसे पश्चिमी प्रदेशों में देखना चाहिये। गुहा इस जातीय समुदाय के लिये अल्पो-डिनैरिक नाम प्रस्तावित करते हैं।

२—मूल-नार्डिक—जो सर्व साधारण व्यक्तियों द्वारा आर्य कहे जाते हैं जिसके चिन्ह कदाचित धर्मराजिक मठ से प्राप्त होते हैं। इनके कपालों तथा भारतीय कपालों में अन्तर यह है कि ये अधिक चौड़े हैं तथा इनकी कपाल-भित्ति कम ऊँची है। कापालिक परिमाण बहुत ऊँचा अर्थात १५५.२ सेंटीमीटर ३ है। इनकी मुखाकृति लम्बी, नाक पतली और लम्बी और नीचे का जबड़ा मजबूत होता है। सम्पूर्ण शारीरिक अंगों से ये पूर्णतया शक्तिशाली होते हैं। यह नस्ल बहुधा उत्तर-पश्चिम में निवास करने वाले पठानों में पाई जाती है। इसकी शुद्ध नस्ल काफिरिस्तान में तथा साधारण रीति से दरदी भाषाओं के क्षेत्र में पाई जाती है जिसमें काश्मीर भी सम्मिलित है। यह सिक्खों में स्पष्ट है तथा पंजाब और राजपूताना के प्रदेशों में भी दृष्टिगत होती है। गंगा नदी की घाटी में कदाचित इसने अपना प्रभाव डाला हो किन्तु यह अस्पष्ट है। इनके लक्षणों के कुछ अंश ब्राह्मणों तथा विभिन्न धर्मों में प्राप्त होते हैं जैसे आर्यावर्त के ब्राह्मणों तथा मालाबार की नम्बूदिरी जाति में। सिन्धु नदी के मैदान में इनका वर्ण दुग्ध मिश्रित कत्थे के सदृश साफ तथा पर्वतीय प्रदेशों में स्पष्ट रूप से गुलाबी है। इनकी आँखें भूरी तथा नीली होती हैं। कुछ दशाओं में लाल बालों के भी उदाहरण मिलते हैं किन्तु गौर वर्ण, भूरे बाल तथा कंजी आँखों वाला व्यक्ति नहीं मिल सकता है। गुहा इस बात का अनुमोदन करते हैं कि यहाँ वैदिक आर्य तथा साधारणतया आर्य जाति की नस्ल मिलती है। किन्तु यह अनुमान किया जा सकता है कि गौर वर्ण, भूरे केश तथा कंजी आँखों

वाले व्यक्ति का निकास केवल बाद को इस जाति की यूरोपीय शाखा में हुआ होगा अतः भारतीय शाखा के लिये मूल-नार्डिक शब्द प्रयुक्त हुआ है।

३—पूर्वी नस्ल—गौर वर्ण की त्वचा, काली आखों, लम्बी तथा झुकी हुई नाक वाली एक अन्य नस्ल भी है जिसे फिसर नामक विद्वान पूर्व वर्ग की नस्ल से, विशेषतया हिमालय प्रदेश में, मिश्रित पाते हैं तथा जिसे वे पूर्वीय कहते हैं। इसके प्रतिनिधि अधिकतर मुसलमान हैं।

अन्य नस्लें तथा परिणाम

अन्य नस्लें केवल भारतवर्ष के सीमान्तों पर पाई जाती हैं और वे भारत के लिए विदेशी हैं। उनमें से तिब्बती, मंगोली, समुद्री तथा सागरद्वीपी नस्लें हैं। गुहा भारत के मैदानों की जनसंख्या पर मंगोली प्रभाव को नहीं मानते हैं। व्यापक दृष्टि से इन जातियों के इतिहास का केवल अनुमान ही किया जा सकता है। वास्तविक जनसंख्या के निर्माण में इन समस्त तत्वों में से प्रत्येक ने जो भाग लिया है वह संदेहास्पद है, विशेषतया जब व्यावहारिक रूप से समस्त क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के व्यक्ति पाये जाते हैं। वर्णव्यवस्था के कारण विस्तार अत्यन्त गूढ तथा विवादपूर्ण है। कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां पर शुद्ध प्रकार की जाति पाई जाती हो। अधिक व्यापक दृष्टि से हम निम्नांकित भेदों को देखते हैं.—

१—उत्तरी-पश्चिमी प्रदेशों में मूल-नार्डिक नस्ल जो भूमध्यसागर तथा पूर्वी नस्ल के साथ ही साथ पाई जाती है।

२—प्रायद्वीप की एक मुख्य दीर्घकापालिक नस्ल।

३—इस बाद वाली नस्ल के आस पास पश्चिम तथा पूर्व की वृत्तकापालिक नस्ल।

४—कुछ विभिन्न तत्व जो अंशतः आदिम तथा अंशतः मंगोल नस्ल के हैं।

५—मिश्रित तत्वों का एक समुदाय।

भारतवर्ष की भाषायें

भारतवर्ष अन्य धर्मों तथा देवताओं के साथ ही साथ विभिन्न श्रेणियों की भाषाओं या बोलियों से भी परिपूर्ण है जो इस पवित्र तथा विस्तृत भूमि में उच्चरित होती हैं।

विशेषतया पर्वतीय प्रदेशों में जहाँ असभ्य जातियाँ हैं, इतना विभिन्न प्रकार की बोलियाँ पाई जाती हैं कि यह कहना अत्यन्त कठिन है कि वे पृथक् भाषायें अथवा विशद व्याख्यापूर्ण बोलियाँ हैं या किसी अन्य प्रकार के भिन्न भिन्न रूप हैं। मैदानों में आत्मीकरण की रीति के फलस्वरूप अधिक महत्वपूर्ण भाषाओं का विस्तार होता है और बहुत सी बोलियाँ, जो साधारणतया प्रान्तों तथा जिलों तक सीमित रहती हैं, एक व्यापक रूप के अन्तर्गत आ जाती हैं। किन्तु बम्बई तथा कलकत्ता जैसे विशाल नगरों में बहुधा ऐसे व्यक्ति मिलते हैं, जो बिना किसी कठिनाई के साधारण तथा दो तीन भाषायें बोल सकते हैं तथा बहुत से ऐसे शिक्षित व्यक्ति भी मिलते हैं जो सरलतापूर्वक शुद्ध रीति से कई बोलियों में अपने हृदय के विचारों को प्रकट कर सकते हैं।

परन्तु इस विस्तृत भाषा क्षेत्र का वैज्ञानिक अनुसंधान तथा तुलनात्मक अध्ययन अब भी अपूर्ण दशा में है, यद्यपि गत वर्ष में व्यापक अथवा विशद आधार पर अमूल्य अन्वेषण हुये हैं। इस सम्बन्ध में जान विल्सन, मैक्समुलर, जार्ज कैम्पबेल क्राफर्ड, मार्सडेन, काल्डवल, लैथम, बनल, बीम्स, कस्ट, ग्रियर्सन आदि पाश्चात्य विद्वान तथा डा० सुनीति कुमार चटर्जी, डा० बाबूराम सक्सेना, श्री मंगलदेव शास्त्री, डा० धीरेन्द्र वर्मा आदि भारतीय विद्वान धन्यवाद के पात्र हैं।

वे विद्वान जो अधिक समय तक संस्कृत भाषा तथा उसके साहित्य के अध्ययन में लीन रहे, उनके पास या तो देशी भाषाओं के विश्लेषण के लिए समय न था अथवा उन्होंने उन पर कदाचित् ध्यान देना उचित न समझा। आरम्भ के धर्म प्रचारक नियमानुसार अपने मंडल का सर्वमान्य भाषा सीखते थे जहाँ तक वह उनके धर्मप्रचार के कार्य में आवश्यक होती थी।

गत पचास वर्षों से तथा विशेषतया हाल के वर्षों में अधिक महत्वपूर्ण जीवित भाषाओं का अध्ययन तथा सुधार शीघ्रता से बढ़ गया है। सर्वत्र शिक्षित देशी भाषाओं की संख्यायें हैं तथा प्रति वर्ष बहुसंख्यक सामयिक पत्रों तथा पत्रिकाओं के अतिरिक्त विभिन्न देशी भाषाओं की लिपि में अनेक पुस्तकें प्रकाशित होती हैं।

अतः यह आश्चर्यजनक बात नहीं है कि अभी तक न तो भारत की भाषाओं की वास्तविक संख्या निर्धारित करने के लिए कोई वैज्ञानिक ढंग से अनुसंधान हो पाया है, न भारतीय भाषा क्षेत्रों की सीमाओं के विषय में ही मतैक्य है जो वास्तव में भारत की भौगोलिक तथा राजनैतिक सीमाओं से बहुत कुछ भिन्न है।

'सर जार्ज ग्रियर्सन' ने बहुत ही हाल के एक प्रकाशन* में १९०१ की ब्रिटिश भारतीय जनगणना के आधार पर, जिसमें इनका एक अध्याय भारतीय

---

* The Languages of India and the Census of 1901

भाषाओं पर है, पूर्ण संख्या की गणना १४७ की है। इसमें दो अदन में बोली जाने वाली [सार्मी और हामी] भाषायें भी सम्मिलित हैं। उक्त विद्वान ने सीलोन की भाषाओं [सिंहली तथा द्वीप के आदिम निवासी वेड्डों की भाषा] को तथा देश के अस्थायी यात्रियों की भाषाओं का बहिष्कार कर दिया है। मलय भाषा-परिवार से उन्होंने केवल दो [सिलॅग तथा निकोबारी] को सम्मिलित किया है तथा कोंकणी को मराठी भाषा की एक बोली बना दिया है।

जार्ज ग्रियर्सन के भाषाविज्ञान सम्बन्धी सर्वे* से भाषाओं के अध्ययन में बड़ी सहायता मिली है किन्तु यह सर्वे अब बहुत पुराना हो गया है। तब से अब तक देश में बहुत से परिवर्तन हो गये हैं। अत. वैज्ञानिक ढंग पर इस प्रकार के सर्वे की पुनः आवश्यकता है।

भारोपीय परिवार

तथा

भारतीय-आर्य भाषायें

संसार के समस्त भाषा परिवारों में इस भारोपीय परिवार का उच्च स्थान है। भाषाओं के उच्चारण करने वालों की संख्या, साहित्य तथा क्षेत्र विस्तार आदि पर आलोचनात्मक दृष्टिपात करने से यह बात पूर्णतया स्पष्ट हो जाती है। इस परिवार की भाषायें केवल हमारे देश के अधिकांश स्थलों में ही नहीं वरन् ईरान, आर्मीनिया, प्राय. सम्पूर्ण यूरोप, अमेरिका महाद्वीप, अफ्रीका के दक्षिणी पश्चिमी प्रदेशों में तथा आस्ट्रेलिया महाद्वीप में बोली जाती हैं। डा० बाबूराम सक्सेना** के मतानुसार इसी परिवार की मुख्य भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन करके ही भाषा विज्ञान का सूत्रपात हुआ।

नाम—सर्व प्रथम इस परिवार को 'इंडो जर्मनिक' नाम से पुकारा गया। जर्मन विद्वानों ने देखा कि परस्पर एक सूत्र में आबद्ध अनेक भाषायें एक ओर तो भारत

(Asiatic Society Quarterly Review--April 1904

*Linguistic Survey of India

**सामान्य भाषाविज्ञान—पृष्ठ २२०

के पूर्व म श्रौर दूसरी श्रोर जर्मनी क पश्चिमी प्रदेशों म बोली जाती हैं [जर्मनी के पश्चिमी देशों की भाषायें श्रग्रेजी, डच श्रादि वास्तव मे जर्मनी शाखा के ही श्रन्तर्गत हैं] । श्रत उन्होंने यह देख कर 'इडो जर्मनिक' नाम रख दिया । श्रायर्लैंड तथा वेल्स देशों की केल्टिक शाखा की भाषायें जर्मनी शाखा के श्रन्तर्गत नहीं श्राती हैं। इस परिवार की प्रधान भाषा सस्कृत मान कर कुछ विद्वानों ने इसका 'सस्कृतिक' नाम रखने का विचार किया किन्तु तत्पश्चात उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि सस्कृत भाषा समस्त भाषाश्रों का मूल स्रोत नहीं है। इजीली सम्प्रदाय क श्रनुसार सामी, हामी परिवारों क श्राधार पर हजरत नोह क तृतीय पुत्र जैफ के नाम पर इस परिवार का नाम 'जैफाइट' रखने का विचार किया गया, किंतु यह सिद्धान्त मा स्थिर न रह सका । श्रन्त म 'श्रार्य' तथा 'इन्डो यूरोपियन' ये दो नाम प्रस्तुत किये गये, किन्तु जैसा कि यूरोपीय विद्वानो का कथन है 'श्रार्य' शब्द का प्रयोग इस परिवार की हिन्द इरानी शाखा क लिये श्रधिक उचित है। श्रत 'इडो-यूरोपीय' श्रथवा 'भारोपीय' नाम श्रधिक श्रेयस्कर है।

वर्तमान भारोपीय भाषायें क्रमानुसार निम्नलिखित दस शाखाश्रो म विभक्त हो सकती हैं —

१—हिन्द इरानी श्रथवा श्रार्य जिसक तीन समुदाय हैं —

श्र—इडिक, भारतीय श्रथवा भारतीय श्रार्य समुदाय जिसम वैदिक तथा लौकिक सस्कृत, प्रारम्भिक शिला-लेखों की प्राचीन प्राकृत भाषायें, पाली, प्राचीन श्रवशिष्ट लेखों तथा वर्तमान साहित्य की श्रन्य प्राकृत भाषायें तथा श्रपभ्रंश, भारत की श्राधुनिक (देशी) श्रार्य भाषायें, एलु श्रथवा प्राचीन सिंहली तथा श्राधुनिक सिंहली, श्रौर श्रार्मेनिया, सीरिया, टर्की तथा यूरोप की रूमानी भाषायें ।

ब—दरदी श्रथवा पिशाच भाषायें इनका क्षेत्र भारत का पश्चिमोत्तर सीमान्त प्रदेश है । इनकी तीन उप शाखायें हैं—

(क) काफ़िर वर्ग बशगली, वइ श्रला, वर्गी वेरि श्रथवा प्रेसुन, कलशे, गवर बती श्रौर पशेइ ।

(ख) खोवार श्रथवा चित्राली श्रौर

(ग) शीणा कोह्णा विशिष्ट (७ बोलियाँ), को हिन्दुस्तानी (३ बोलियाँ) तथा काश्मीरी ।

स—इरानी शाखा जिसम श्रवस्ता तथा प्राचीन फारसी स श्रारम्भ करक श्रौर काले सागर स मध्य एशिया तक विस्तृत बहुत सी प्राचीन तथा श्राधुनिक प्रतिनिधि भाषाये हैं। विभिन्न इरानी भाषाश्रों का सम्बन्ध निम्नांकित विभाजन से प्रतीत होता है —

(डा० सुनीति कुमार चटर्जी—दी ओरिजिन एण्ड डेवेलपमेंट ऑफ दी बंगाली लैंगुवेज—भाग प्रथम—भूमिका)

नोट:—पारसिक की अपेक्षा अन्य उप-समुदाय प्राय: 'अपारसीक' के अर्थ में 'मेडिक' के अंतर्गत विभक्त किये जाते हैं।

२. आमानी शाखा,
३. बाल्टी स्लावी शाखा,
४. अल्बानी शाखा,
५. यूनानी शाखा,
६. इटाली शाखा,
७ केल्टी शाखा,
८. जर्मनी अथवा ट्यूटानी शाखा।
६. तोखारी
१०. हित्ती

उपर्युक्त दस शाखाओं के अतिरिक्त जिनकी भाषायें वर्तमान हैं बहुत सी अन्य भाषायें यूरोप तथा एशिया में थीं जिनका अब लोप हो गया है तथा जो भारोपीय परिवार की थीं जैसे इटली की लिगूरी, ऐपिजी, मैसैपी तथा वेनेटी भाषायें, डैशी तथा थ्रेशी भाषायें और प्राचीन एशिया माइनर की फ्रिजी भाषा जो थ्रेशी भाषा से सम्बद्ध थी तथा कुछ विद्वान उसका सम्बन्ध आर्मीनी से बताते हैं। अभी हाल के वर्षों में चीनी तुर्किस्तान से, बौद्ध तथा अन्य ग्रन्थों से अनुसन्धानों द्वारा भारतीय ब्राह्मी लिपि में एक भाषा मिली है जो बहुत काल तक तारिम घाटी में प्रचलित रही। इसका कुची अथवा तोखारी नाम दिया गया है और यह भारोपीय परिवार शाखा के अन्तर्गत बताई जाती है। यह भारोपीय परिवार की पूर्वी भाषाओं की अपेक्षा पश्चिमी भाषाओं (केल्टी, इटाली तथा स्लावी और आर्मीनी) से अधिक समानता रखती है।

भारतीय आर्य शाखा की विभिन्न भाषाओं तथा बोलियों का पारस्परिक सम्बन्ध आगे के पृष्ठ की सूची के द्वारा प्रकट किया जा सकता है जो जिआर्ज ग्रियर्सन' के 'लिंग्विस्टिक सर्वे आफ इन्डिया' के आधार पर है। यह सूची केवल भारत की आर्य भाषाओं के विकास की साधारण धाराओं की ओर ही संकेत करती है। भौगोलिक चित्रों तथा विस्तृत वर्णनों के लिये उपरोक्त ग्रन्थ ही प्रमाण है।

नितान्त पश्चिमोत्तर से आरम्भ करने पर हम दरदी भाषायें पाते हैं जो यद्यपि भारतीय आर्य परिवार के अन्तर्गत नहीं हैं किन्तु इस सम्बन्ध में विचारणीय हैं। ये भाषायें काश्मीर की घाटी तथा काश्मीर के उत्तर तथा पश्चिमोत्तर में अर्थात् दर्दिस्तान (गिल्गिट आदि), चितराल तथा काफिरिस्तान, जिसका पश्चिमोत्तर सीमान्त हिन्दूकुश है, बोली जाती हैं। दरदी भाषाओं अथवा इसी समुदाय की प्राचीन बोलियों ने पश्चिम तथा पश्चिमोत्तर के भारतीय आर्य परिवार की बोलियों को

[पश्चिमी पंजाबी, (लहँदी) तथा सिंधी जिसके लाक्षणिक उदाहरण हैं] प्रभावित किया। काश्मीरी के अतिरिक्त दरदी भाषायें यद्यपि भाषाविज्ञान के अनुसार आवश्यक हैं, किन्तु उनका कोई उच्च स्थान नहीं है। उनके बोलने वालों की संख्या बीस लाख से अधिक नहीं है, जिनमें से एक लाख तो काश्मीरी भाषा बोलने वाले ही व्यक्ति हैं। काश्मीरी के अतिरिक्त आजतक की दरदी भाषाओं में कभी संशोधन नहीं हुआ और वे केवल उन्नीसवीं शताब्दी में प्रचलित हुईं। अतः उनके प्रारम्भिक युग के कोई भी चिन्ह उपलब्ध नहीं हैं। बहुत ही आरम्भ काल से काश्मीर सांस्कृतिक, धार्मिक तथा राजनैतिक क्षेत्र में भारतीय आर्य के भूभाग का एक अंग था जबकि दरदी भाषाओं के अन्य स्थल दुर्गम होने के कारण, कभी पूर्णतया भारतीय प्रभाव तथा संगठन में नहीं लाये गये जिसके फलस्वरूप वहाँ के लोगों ने प्रारम्भिक नियमों को ही कायम रखा। सर्वप्रथम काश्मीरी भाषा संस्कृतिक तथा भारतीय आर्य समुदाय की ही भाषा मानी जाती थी, क्योंकि इसमें भारतीय आर्य परिवार सम्बन्धी बहुत से तत्व पाये जाते हैं किन्तु इसकी दरदी समानतायें अब पूर्णरूप से स्थापित कर दी गई हैं।*

भारतीय आर्य भाषायें

समस्त भारतीय आर्य भाषाओं की ध्वनि, पदरचना आदि पर विचार करते हुए उनके इतिहास को सुविधानुसार तीन कालों में विभक्त किया जा सकता है —

१—प्राचीन युग जबकि भाषा ध्वनि तथा रूप दोनों के अनुसार बहुत ही जटिल तथा क्लिष्ट थी।

२—मध्य युग जबकि प्राचीन उच्चारणों को सरल करने तथा व्याकरणिक रूपों को संक्षिप्त करने की ओर प्रवृत्ति थी। इसको भी तीन कालों में विभक्त किया जा सकता है—आदि, मध्य तथा उत्तर तथा इसके आदि और मध्य काल के बीच में एक सन्धिकाल (Transitional period) आता है।

३—वर्तमान युग जबकि मध्य युग की सरलीकरण की प्रवृत्तियों का विकास हो गया था, प्राचीन विभक्तियों की अवस्था इतनी परिवर्तित हो चुकी थी कि वे साधारण रूपों में रह गई थीं, व्याकरण का अनेक नवीन सहायक शब्दों को निर्मित करके बढ़ाना आवश्यक हो गया था जिसके फलस्वरूप भाषा के सम्पूर्ण विधान ने परिवर्तित होकर आधुनिक देशी भाषाओं को जन्म दिया।

भाषा के इतिहास के विषय में कोई भी निश्चित तिथि नहीं प्रस्तुत की जा

* Grierson Linguistic classification of Kashmiri I Art 1915 p 270

[पश्चिमी पंजाबी, (लहँदी) तथा सिंधी जिसके लाक्षणिक उदाहरण हैं] प्रभावित किया। काश्मीरी के अतिरिक्त दरदी भाषायें यद्यपि भाषाविज्ञान के अनुसार आवश्यक हैं, किन्तु उनका कोई उच्च स्थान नहीं है। उनके बोलने वालों की संख्या बीस लाख से अधिक नहीं है, जिनमें से एक लाख तो काश्मीरी भाषा बोलने वाले ही व्यक्ति हैं। काश्मीरी के अतिरिक्त आजकल की दरदी भाषाओं में कभी संशोधन नहीं हुआ और वे केवल उन्नीसवीं शताब्दी में प्रचलित हुईं। अतः उनके प्रारम्भिक युग के कोई भी चिन्ह उपलब्ध नहीं हैं। बहुत ही आरम्भ काल से काश्मीर सांस्कृतिक, धार्मिक तथा राजनैतिक क्षेत्र में भारतीय आर्य के भूभाग का एक अंग था जबकि दरदी भाषाओं के अन्य स्थल दुर्गम होने के कारण, कभी पूर्णतया भारतीय प्रभाव तथा संगठन में नहीं लाये गये जिसके फलस्वरूप वहाँ के लोगों ने प्रारम्भिक नियमों को ही कायम रखा। सर्वप्रथम काश्मीरी भाषा संस्कृतिक तथा भारतीय आर्य समुदाय की ही भाषा मानी जाती थी, क्योंकि इसमें भारतीय आर्य परिवार सम्बन्धी बहुत से तत्व पाये जाते हैं किन्तु इसकी दरदी समानतायें अब पूर्णरूप से स्थापित कर दी गई हैं।*

भारतीय आर्य भाषायें

समस्त भारतीय आर्य भाषाओं का ध्वनि, पदरचना आदि पर विचार करते हुए उनके इतिहास को सुविधानुसार तीन कालों में विभक्त किया जा सकता है —

१—प्राचीन युग जबकि भाषा ध्वनि तथा रूप दोनों के अनुसार बहुत ही जटिल तथा क्लिष्ट था।

२—मध्य युग जबकि प्राचीन व्यञ्जनों को सरल करने तथा व्याकरणिक रूपों को संक्षिप्त करने की ओर प्रवृत्ति थी। इसे भी तीन कालों में विभक्त किया जा सकता है—आदि, मध्य तथा उत्तर तथा इसके आदि और मध्य काल के बीच में एक संक्रान्तिकाल (Transitional period) आता है।

३—वर्तमान युग जबकि मध्य युग की सरलीकरण की प्रवृत्तियों का विकास हो गया था, प्राचीन विभक्तियों की अवस्था और भी परिवर्तित होते होते थोड़े से साधारण रूपों में रह गई थी, व्याकरण का अभाव तथा सहायक शब्दों का निश्चित क्रम बढ़ाना आवश्यक हो गया था जिसके फलस्वरूप भाषा ने सम्पूर्ण वेश न परिवर्तित करके आधुनिक देशी भाषाओं को जन्म दिया।

भाषा के इतिहास के प्रारम्भ में कोई भी निश्चित तिथि नहीं प्रस्तुत की जा

* Grierson Linguistic classification of Kashmiri I Art 1915 p 270

मन्त्रों किन्तु वेदमन्त्रों के रचनाकाल से (१५०० ई० पू० / से १२०० ई० पू० तक ?) —गौतम बुद्ध के ठीक पूर्व के समय तक (५५७ ४७७ ई० पू०) तक प्राचीन युग का काल माना गया है। मध्य युग का समय ईसा के ६०० वर्ष पूर्व से लेकर लगभग ईसा के १००० वर्ष पश्चात् तक कहा गया है जिसमें ६०० से २०० ई० पूर्व तक प्रथम अथवा आदिकाल, ई० पू० २०० से २० ई० पश्चात् तक सन्धिकाल, ईसा के २०० वर्ष पश्चात् से ५०० अथवा ६०० वर्ष पश्चात् तक मध्य युग का द्वितीय काल तथा ६०० ई० से १०१० ई० तक मध्य युग का तृतीय अथवा उत्तर काल माना गया है। ईसा के १००० वर्ष पश्चात् आरम्भ की कुछ शताब्दियों तक वर्तमान युग का प्राचीन काल कहा जा सकता है जिसमें वर्तमान भारतीय आर्य भाषाओं का प्रवेश हुआ।

इन भारतीय आर्य भाषाओं को निम्नलिखित तीन युगों में विभक्त किया जा सकता है —

१— प्राचीन भारतीय आर्य युग इसके अन्तर्गत वैदिक तथा लौकिक दोनों भाग आते हैं।

ध्वनि परिवर्तन ऋ, ऌ, ऐ, औ, तथा व्यञ्जन पूर्ण रूप से प्रचलित अंतिम व्यञ्जन (अघोष स्पर्श, विसर्ग, कुछ अनुनासिक) व्यञ्जनों के संयुक्त रूप जैसे क्ष, क्ल, म, द्द, ष, स्म, क्ष, र्त, र्क इत्यादि पूर्ण शक्ति में धातु ज्ञान लगभग आरम्भ की दशाओं में पूर्ण रूप से विद्यमान।

पद रचना शब्द रूप-जटिल व्यवस्था, धातु संज्ञायें स्वरान्त तथा व्यञ्जनान्त धातु से निर्मित संज्ञायें, तीन लिंग, तीन वचन आठ कारक पुलिंग, स्त्रीलिंग तथा नपुंसक लिंग के लिये विशेष प्रत्यय तथा सर्वनाम के विशेष रूप। धातुरूप कालों की कठिन व्यवस्था (वर्तमान अनद्यतनभूत, सामान्य भूत, परोक्ष भूत तथा पूर्ण भूत, भविष्य तथा क्रियातिपत्ति) वृत्तियाँ [सामान्य, संशयार्थ सूचक, इच्छा सूचक आज्ञा सूचक], कृदन्त [वर्तमानकालिक, सामान्य भूत कालिक भविष्यत्कालिक]- परस्मैपदी तथा आत्मनेपदी धातुयें जो दस गणों में विभक्त थीं, दो धात्वन्य जिनमें से कर्मवाच्य के कुछ विशेष रूप [वर्तमान काल तीन पुरुष, एक वचन, सामान्य भूत, धातुओं के णिजन्त, सन्नन्त आदि रूप, कर्मवाच्य कृदन्त, क्रियात्मक संज्ञायें (तुमन्त) तथा सकर्मक क्रियात्मक संज्ञायें और कृदन्त अव्यय।

वाक्य विन्यास—आरम्भ में क्रियाओं का भूतकाल के कई भेदों तथा संशयार्थ सूचक वृत्ति में विस्तृत उपयोग, अव्ययों की स्थिति अनिश्चित, शब्दों का क्रम स्थान।

उत्तरकालीन मध्य युग की भाषाओं पर संस्कृत भाषा का प्रभाव पड़ता रहा है। समस्त प्राकृत तथा आधुनिक भाषायें संस्कृत के शब्द भंडार से शब्दों को ग्रहण करती रही हैं। इसका प्रभाव विदेशी भाषाओं पर भी पड़ा।

२ – मध्य भारतीय आर्ययुग

(अ) आदि काल—[अशोकी प्राकृत तथा पाली भाषायें]।

ध्वनि— ऋ, लृ का लोप हो गया, ऐ, औ तथा अय, अव > ए, ओ, समीकरण आदि के द्वारा संयुक्त व्यंजनों [क्त, द्द, त्त, त्त आदि] का सरल हो जाना, पदान्त व्यंजनों तथा विसर्ग का लोप, श, ष, स का केवल एक रूप स अथवा श, पूर्व के स्वतन्त्र सुर के स्थान पर एक निश्चित स्वराघात।

पदरचना—पद व्यवस्था अत्यन्त सरल हो गई–द्विवचन का लोप, चतुर्थी विभक्ति का षष्ठी विभक्ति में मिल जाना, सर्वनाम के रूपों का संज्ञा के रूपों में विस्तार। धातुप्रक्रिया–आज्ञासूचक तथा इच्छासूचक वृत्तियाँ रहती हैं किन्तु संशयार्थ सूचक का लोप हो जाना है जो अत्यन्त कम दशाओं में प्राप्त होती है, परोक्षभूत का प्रयोग कम तथा केवल कुछ ही क्रियाओं तक सीमित, सामान्य भूत तथा अनद्यतनभूत एक साथ ही आते हैं और बहुत कम प्रयुक्त होते हैं, क्रियात्मक संज्ञायें तथा सकर्मक क्रियात्मक संज्ञायें कम हो जाती हैं किन्तु अधिक प्रयुक्त होती हैं, भूत काल के लिये कर्म वाच्य कृदन्त का अधिक विस्तृत प्रयोग।

पाली भाषा को सिंहलद्वीपी लोग मागधी कहते हैं। यूरोपीय विद्वानों ने पाली शब्द का प्रयोग किया है और यही श्रेयस्कर है क्योंकि मागधी शब्द का प्रयोग मागधी प्राकृत के लिये सीमित रखना आवश्यक है। पाली शब्द का आरम्भ में अशोकी प्राकृत के लिये भी प्रयोग किया गया था किन्तु अब यह हीनयान बौद्ध धर्म के धर्म ग्रन्थों की भाषा के लिये ही काम में आता है। पाली में कुछ लक्षण ऐसे हैं जिनसे इसका विकास उत्तरकालीन संस्कृति की अपेक्षा वैदिक संस्कृत और तत्कालीन बोलियों से मानना अधिक उचित है।

अशोकी प्राकृत–सम्राट अशोक ने अपने शासन काल के विभिन्न संवत्सरों में स्थान स्थान पर स्तम्भों, चट्टानों, गुफाओं आदि में धर्म प्रचारार्थ बहुत से लेख खुद / वाये। ये भारत की समस्त दिशाओं और कोनों में प्राप्त होते हैं। इनकी भाषा का समष्टिरूप से नाम अशोकी प्राकृत है। सूक्ष्म अध्ययन द्वारा विदित होता है कि इनमें उत्तरी पश्चिमी [शाहबाज गढ़ी, मनसेहरा], पश्चिमी [गिरनार], मध्य देशी, पूर्वी [कालसी, धौली जोगड] बोलियाँ हैं और साथ ही साथ दक्षिणी भी। अनुमान

यह है कि राजधानी से अर्धमागधी के किसी रूप में लेख सब प्रान्तों में भेजा जाता था और प्रान्त की बोली के अनुरूप उसमें परिवर्तन कर लिये जाते थे।

(ब) सन्धिकाल—(आरम्भ के शिलालेखों की प्राकृतें-खरोष्ठी तथा ब्राह्मी)—इस काल में मुख्यतया केवल ध्वनि में परिवर्तन हुआ। एकाकी अन्तर्वर्ती सम्बन्धी अघोष स्पर्श तथा निसर्ग सघोष हो गये और प्रारम्भिक सघोष स्पर्शों तथा निसर्गों के साथ आये, ड (ढ) के अतिरिक्त य प्रयत्न व्यंजन हो गये और इनका अगले युग में पूर्णतया लोप हो गया।

(स) मध्य युग का द्वितीय काल—अथवा मध्यकाल (नाटकों की प्राकृतें-शौरसेनी, माहाराष्ट्री, मागधी तथा जैन अर्ध मागधी)

ध्वनि—दो स्वरों के बीच क-स्पर्श का प्राय लोप होना मध्यकाल की विशेषता है—(काक >काआ, कति >कइ, पृष >पुओ)। प्रो० सुनीतिकुमार चटर्जी का विचार है कि व्यंजन का यह ह्रास पहले अघोष से सघोष (क् >ग्), फिर सघोष से सघर्षी (ग् >ग़्) और तब लोप की अवस्थाओं द्वारा आया है।

पदरचना—साधारणीकरण में और उन्नति हुई किंतु पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग के रूप स्थिर रहे। धातुप्रक्रिया—भूतकाल का बोध कराने के लिए कर्मवाच्य कृदन्त के प्रयोग की रीति हो जाती है। बहुत सी क्रियात्मक संज्ञाओं तथा कृदन्त के रूप हो जाते हैं।

वाक्य विन्यास—शब्दों का क्रम बहुत ही स्थायी हो गया।

शौरसेनी—यह संस्कृत के नाटकों में स्त्रीपात्रों तथा मध्य वर्ग के पुरुषों की भाषा रही है। इससे ज्ञात होता है कि अन्य प्राकृतों की अपेक्षा शौरसेनी का प्रसार अधिक विस्तृत क्षेत्र में था।

माहाराष्ट्री—यह भाषा, काव्य तथा विशेषकर गीतिकाव्यों की भाषा थी। संस्कृत के नाटकों में प्राकृत का पद्य भाग माहाराष्ट्री में मिलता है।

मागधी—नाटकों के विशेषकर नीच पात्रों की भाषा यही मानी गई है। यह मगध जन पद की भाषा थी।

अर्ध-मागधी—इसकी स्थिति शौरसेनी तथा मागधी के मध्य की मानी गई है। यह मुख्यतया जैन आदि धार्मिक साहित्य में काम आती है।

इन प्रधान प्राकृतों के अतिरिक्त नाटकों में यत्र-तत्र अन्य प्राकृतों के कुछ अवतरण प्राप्त होते हैं। 'मृच्छकटिक' में शाकारी, ढक्की और अन्यत्र शाबरी तथा

चाण्डाली उप भाषायें पाई जाती हैं। ये मागधी की उपभाषाओं के रूप में मानी जाती हैं।

(द) मध्य युग का तृतीय अथवा उत्तरकाल [अपभ्रंश] [उदाहरण—पश्चिमी अथवा शौरसेनी अपभ्रंश]

ध्वनि—पदान्त स्वरों का ह्रस्व होना। आ > अ, ए, ओ > इ, उ, बहुत सी बोलियों में पूर्व के युगों के स, स्स, > ह स्वरों का अनुनासिकत्व आरम्भ होता है।

पदरचना—शब्द के अन्त का दीर्घ स्वर ह्रस्व हो गया [सेना > सेण, मानिनी > माणिणि]। संज्ञा तथा क्रिया के रूपों की जटिलता और भी कम हो गई। प्रथमा और द्वितीया विभक्तियों के रूपों में निकटतम सम्बन्ध स्थापित हो गया [पुत्तु एक व० पुत्त बहु व०], इसी प्रकार षष्ठी और सप्तमी के एकवचन में [षष्ठी–पुत्तह ए० व० पुत्तहँ ब० व० सं०, पुत्तहि]। क्रिया में भी प्राय: वर्तमान काल (लट्) सामान्य भविष्य (लृट्), आज्ञा (लोट्) के ही रूप प्राप्त होते हैं।

३—वर्तमान भारतीय आर्य युग—इसके पुरातन काल की सर्वमान्य विशेषतायें:-

ध्वनि—पूर्व के द्वित्व व्यंजनों का एकत्व होना तथा पहले के स्वर का दीर्घ हो जाना-केवल पश्चिमोत्तर तथा पश्चिमी भागों को छोड़कर।

पदरचना—स्त्रीलिंग का भेद, नवीन उपकरणों के द्वारा बहुवचन का निर्माण [अशिष्ट, षष्ठी का प्रयोग आदि], क्रिया के अर्थों की सूक्ष्मता अब संयुक्त क्रियाओं द्वारा व्यक्त होने लगी। प्राचीन युग की तकारों का प्रयोग उत्तरोत्तर न्यून होता गया।

वाक्य विन्यास—संयुक्त क्रिया के निर्माण अब स्थायी हो गये। इस प्रकार प्राचीन युग के रूप भेद की जटिलता बहुत कुछ समाप्त हो गई और हिन्दी आदि आधुनिक आर्य भाषायें श्लिष्ट अवस्था से व्यवहितावस्था की ओर प्रवृत्त हुईं। विभिन्नता केवल मुख्यतया लिपि भेद के कारण प्रतीत होती है।

पश्चिमी पंजाबी अथवा लहँदी—जिसके और भी विभिन्न नाम हैं जैसे हिन्दकी, जटकी, मुल्तानी, भिभाली, पाठयारी आदि। यह उन बोलियों का समुदाय है जो पश्चिमी पंजाब के पचास लाख व्यक्तियों में प्रचलित है जो व्यक्ति साहित्यिक कार्यों के लिये उर्दू तथा कुछ अंश तक हिन्दी और पूर्वी पंजाबी का प्रयोग करते हैं। पश्चिमी पंजाबी भाषा में अधिक साहित्य नहीं उपलब्ध है सिवाय केवल सिक्खों के कुछ गद्य ग्रन्थों के जैसे जन्म साखी तथा कुछ सर्वमान्य गीत आदि, जिनकी भाषा बहुधा पूर्वी भाषा के रूपों से मिश्रित रहती है। पश्चिमी पंजाबी लिखने की

स्थानीय व्यवस्था तथा लंडा, जो शारदा का एक भेद है, तुलनात्मक दृष्टि से कम प्रयुक्त होती है। साधारणतया भाषा के लिखने में फ़ारसी भाषा के अक्षरों का प्रयोग किया जाता है।

पूर्वी पंजाबी अथवा पंजाबी (१९११ की जनगणना के अनुसार) लगभग १ करोड़ ६० लाख व्यक्तियों की भाषा है। यह बोली सर्वमान्य पंजाबी भाषा का एक रूप है, जो पश्चिमी हिन्दी क्षेत्र के पश्चिम से पश्तो के क्षेत्र तक विस्तृत है। अन्तर केवल इतना है कि आरम्भ काल से यह गंगा नदी के पश्चिमी क्षेत्र की मध्य की भाषा से प्रभावित रही है। पूर्वी पंजाबी की विभिन्न बोलियाँ हैं जिनका प्रसिद्ध रूप डोगरी है तथा जो जम्मू राज्य तथा कांगड़ा जिले में बोली जाती है। इसमें थोड़ी सी साहित्यिक संस्कृति है जिसके प्राचीनतम वर्तमान चिन्ह सोलहवीं शताब्दी की कुछ सिक्खों की स्तुतियाँ हैं। आजकल सिक्ख लोग साहित्यिक कार्यों के लिये कुछ हद तक पूर्वी पंजाबी का प्रयोग करते हैं जिसके लिये गुरुमुखी लिपि को काम में लाते हैं, जो लंडा की ही एक विशुद्ध आकृति है। किन्तु पूर्वी पंजाबी के वक्ताओं में हिन्दुस्तानी ही प्रभावशाली भाषा रही है। कभी कभी पूर्वी पंजाबी को लिखने के लिये फारसी लिपि का भी प्रयोग किया जाता है।

सिन्धी—यह सिन्धु नदी की निचली घाटी तथा कच्छ की भाषा है और लगभग ३५ लाख से कुछ ऊपर के व्यक्तियों द्वारा बोली जाती है। इसकी पाँच बोलियाँ हैं—विचोली, सिरैकी, लाड़ी, थरेली तथा कच्छी। सिन्धी भाषा फारसी-अरबी अक्षरों के एक कठिन रूप में लिखी जाती हैं किन्तु लंडा अक्षर व्यापारियों में प्रचलित हैं तथा कभी कभी गुरुमुखी का भी प्रयोग होता है। व्याकरण के रूपों में सिन्धी भाषा में अनेक अप्रचलित विशेषतायें हैं। ध्वनि विज्ञान के अनुसार इसमें चार अपूर्व ध्वनियाँ—आर्य, द्राविड़ी, कोल तथा तिब्बती-चीनी हैं जो किसी अन्य भारतीय भाषा में नहीं प्राप्त होती हैं। ध्वनि तथा पद-रचना में सिन्धी तथा पंजाबी (पश्चिमी और पूर्वी) में समानता के चिन्ह हैं। सिन्धी में गीतिकाव्यों, गद्य-आख्यानों तथा फ़ारसी की शैली के आधार पर लिखे गये कुछ लेखों का संकुचित साहित्य है।

राजस्थानी समुदाय की बोलियाँ [मारवाड़ी, जयपुरी, मेवाती, मालवी आदि] लगभग १ करोड़ ४० लाख से ऊपर जनसंख्या द्वारा बोली जाती हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि गुजराती के साथ मिश्रित होकर ये भारतीय-आर्य परिवार की एक पृथक शाखा बनाती हैं जिसका आधार प्राचीन युग की भारतीय आर्य की बोली [अथवा बोलियाँ] हैं, जो मालवा तथा गुजरात में प्रचलित हैं तथा मध्य देश

की शौरसेनी नामक समीपवर्ती बोली के सम्पर्क में आकर परिष्कृत हो गई हैं। ये बोलियाँ ५०० ई० में कुछ सीमा तक गुर्जर जातियों की भाषा [सम्भवत. दरदी की उत्पत्ति] द्वारा प्रभावित हुई थी। ये जातियाँ उत्तरी-पश्चिमी प्रदेशों से आकर राजपूताना तथा गुजरात में निवास करके वहाँ शासन करने लगीं।

पहाड़ी अथवा खश बोलियाँ—पहाड़ी बोली की सब से महत्वपूर्ण भाषा खशकुरा है। यह पर्बतिया, गोरखाली अथवा नैपाली के नाम से भी पुकारी जाती है। यद्यपि अन्य पहाड़ी बोलियाँ भाषाविज्ञान की दृष्टि से मनोरंजक हैं किन्तु वे अधिक महत्व की नहीं हैं। खशकुरा के अतिरिक्त, [जिसके बोलने वालों की निश्चित संख्या ज्ञात नहीं है] अन्य पहाड़ी बोलियाँ बीस लाख से कम व्यक्तियों द्वारा उच्चरित होती हैं। खशकुरा भाषा आरम्भ में पश्चिमी नैपाल से विस्तृत हुई और इसके प्राचीनतम चिन्ह अठारहवीं शताब्दी के अन्तिम भाग के पूर्व नहीं मिलते हैं। खशकुरा के पूर्व दक्षिणी पूर्वी नैपाल में मैथिली भाषा प्रचरित होती सी दीखती है। कुछ भी हो, अवधी, मैथिली और बंगाली भाषायें [तिब्बती बर्मी बोलने वाले] नीवारी राजाओं के दरबार में [जो कि गोरखों के पूर्व शासन करते थे] सांस्कृतिक भाषायें थीं, जैसा कि उपर्युक्त भाषाओं में लिखे हुये नैपाल के नाटकों से प्रमाणित होता है। कुमाउनी, गढ़वाली तथा अन्य विभिन्न बोलियाँ पश्चिमी पहाड़ी के अन्तर्गत आती हैं जिनका कोई भी उल्लेखनीय साहित्य नहीं है। मध्य पहाड़ी क्षेत्र में हिन्दी साहित्यिक भाषा निश्चित हो चुकी है।

भारतीय आर्य परिवार की मध्य भाषा पश्चिमी हिन्दी ४ करोड़ १५ लाख से ऊपर के व्यक्तियों द्वारा बोली जाती है। इसके विशेष रूप निम्नलिखित हैं—

ब्रज भाषा—जो बरेली, अलीगढ़, आगरा, मथुरा, धौलपुर, करौली के आस पास बोली जाती है।

कनौजी—जो उत्तरी दोआब अर्थात ब्रजभाषा क्षेत्र के पूर्व में बोली जाती है।

बुन्देली—जो बुन्देलखण्ड तथा मध्य भारत के कुछ भागों में बोली जाती है।

बाँगड़ू अथवा हरियानी—जो दक्षिणी पूर्वी पंजाब प्रदेश में उच्चरित होती है।

अम्बाला से रामपुर तक ब्रजभाषा क्षेत्र के उत्तर की कुछ बोलियाँ हैं जिनके लिए 'देशी हिन्दुस्तानी' नाम प्रयुक्त हुआ है।

हिन्दी तथा उर्दू का मिश्रित रूप ही हिन्दुस्तानी है और पश्चिमी हिन्दी का यह रूप आधुनिक आर्य भारत की महत्वशालिनी भाषा है और इसने देश की समस्त आर्य भाषाओं पर अपना प्रभाव डाला है, यहाँ तक कि कान्य भाषायें

पूर्वी हिन्दी [जो पश्चिमी हिन्दी भाषियों द्वारा पुरबिया कही जाती है] यह तीन बोलियों के समुदाय का नाम है अर्थात अवधी [जिसे कोशली तथा बैसवाड़ी भी कहते हैं] बघेली तथा छत्तीसगढ़ी जो पश्चिमी हिन्दी क्षेत्र के पूर्व में संयुक्त प्रान्त, मध्य भारत तथा मध्य प्रान्त में २ करोड़ २५ लाख व्यक्तियों द्वारा बोली जाती है। बघेली अधिकांशतः अवधी से समानता रखती है किन्तु छत्तीसगढ़ी कुछ बातों में भिन्न है। इसमें से अवधी का साहित्य अत्यन्त विस्तृत तथा महत्वशाली है। बघेली तथा छत्तीसगढ़ी में बहुत कम साहित्य उपलब्ध है, जिसका कुछ अंश प्रकाशित हुआ है।

मराठी—यह दक्षिणी पठार, बम्बई के समुद्र तट, बरार, हैदराबाद तथा मध्य प्रान्त में लगभग दो करोड़ व्यक्तियों की भाषा है। मराठी के अन्तर्गत तीन भाषाओं का समावेश है।

[अ] देशस्थ अथवा देशी [जो दक्षिणी पठार के क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा है]।

[ब] कोंकणी अथवा समुद्र तट की बोलियाँ।

[स] बरहाड़ी—नागपुरी-अथवा पूर्वी बोली। गोआ के आसपास की भाषा को भी कोंकणी कहते हैं और यह मराठी से समानता रखने वाली भाषा है, जो स्वयं अपनी पृथक विशेषतायें रखती है। मराठी के प्राचीनतम चिन्ह शिलालेखों में प्राप्त होते हैं।

पूर्वी अथवा मागधी भाषा—इसके क्षेत्र के पश्चिमान्त की भाषा भोजपुरिया है जो लगभग २ करोड़ ५ लाख व्यक्तियों द्वारा बोली जाती है। यह मिर्जापुर, जौनपुर तथा फैजाबाद नगरों के पूर्व से सोन तथा गंडक नदियों की सीमा पर्यन्त बोली जाती है। मगही ६५ लाख के ऊपर के व्यक्तियों की बोली है जो गया, पटना, मुंगेर, हजारीबाग तथा बंगाल के मल्दह जिले के पश्चिम में दक्षिण बिहार की कुछ जातियों द्वारा बोली जाती है। मैथिली भाषा बिहार प्रान्त में गंगा नदी के उत्तरी भाग तथा मुंगेर, भागलपुर और सन्थाल परगना के जिलों में १ करोड़ से ऊपर के व्यक्तियों द्वारा बोली जाती है। उड़िया लगभग १ करोड़ से ऊपर की जन-संख्या द्वारा बोली जाती है। बंगाल के दक्षिणी पश्चिमी कोने, उड़ीसा, छोटानागपुर के कुछ भाग, मध्य प्रान्त तथा मद्रास प्रेसीडेन्सी का प्रदेश इसका क्षेत्र है। आसामी भाषा १५ लाख जनसंख्या द्वारा आसाम की घाटी में विस्तृत है।

बरार तथा मध्य प्रान्त में कुछ अपूर्ण बोलियाँ प्रचलित हैं जो छत्तीसगढ़ी,

उड़िया और मराठी के मिश्रित रूप हैं। ये उन जातियों द्वारा बोली जाती है जो प्रारम्भ में गोंडी तथा अन्य आर्येतर भाषाओं का उच्चारण करती थीं और एक साथ ही भारतीय आर्य के तीन विभिन्न रूपों से प्रभावित हुई, जिनमें अधिक अन्तर नहीं है। इन बोलियों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण हलबा या हलबी है।

सिंहाली—यह सिंहलद्वीप की विशेषतया दक्षिणी भाग की भाषा है। यह भारत में ईसवी सन् के पूर्व किसी समय, कदाचित सौ दो सौ वर्ष पूर्व लुप्त हो गई। सिंहालीका आदि रूप एळु है(=हेळु< हियळु< सीहळ=सिंहल) जो सिंहाली का अपभ्रंश रूप है।

ग्यूड़ी—जो प्राकृत बोलियों से उद्भूत है और भारत के पश्चिमोत्तर प्रदेश में बोली जाती है तथा यह दरदी भाषाओं से सम्बद्ध है। ग्यू ड़ी जातियों के पूर्वज भारत से ईसा के पांच शताब्दी पूर्व चले गये। इनका प्रथम समुदाय फारस आर्मीनिया तथा बैजन्तादन राज्य में होता हुआ पूरी यूरोप का बारहवीं शताब्दी में गया और वहाँ से पश्चिमी तथा दक्षिणी पश्चिमी यूरोप में फैल गया। इनका द्वितीय समूह आर्मीनिया में रुक गया। आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं तथा ग्यूड़ी भाषाओं में अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध है किन्तु इनका स्वतन्त्र रूप से विकास होने के कारण आधुनिक भारतीय आर्य परिवार के इतिहास में अधिक विचार नहीं किया जाता है, फिर भी ये मध्य युग की तथा आधुनिक भारतीय ध्वनि तथा पद रचना के सम्बन्ध में विशेष प्रकाश डालती हैं।

भारत की आर्येतर भाषायें

पिछले अध्याय में भारतवर्ष का आर्य भाषा का ही वर्णन किया गया है किन्तु उनके अतिरिक्त बहुत सी आर्येतर भाषायें भी भारतीयों द्वारा बोली जाती हैं। बगला भाषा इन के सीमान्तों पर बहुत सी आदिम भाषायें तथा बोलियां मिलती हैं जिनमें से निम्नलिखित मुख्य हैं:—

१. उसके पश्चिमी सीमान्त के अन्तर्गत कोल [मुण्डा] परिवार की एक बोली सथाली मिलती है। सथाली से निकट सम्बन्ध रखने वाला, इसी परिवार की, हो तथा मुण्डारी भाषायें भी बगला क्षेत्र के पश्चिम में मिलती हैं।

डा० सुनीति कुमार चटर्जी ने कोल जातियों के पड़ोसी आर्य भाषा भाषियों के द्वारा प्रयुक्त नृवंश विज्ञान सम्बन्धी तथा भाषा वैज्ञानिक शब्द 'कोल' को मुण्डा शब्द की अपेक्षा अधिक उपयुक्त समझा है। कोल एक प्राचीन, परिमित तथा शुद्ध शब्द है। यह मध्य युग के भारतीय आर्य परिवार के कोल्ल शब्द से निकला है जो संस्कृत में [कोल के रूप में भी] पाया जाता है और यह स्पष्ट है कि संस्कृत में इसका संकेत मध्य भारत के आदिम निवासियों की ओर था [इसी प्रकार वर्तमान भारतीय आर्य का 'भील' शब्द आरम्भ के 'भिल्ल' शब्द से उद्भूत है जो संस्कृत तथा प्राकृत में पाया जाता है] कोल कॉल शब्द स्वयं 'कॉल' उत्पत्ति का प्रतीत होता है और सम्भवत यह मूल रूप की प्रारम्भिक आर्य प्रतिलिपि है। छोटा नागपुर के सिंगभूम जिले के एक भूभाग का कोल्हन [माला नाम]=कोलों की [भूमि] कहते हैं। कोल शब्द का विस्तृत उपयोग किया जाता है तथा मुण्डा-कोल जाति के भाग का नाम है। मुण्डा शब्द कोलरियन शब्द का बहिष्कार नहीं कर सका है। 'काल' शब्द बहुत कम तर्कपूर्ण ज्ञात होता है और यह निरर्थक किन्तु प्रचलित 'कोलरियन' शब्द से निकट सम्बन्ध रखता है।

कोलों की बोली हिन्द चीन तथा मलय प्रायद्वीप होती हुई इन्डोनीशिया (सुवर्ण द्वीप अथवा मलायुद्वीप) मेलानीशिया [जिसे यूरोपीय लोग कालद्वीप कहते हैं] अथवा पपुवाद्वीप तथा पालीनीशिया [सागर द्वीप] तक फैली है। कोल भाषाभाषी अब गंगा, ताप्ती तथा गोदावरी नदियों के क्षेत्र के मध्य में [पश्चिमी बंगाल, छोटा नागपुर उत्तरी पूर्वी मद्रास, मध्य प्रान्त] सीमित हैं किन्तु निरुक्त शास्त्र तथा नृवंशविज्ञान के आधार पर यह विचार किया जा सकता है कि किसी समय वे गंगा नदी के मैदानों में हिमालय की तराई तक निवास करते थे। काल जाति निस्सन्देह उत्तरी तथा मध्य भारत के आधुनिक आर्य भाषा-भाषियों का एक आवश्यक अंश है।

२—कोल के अतिरिक्त दो द्राविड़ी बोलियाँ भी, बँगला क्षेत्र के पश्चिम में मिलती हैं।

[क] मल्तो—जो राजमहल की पहाड़ियों के प्रदेश में बोली जाती है, तथा

[ख] कुरुख अथवा कुड़ुख अथवा ओरॉव [ओरावें] जो बँगला क्षेत्र की पश्चिमी सीमा को स्पर्श करती है।

द्राविड़ी संस्कृति का मुख्य क्षेत्र दक्षिण में सम्भवत कावेरी का मैदान है। द्रविड़ों में सभ्यता की विभिन्न अवस्थाओं में विभिन्न जातियाँ थी। कन्नड़, तेलुगू तथा तामिल-मलयालम बोलने वाली जातियाँ के सभ्य पूर्वजों से लेकर ब्राहुई,

गोंड, खोंद तथा ओरॉंव जातियों के निम्नवर्ग के पूर्वजों तक है। यह बाद वाला वर्ग आरम्भ के प्राग्द्राविड़ वर्ग, जैसे कोल, का प्रतिनिधित्व कर सकता है जिसने द्राविड़ी भाषा को अपना लिया तथा जो आरम्भ में सभ्य द्राविड़ों से नितान्त भिन्न रहा होगा। यह निश्चित समझा जाता है कि द्राविड़ी बोलने वाले व्यक्ति किसी समय बिलोचिस्तान से बंगाल तक सम्पूर्ण उत्तरी भारत में फैले होंगे।

प्रोफेसर ज्याँ प्रिजूस्की [Jean przyluski]* के मतानुसार प्राग्द्राविड़ी सिद्धान्त असामयिक है और यह शब्द भी वैज्ञानिक विधि से किसी वास्तविक तथ्य पर स्थिर नहीं है। उनका कथन है कि यह यदि दृष्टिकोण उचित है तो वर्तमान द्रविड़ जातियाँ चाहे मिश्रित वर्ग की ही क्यों न हों, किन्तु उनके पूर्वज दक्षिणी पठार में निवास करने वाले काले वर्ण के व्यक्ति थे। इसके अतिरिक्त जहाँ तक इनका साहित्य उपलब्ध है वे पहले से भारत में निवास करती था—ऐसा निश्चय है। अतः द्रविड़ों के आक्रमण का प्रश्न ही नहीं उठता और प्राग्द्राविड़ शब्द निरर्थक है उक्त विद्वान के मतानुसार भारत की वे प्रारम्भिक जातियाँ जो मुण्डा जाति के सम्पर्क में आने के पूर्व द्राविड़ी भाषायें बोलती थी, उनको मूल-द्रविड़ कहना उचित होगा। आर्यों के आगमन के पूर्व भारत में शक्तिमान तथा कदाचित् पीत वर्ण की त्वचा वाली कोल जातियाँ थीं जो गहरे काले रंग की तथा मूल-द्रविड़ जातियों से विपरीत थीं। इस प्रकार से उक्त विद्वान अपने मत को पुष्ट करते हैं।

३—उत्तर तथा पूर्व की ओर बँगला भाषा तिब्बत-चीनी (चीन किरात) परिवार की तिब्बत-बर्मी [किरात स्कन्ध] शाखा की विभिन्न समुदायों के सम्पर्क में आती है। उत्तर में तिब्बती हिमालयी उपशाखा की लेपचा अथवा रोंग, उसी उपशाखा की सर्वनामान्तरालिक बोलियाँ धीमाल, लिम्बू और जम्मू जो उत्तरी सिरे पर अल्पसंख्यक व्यक्तियों द्वारा बोली जाती हैं, दार्जीलिंग अथवा सिक्किमी और ल्होरा अथवा भूटानी जो तिब्बती शाखा के निकट सम्बन्ध वाले रूप हैं।

बँगला क्षेत्र के उत्तर पूर्व तथा पूर्व में बोडो समुदाय की बोलियाँ—बोडो [मेच] अथवा कचारी [जो कोच, मेच और राभा भी कहलाती हैं], गारो, डिमासा तथा टिपरा अथवा त्रिपुरा मिलती हैं। उनका क्षेत्र नागा समुदाय की बोलियों के क्षेत्र को स्पर्श करता है। इसके अतिरिक्त, कुकी चिन तथा बर्मा समुदायों की मेइ-थेइ [अथवा मणिपुरी] और कुकी तथा अराकानी बोलियाँ हैं।

तिब्बत—चीनी (चीन-किरात) तिब्बत बर्मी (किरात स्कन्ध) तथा अन्य समुदायों के बोलने वाले जो मंगोलायड जाति के हैं उनके समय से तिब्बत, हिमालय

*Pre-Dravidian or Proto-Dravidian (I H Q Vol VI 1930)

की दक्षिणी ढालों, आसाम तथा उत्तरी और पूर्वी बंगाल में बस गये। भारत में आर्यों के आगमन के समय (ईसा के १५०० वर्ष पूर्व) ऐसा ज्ञात होता है कि ये याग-टीसी-क्याग नदी के उद्गम-प्रदेश के आस पास के अपने आदिम स्थान से अधिक पूर्व की ओर नहीं बसे थे। जब तिब्बत-चीनी परिवार की एक शाखा तिब्बत-बर्मा के व्यक्ति भारत की ओर हिमालय पर्वत, नेपाल, उत्तरी बिहार, बंगाल और आसाम में आये तो वे सम्भवत: कोल तथा द्रविड़ जातियों में, जो पूर्व में बसी हुई थीं मिल गये और यह मिश्रित जातियाँ शीघ्र ही गंगा के मैदान की आर्य संस्कृति से प्रभावित हुईं।

तिब्बत-चीनी परिवार के व्यक्तियों की दूसरी शाखा तई अथवा शान ने भारत के उत्तरी-पूर्वी भाग में लगातार अनेक आक्रमण किये जिनमें से तेरहवीं शताब्दी के आसाम के अहोम के आक्रमण के ही विस्तारों का पता है।

तिब्बती-चीनी शक्तियाँ क्षेत्र में बाद को आती हैं। हिन्द-चीन की दो शक्तिशाली जातियों म्रन-मा (=अम्मा, ब्यम्मा अथवा बर्मा जिसका भारतीय रूप ब्रह्म है) तथा तई (जो उनके बर्मी सम्बन्धियों अर्थात् रहम अथवा शान, सियम अथवा स्यामी जिनका भारतीय रूप श्याम है, के द्वारा दिये हुए नाम से अधिक प्रसिद्ध है) ने क्रमश. मोन तथा ख्मेर जातियों पर विजय प्राप्त की (यह युद्ध प्रथम ईसवी सहस्राब्दी से आरम्भ हुआ तथा अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी तक चलता रहा)। तिब्बत चीनी की तिब्बत बर्मी शाखा का बोडो समुदाय (बोड़ो, मेच, कोच, कछारी, राभा, गारो, तिपुरा) आसाम तथा पूर्वी बंगाल में आया और समस्त पूर्वी तथा उत्तरी बगाल में फैल गया। तिब्बत-बर्मियों के आक्रमण तथा आसाम और पूर्वी बंगाल मे बसने का समय अज्ञात है किन्तु यह ईसवी काल के बहुत पूर्व का नहीं हो सकता। इस सम्बन्ध में १७ वीं शताब्दी में आसाम के लोगों के विषय में अनुमति प्रकाशन ध्यान देने योग्य है। दसवीं शताब्दी के पूर्व मुसलमानी बंगाल में बोड़ो जाति की एक शाखा कम्बोजी (कमोच, कोच, कोच) ने कुछ समय के लिये बंगाल का सिंहासन कम से कम देश के उत्तरी भाग में छीन लिया तथा मुसलमानों के समय में हिन्दू धर्म को स्वीकार करने वाले हिन्दू राजाओं के आधिपत्य में कोचों का उत्तरी बगाल तथा पश्चिमी आसाम में एक शक्तिशाली राज्य था जो १७ वीं शताब्दी के मध्य तक रहा। बोड़ो, कोच और द्रविड़ जातियों तथा सम्भवत: उत्तरी बंगाल, आसाम और पूर्वी बंगाल की खासी जातियों से सम्बद्ध मोन-ख्मेर जातियों का आर्य होना, मध्य तथा उत्तरी बंगाल के आर्य हो

जाने के ठीक बाद में प्रारम्भ हो गया होगा और कल्पित प्राचीनता का दावा करने वाले प्राग्ज्योतिष तथा कामरूप राज्यों की स्थापना हुई। ह्वेनसांग तथा समसामयिक शिलालेखों के प्रमाणों के अनुसार ७ वीं शताब्दी में आसाम में एक हिन्दू राजा था। भौगोलिक स्थिति से आसाम व्यावहारिक रूप में उत्तरी बंगाल का ही विस्तार था, जहां तक उसकी बोली तथा प्राचीन इतिहास का सम्बन्ध था। उत्तरी बंगाल तथा आसाम में तिब्बत-बर्मियों का आर्य होना अब भी प्रचलित है तथा एक विद्वान ने कम से कम बंगला के विकास में बोड़ो का प्रबल प्रभाव पाया है।* किन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि उपर्युक्त बातों में प्रभाव की उत्पत्ति, तिब्बत-बर्मी बोड़ो की अपेक्षा, द्राविड़ी बलाघात तथा द्राविड़ी मुहावरों में प्राप्त होती है

४—एक अन्य आदिम भाषा जो उपर्युक्त तिब्बत-बर्मा (किरात स्कन्ध) बोलियों से सम्बद्ध नहीं है, वह है मोनख्मेर वर्ग की खासी बोली जो बंगला के पूर्वी सीमान्त पर बोली जाती है और इस प्रकार पश्चिमी बंगाल की कोल बोलियों से सम्बद्ध है।

मोन ख्मेर समुदाय की जातियाँ किसी समय हिन्दचीन समुदाय पर विजय प्राप्त करके उस पर शासन करती थीं। अब तो थाई देश, ब्रह्म देश तथा भारत के कुछ जंगली भागों में ये जातियाँ निवास करती हैं तथा ये आदिम निवासियों का स्मरण दिलाती हैं। आसाम में मोन-ख्मेर भाषाओं से सम्बन्ध रखने वाली खासी भाषा खासी पहाड़ियों पर बोली जाती है। यह चारो ओर से तिब्बत-चीनी से घिरी हुई है। सदियों यह मोन ख्मेर भाषाओं से दूर पड़ गई है तब भी इसकी शब्दावली तथा वाक्य विन्यास दोनों की ही मोन-ख्मेर भाषा से गहरी समानता है।

आग्नेयदेशी

लोगन (Logan) आदि विद्वानों ने मोन-ख्मेर समुदाय (जो उस समय मोन-अनाम कहलाता था) में सर्व प्रथम एक भाषावैज्ञानिक एकता का निर्देश किया जिसको सन १८८० ई० में कीन (Keane) नामक विद्वान ने एक निश्चित आधार पर स्थिर किया। फोर्ब्स (Forbes) ने तर्क रहित प्रमाणों के आधार पर इस एकता को सिद्ध किया।** सन १८८८ ई० में मुलर (Muller) ने इसी प्रकार के अध्ययन को कायम रखा। कून (Kuhn) ने १८८६ में इस भाषाविज्ञान सम्बन्धी एकता पर जोर देते हुए संकेत किया कि खासी-मोन-ख्मेर के एकाकार समुदाय का

*"J. D. Anderson," J. R.A. S.1911 ff 524 ff; and 'People of India' Cambridge, 1933. f 54

**Comparative Grammar of the Languages of Further India'.

कोल्ह, ननकौरी तथा मलका की आदिम बोलियों से महत्वपूर्ण सम्बन्ध है।

श्मिट (Schmidt) ने कून के कार्य को आगे बढ़ाया और मलय प्रायद्वीप की भाषाओं तथा मोन ख्मेर समुदाय में सम्बन्ध स्थापित किया। उन्होंने इन भाषाओं की शब्दावली तथा ध्वनि सम्बन्धी नियमों की समानता का भी अध्ययन किया। तत्पश्चात् उन्होंने खासी के अध्ययन में इन नियमों का प्रयोग किया। खासी के अध्ययन के संकलन में उन्होंने साल्वीन की मध्य घाटी की पलौंग, वा तथा रियौंग भाषाओं का पर्यवेक्षण किया। पलौंग को मोन ख्मेर परिवार के साथ पूर्व ही लोगन तथा कून ने सम्बद्ध किया था। ग्रियर्सन ने वा तथा रियौंग को भी उसमें जोड़ दिया। वा तथा रियौंग लगभग उसी अक्षांश तक फैली हैं जहाँ तक खासी भाषा।

बाद को श्मिट (Schmidt) ने निकोबारी (नक्कारी) भाषा का अध्ययन किया और उसके ध्वनिजात के अध्ययन के आधार पर यह सिद्ध किया कि यह मोन-ख्मेर परिवार की है तथा उसी समुदाय की अन्य भाषाओं से सम्बन्धित है, यहाँ तक कि स्वरभक्ति तथा व्यंजनभक्ति के विस्तारों में भी एक विशेष प्रकार की समानता है। इसमें धातुओं का य और व में उसी प्रकार विकास होता है तथा तालव्यों को प्रकट करने के वही उपाय हैं जो मोन-ख्मेर भाषाओं में। पद-रचना के सम्बन्ध में यह कई दशाओं में उसके विकास की पूर्व की अवस्थाओं को उपस्थित करती है।

अंत में उक्त विद्वान ने मुंडा भाषाओं से निकोबारी, खासी तथा मोन ख्मेर के सम्बन्ध को सिद्ध कर दिया और साथ ही एक भाषा संबंधी परिवार की स्थापना की जिसे उन्होंने आस्ट्रो-एशियाटिक (आग्नेयदेशी) नाम दिया। उनके मतानुसार इसमें निम्नलिखित समुदाय आते हैं —

१—मिश्रित समुदाय—चॅम, रदे, जरई, सेदौंग—जो आकृति तथा शब्दावली की परीक्षा करने पर मोन—ख्मेर ही सिद्ध होती हैं, इस समुदाय ने बहुत से शब्दों, यहाँ तक कि व्यक्तिवाचक सर्वनाम तथा संख्या के शब्दों को ग्रहण किया है।

२—मोन—ख्मेर—दो प्राचीन साहित्यिक भाषायें—मोन तथा ख्मेर, बहनार, स्तींग, मोई जातियों की बोलियाँ, समरेह सं—सो, स तम्युएन, स्चौंग, हुएई, मुच, सुए, हिन, नहडंग, मि, ख्मुस, लेमेत जो सभी हिन्द-चीन में तथा मलय, बसीसी तथा जकुन में हैं।

३—सेनोइ (सकेइ)—सीमाँग (मलका में)।

४—पलौंग–वा–रियाँग।

५—खासी

६—नक्कारी (निकोबारी)

७—मुंडा : अथवा कोल–दो उप परिवार अधिक पूर्वीय खेरवारी तथा साथ ही साथ सन्थाली, मुंडारी, भूमिज, बिरहोड़, कोड़ा, हो, तुरी, असुरी तथा कोरवा बोलियाँ तथा पश्चिमी कुरकु, खड़िया, जुआंग, और दो मिश्रित भाषायें सवर और गदब।

मुंडा भाषायें मध्य भारत के पूर्वार्ध में विस्तृत हैं। द्राविड़ी उसके दक्षिणी भाग में फैली है और कई स्थानों पर उसके क्षेत्र में प्रवेश करती है। यह अब निश्चित रूप से सिद्ध हो गया है कि दो समुदायों के मध्य किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं है। हिमालय पर्वत के दक्षिणी सीमान्त पर स्टेन कोनो ने कुछ भाषाओं की खोज निकाला, जो कि किरात स्कन्ध की उत्पत्ति की हैं किन्तु फिर भी उनमें कुछ विशेषतायें ऐसी हैं जो मुंडा से समानता रखती हैं। यहाँ निस्सन्देह हम मुंडा के अन्तिम चिन्हों को पाते हैं जो किसी समय उस क्षेत्र में वर्तमान थे। इन बोलियों के अधिक पश्चिम की ओर सतलज की घाटी में कनवारी भाषा है, जो सतलज और स्पिति के संगम पर, अर्थात काश्मीर के दक्षिणी सीमान्त पर, बोली जाती है। नेपाल में पूर्व की ओर धनाषी, मंचती, रंगलोई, चुनान, रंगस, दार्मिया, चौदासी, ब्यासी तथा धमिल उससे सम्बन्धित हैं। अतः यह मानना पड़ेगा कि मुंडा, मोनख्मेर तथा अन्य सम्बद्ध भाषाओं का क्षेत्र वर्तमान काल की अपेक्षा अधिक विस्तृत था। केवल बाद के समय में यह क्षेत्र कम हो गया और पश्चिम में आर्य तथा द्राविड़ी के द्वारा तथा पूर्व में किरात–स्कन्ध द्वारा विच्छिन्न कर दिया गया।

श्मिट (.Schmidt) के मतानुसार ऊपर के सात भाषा समुदाय घटाकर तीन प्रमुख समुदायों में विभक्त किये जा सकते हैं। मुंडा (अथवा व्यापक रूप में मुंडा), खासी की अपेक्षा मोन ख्मेर से अधिक निकट सम्बन्ध रखती है। खासी (या भाषा) और मोनख्मेर–मुंडा के मध्य में नक्कारी अपना स्थान ग्रहण करती है। मलय की सेरिमी (तथा अनुन) का, भौगोलिक स्थिति के अनुसार, सेनोइ–सिनौग की अपेक्षा बाद के समुदाय से अधिक सम्बन्ध है। इसके विपरीत दूसरे परिवार–सेमौग, तेम्बे, सिनाइ तथा सकैई–ने विभाजन स्थापित करना चाहिये। सेमौग की बोलियों को पृथक करके सेनोइ (सकैइ, तेम्बे) का एक

विशेष तथा स्वतन्त्र समुदाय समझना चाहिये। ये दोनों एक अधिक व्यापक परिवार में सम्मिलित हो सकती है, किन्तु यह निर्देश कर देना चाहिये कि सेनोइ, चेरिसी बोली की ओर अधिक झुकी है (और फलतः मोन ख्मेर की ओर) और सम्भवतः सेमाँग के साथ इन बोलियों का मिश्रण उपस्थित करती है। अन्तिम बोली के सम्बन्ध में यह निर्देश कर देना चाहिये कि जिन शब्दों के आधार पर यह मलय की तथा मोन-ख्मेर भाषाओं से भिन्न है, वे अभी तक नहीं खोजे जा सके हैं। इसके अतिरिक्त यह भी सम्भव है कि उनमें सेमाँग-नीग्रिटो जातियों की मूल भाषाओं के चिन्ह हों जो अब लुप्त हो गये हैं। यह बात और भी निश्चित हो जाती है जब हम उन विषयों पर विचार करते हैं जिनमें मोन ख्मेर भाषायें परस्पर समानता रखती हैं। ऐसी दशाओं में यह कम सम्भावना रहती है कि सेमाँग भाषा के ये शब्द मोन ख्मेर-मुंडा-नक्कोबारी-खासी भाषाओं के एक विशेष तथा बृहत् परिवार से उद्धृत हैं। यही स्थिति 'पक्षी' शब्द के साथ है। सेमाँग में एक विशेष धातु 'कौओ' है जब कि दूसरी भाषाओं में एक अन्य धातु 'सिम' है; बच्चे के लिये मोन ख्मेर-मुंडा-नक्कोबारी-खासी आदि में मूल शब्द 'क्वन' है जबकि सेमाँग में 'वं' है; हाथ के लिए सेमाँग में च्नंस है तथा अन्य भाषाओं में 'तइ' 'ति' शब्द हैं।

उपर्युक्त विवेचन के पश्चात निम्नलिखित विभाजन ठीक जान पड़ता है:—

१—(अ) सेमाँग
 (ब) सेनोइ (सकेइ, तेम्बे)

२—(अ) खासी
 (ब) नक्बारी
 (स) वा, पलौंग, रिआँग जो मोन ख्मेर से सम्बद्ध हैं।

३—(अ) मोन—ख्मेर (बहनार, स्तांग आदि के साथ)
 (ब) मुण्डा अथवा कोल
 (स) चेम, रदे, आदि; आग्नेयद्वीपी भाषाओं के साथ मिश्रित।*

आग्नेयदेशी तथा आग्नेय

श्मिट (Schmidt) ने अपने अध्ययन को और अधिक विस्तृत करके आग्नेयदेशी परिवार को आग्नेयद्वीपी समुदाय से सम्बन्धित करने का विचार किया जिसमें पूर्णरूप से निश्चित पपूवा-द्वीपी, सागरद्वीपी, सुवर्ण द्वीपी आदि समुदाय सम्मिलित

*P. C. Bagchi—'Pre-Aryan-and Pre-Dravidian in India'.

हैं। उन्होंने इन दोनों विशाल भाषा-समुदायों का अध्ययन किया और उनमें निम्नलिखित साधारण विशेषतायें खोज निकालीं:—

१—ध्वन्यात्मक व्यवस्था में पूर्ण समानता

२—शब्दों की बनावट में मूल एकता

३—अनेक व्याकरण की आवश्यक विशेषतायें

अर्थात—षष्ठी विभक्ति की बाद की स्थिति, उपसर्गों का प्रयोग और अंशतः सम्बन्ध सूचक रूप, और इनमें से कुछ भाषाओंमें व्यक्तिवाचक सर्वनाम के उत्तम पुरुष बहुवचन के लिए निवारक तथा सम्मिलित रूप की स्थिति। इनमें से कुछ भाषाओं में द्विवचन तथा त्रिवचन का होना।

४—शब्दावली में अधिक समानता।

इन्हीं चार मूल आधारों पर श्मिट ने आग्नेयदेशी तथा आग्नेय द्वीपी परिवार में एक अत्यंत विशाल भाषावैज्ञानिक एकता की स्थापना करने का निश्चय किया। इस प्रकार से एक नवीन "आग्नेय" परिवार का निर्माण किया। एम रिवेट (M. Rivet) नामक विद्वान ने इस परिवार को और अधिक विस्तृत करने की चेष्टा की। उन्होंने इसमें सामुद्रिक समुदाय आस्ट्रेली, पपूवी तथा तस्मानी आदि समुदायों में बोली जाने वाली समस्त भाषाओं को मिश्रित कर दिया।

आग्नेयदेशी तथा भारतीय-आर्य

प्रोफेसर टामसेन (Prof Thomsen) ने इस बात का दावा किया कि भारतीय आर्य भाषाओं की संज्ञाविभक्तियों में मुंडा भाषा का प्रभाव कार्य करता है, किन्तु यह प्रभाव प्रो० स्टेन कोनो (Sten Konow) को अनावश्यक प्रतीत हुआ। उन्होंने यह अधिक सम्भव समझा कि द्राविड़ी भाषाओं ने आर्य व्याकरण में सुधार किया तथा मुंडा परिवार ने इस प्रकार द्राविड़ी भाषाओं के द्वारा एक अप्रधान रूप से प्रभाव डाला होगा। किन्तु उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि बिहारी भाषा के कुछ रूप सरलता के साथ मुंडा के प्रभाव के कारण समझाये जा सकते हैं जैसे अनुमापिका तथा क्रिया का अपूर्ण परिवर्तन एवं अन्य पुरुष एकवचन का सर्वनाम है।

आधुनिक अध्ययनों के द्वारा यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया है कि यह प्रभाव पहले भी मिलता है। प्रोफेसर प्रिजुलुस्की (Prof. Przyluski) ने अपने लेखों में जो आगे दिये गये हैं यह सिद्ध किया है कि संस्कृत के कुछ शब्द आग्नेय

देशी भाषा परिवार से उद्धृत है। प्रो० जूल्स ब्लाक ने अपने "संस्कृत तथा द्राविड़ी" लेख में उन व्यक्तियों की आलोचना की है जो पृथक रूप से द्राविड़ी प्रभाव के पक्ष में हैं और यह सिद्ध किया है कि भारतीय-आर्य में मुंडा के आधार के प्रश्न का त्याग नहीं किया जा सकता।

किन्तु इस समस्या के अन्य दृष्टिकोण भी हैं। यह सिद्ध हो गया है कि केवल भाषावैज्ञानिक ही नहीं बल्कि भारत के प्राचीन इतिहास के कुछ सांस्कृतिक एवं राजनैतिक तथ्य भी आग्नेयदेशी तत्व को मान कर समझाये जा सकते हैं। प्रो० लेवी ने यह समझाने का प्रयत्न किया है कि प्राचीन भारत के कुछ भौगोलिक नाम जैसे कोसल–तोसल, अंग–वंग, कलिंग–त्रिलिंग, उत्कल–मेक्ल तथा पुलिंद–कुलिंद जाति सम्बन्धी युगल नाम आग्नेयदेशी भाषा की पदरचनात्मक व्यवस्था द्वारा प्रभावित हैं। अन्य नाम जैसे अच्छ–वच्छ, तक्कोल–कक्कोल इसी श्रेणी के हैं। सन् १९३६ ई० में प्रो० सिल्यूस्की (Przyluski) ने पंजाब की एक प्राचीन जाति उदुम्बर को इसी प्रकार समझकर उसे आग्नेयदेशी परिवार से सम्बद्ध करने का प्रयत्न किया।

कुछ अन्य लेखों में प्रो० सिलुस्की (Przyluski) ने कुछ भारतीय पौराणिक कथाओं पर आग्नेयदेशी प्रभाव सिद्ध किया है। उन्होंने महाभारत में मत्स्यगंधा की कथा तथा भारतीय वाङ्मय में नागों की कुछ पौराणिक कथाओं को पढ़ा और आग्नेयदेशी क्षेत्र में उसी प्रकार की कथाओं से तुलना की।

भारत की आधुनिक भाषाओं के सम्बन्ध में भी प्रो० सिल्यूस्की मनोरंजक निर्णयों पर पहुँचते हैं। उन्होंने अपने एक लेख में बँगला के कुड़ी (बीस) शब्द की उत्पत्ति आग्नेयदेशी क्षेत्र से बतलाई है।* एक अन्य लेख में उन्होंने संख्याओं की उत्पत्ति कौड़ियों से निश्चित करने का प्रयत्न किया है।**

उपर्युक्त अध्ययनों के अतिरिक्त जे० हानेल ने भारत के दक्षिणी [illegible] प्राग्द्रविड़ जनसंख्या पर एक प्रभावशाली सागरद्वीपी प्रभाव बतलाया है। [illegible] विचार है कि द्रविड़ों के पश्चात मलय जाति की एक लहर आई होगी [illegible] मलय के लोग द्वीप पुञ्ज से नारियल की कृषि लाये होंगे।

अन्त में डा० जे० एच० हटन ने सन् १९२८ ई० में [illegible] अजायबघर में 'आसाम के पाषाण युग के धर्म' पर [illegible]

*Bengali Numeration and Non Aryan Sub[illegible]

**The Vigesimal Numeration in India.

इन पाषाण स्तम्भों के निर्माण करने की विधि बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह संसार के दूसरे भागों के प्रागैतिहासिक स्तम्भों के निर्माण पर प्रकाश डालती है। इस पाषाण धर्म की उत्पत्ति अनिश्चित है किन्तु ऐसा ज्ञात होता है कि यह विशेषत. पूर्व से मोन-ख्मेर के अनधिकृत प्रवेश के फलस्वरूप है। उक्त विद्वान के मतानुसार इन स्तम्भों का निर्माण लिंगम् तथा योनि का रूप धारण करता है।

संस्कृत तथा द्राविड़ी

भाषाओं के विकास में, उनके आधार व प्रभाव के विषय में, एक महत्वपूर्ण उदाहरण भारोपीय परिवार की भारतीय शाखा की कुछ विकृतियों से प्राप्त हो सकता है। व्यंजनों की एक श्रेणी-संस्कृत के मूर्धन्य अन्य दो भाषा परिवारों की ध्वनि व्यवस्था के व्यंजनों से महत्वपूर्ण समानता रखते हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि आर्य भाषा की नवीनता का आरोप दो आर्येतर भाषा परिवारों में से किस पर किया जा सकता है? इन दो आर्येतर परिवारों में से एक मुंडा भाषा है जिसका क्षेत्र अब समस्त भारतवर्ष की जनसंख्या का सौवाँ भाग है। दूसरा परिवार द्राविड़ी भाषा का है जो समस्त जनसंख्या के पाँचवें भाग में बोली जाती है। दक्षिणी द्राविड़ी पुन प्राचीन सभ्यता का साधन है। उसी परिवार की एक अन्य शाखा ब्राहुई, जो अब सुदूर पश्चिम में बिलोचिस्तान के अन्तर्भाग में वर्तमान है, भारोपीय आक्रमण के पूर्व द्राविड़ी के प्राचीन विस्तृत क्षेत्र का प्रमाण है। उपर्युक्त ऐतिहासिक प्रमाणों के अभाव के कारण लोग यह सोचने लगे हैं कि द्राविड़ी वह भाषा है जिसका स्थान भारोपीय परिवार ने ले लिया है और इस भाषा की विशेषतायें भारतीय-आर्य की नवीनता को स्पष्ट करती हैं।

ध्वन्यात्मक परिवर्तन के द्वारा किसी भाषाविज्ञानिक आधार का प्रभाव सब से अधिक स्पष्ट रीति से दृष्टिगत होता है। इस प्रकार आमानी भाषा के व्यंजनों की अशुद्धता फारसी भाषा से तुलना करके समझाई जा सकती है। इसी भांति भारत की भारतीय आर्य, द्राविड़ी तथा अफगानी (जो भारतीय आर्य तथा ब्राहुई से समा

गा रखने वाली ईरानी भाषा है) में दन्त्य के बाद मूर्धन्य व्यंजनों का एक साथ पाया जाना केवल संयोगवश नहा कहा जा सकता है।

आर्मीनी तथा भारतीय विषयों की उचित रीति से परस्पर तुलना नहीं की जा सकती। संस्कृत में सम्पूर्ण ध्वनिश्रेणी के स्पष्ट उच्चारण में कोई भी परिवर्तन नहीं है। मूर्धन्य व्यंजनों की श्रेणी दन्त्यों की श्रेणी की सम्पूर्ण विकृति से नहीं निकली है किन्तु उसके साथ ही साथ विकास की कई अवस्थाओं से होकर निश्चित परिस्थितियों के अन्तर्गत प्रभाव में आई है। जहाँ तक बहुत प्राचीन काल का सम्बन्ध है, प्रथम प्रश्न दो आर्य श्रेणियों का दो स्थानीय श्रेणियों के अनुकूल बनने का है क्योंकि भारत में दन्त्यों की श्रेणी ने अपने में उस श्रेणी की वृद्धि की जिसका आधार प्राचीन हिन्द ईरानी की शें ध्वनि की उपस्थिति पर है। इस शें (श) ध्वनि में अन्य व्यजनों की वृद्धि हुई जा अपने को उसके अनुकूल रख सकते थे। इसके अतिरिक्त, श ध्वनि (ज्) के साथ 'र' ने स्थान लिया और उसी श्रेणी में नये व्यंजनों का समावेश किया। इस प्रकार मूर्धन्य वर्ग बना। बाद को ट और ड, अनुनासिक ण तथा ळ ने विभिन्न परिस्थितियों के अन्तर्गत प्राचीन स्वरों के मध्य के दन्त्यों का स्थान ले लिया। ऐसा ही साधारणतया मूर्धन्य व्यंजनों का भारतीय-आर्य में इतिहास है। अधिकाशत. यह अपने में ही बहुत पर्याप्त मात्रा में है और द्राविड़ी इस पर किसी प्रकार का प्रकाश नहा डालती। इसके अतिरिक्त कुछ स्थितियों में उसका खडन करती है।

अब हमें इस तथ्य पर आना चाहिए कि मूर्धन्य ळ का रूप, जो कि लौकिक संस्कृत के क्षेत्र में लुप्त हो गया है तथा वैदिक संस्कृत में स्वरों के मध्य में ड का प्रतिनिधित्व करता है, द्राविडी में अब भी प्रचलित है। एम० भिलेट के मतानुसार यह केवल एक अप्रचलित रूप था जो कदाचित गंगा नदी के समीपवर्ती 'स्थानों में आवश्यक था जहाँ पर इसका अभाव था। परन्तु यहाँ पर कुछ और अधिक वास्तविक विशेषतायें हैं।

आदि के संकुचित मूर्धन्य का विस्तार भारतीय–आर्य व्यंजनों के इतिहास में एक अत्यन्त रहस्यमय कार्य है। किन्तु द्राविड़ी आदि मूर्धन्य को कभी स्वीकार नहीं करती। इसके विपरीत, द्राविड़ी अन्त में मूर्धन्य अनुनासिक तथा द्रव वर्ण का प्रयोग स्वीकार करती है जो संस्कृत में अज्ञात हैं।

अत: भारतीय–आर्य भाषा के मूर्धन्य देशी उत्पत्ति के हैं। इसके स्थानीय उच्चारण ने इस वर्ग के विकास को सम्भव कर दिया है और इस कारण से उस

आधार का कार्य अप्रमाणित है किन्तु इस सत्य पर तुरन्त दृढ हो जाना आवश्यक है कि मुंडा भाषा में भी द्राविड़ी के समान ही दन्त्य तथा मूर्धन्य व्यंजन हैं और इसीलिए संस्कृत के उच्चारण की उत्पत्ति का कार्य मुण्डा अथवा इससे सम्बन्धित किसी भाषा के आधार पर कल्पित रूप से आरोपित करने में कोई भी बाधा नहीं पड़ती।

इसके अतिरिक्त दूसरा सत्य है 'र्' के मूल्य पर ल् का संस्कृत क्षेत्र में विस्तृत विकास जिसका प्रयोग ईरानी के अनुसार वैदिक संस्कृत में व्यतिरेक भाव से होता है किन्तु यह ज्ञात है कि संस्कृत में ल का वास्तव में नवीन प्रचलन नहीं है। इसके विपरीत यह प्राचीनतम वैदिक और ईरानी से भी प्राचीन अवस्था वाली बोलियों के साहित्य से हटाये जाने की ओर संकेत करता है तथा यह ईरानी और वैदिक ही है जो अपवाद के रूप में हैं और जिनके लिए आधार के विषय में प्रश्न अवश्य उठना चाहिये। यहाँ भी मुंडा भाषा द्राविड़ी की ही भांति 'ल' को धारण करती है।

एक आश्चर्यपूर्ण सत्य जो कि यहाँ पर ध्यान देने योग्य है, वह है संस्कृत के वाक्यों का निरन्तर प्रचलन, जिसने सन्धि के नियमों को विकसित होने का अवसर दिया है, क्योंकि तामिल और कनाडी लेखन में एक कड़ी सन्धि व्यवस्था है। किन्तु उन्हीं भाषाओं में उनके उच्चारण में उन पर ध्यान नहीं दिया जाता। गोंडी और कुरुख भी इस पर ध्यान नहीं देतीं हैं और जहाँ तक कि ये साहित्यिक भाषायें इस सन्धि को स्वीकार करती हैं, वह निश्चित रूप से संस्कृत के प्रभाव के कारण है और संस्कृत में भी यह सम्भव है कि प्रसंग के नियम, विस्तार में तथा वास्तविक प्रयोग में अतुलनीय हैं। अशोक ने उन पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया है।

अतः किसी भी प्रकार से प्राचीनकाल में भारोपीय परिवार पर द्राविड़ी का क्या प्रभाव था इसका कोई स्पष्ट तथा ध्वन्यात्मक प्रमाण न मिल सका। कुछ नियमों की अभी हाल ही में खोज हुई है। वर्तमान समय में दोनों के क्षेत्रों के सीमान्तों पर इनमें कुछ समानता मिल जाती है किन्तु इस प्रकार के आधुनिक तथा स्थानीय तथ्यों और एक भाषा परिवार का दूसरे पर, आर्यों के भारत में प्रविष्ट होने पर, जिस प्रकार का अनुमान किया गया है दोनों में बड़ा अन्तर है।

इस प्रकार ध्वनिगत क्षेत्र पर किसी प्रकार का भी स्पष्ट प्रमाण नहीं लगता। परन्तु यह अपरूप है और भी एक प्रमाण होगा क्योंकि भाषाओं के निर्माण में

समग्र व्याकरण के नियम ध्वन्यात्मक व्यवस्था की अपेक्षा अधिक उद्धृत करते हैं। इन सबके अतिरिक्त क्या भारतीय आर्य में कुछ ऐसे अपवादात्मक सत्य हैं जो कि कुछ विशिष्ट व्याकरण के प्रयोगों का प्रकट करते हों तथा जो पूर्ण व्यवस्था के नष्ट होने पर भी अवशिष्ट रहे हों?

वेदों की क्रियात्मक व्यवस्था का ह्रास और संज्ञा शब्दों की पदरचना का विस्तार द्राविड़ी के कार्य कहे गये हैं परन्तु यह अवश्य ध्यान में रखना चाहिए कि द्राविड़ी भाषा के नियम समस्त काला के लिए समान हैं और संस्कृत में तो केवल भूत काल का ही लोप हो गया है। जहां तक कि परोक्षभूत से सम्बन्ध है, यह पूर्णतया शुद्ध प्रकार से कहा जा सकता है कि द्राविड़ी भाषा द्विगुण (दोहरान) का अस्वीकार करती है। भारतवर्ष में पूर्वी भाषाओं में केवल लिंग का लोप हो गया है और वास्तव में केवल यहीं पर निस्संदेह तिब्बता-बर्मा के कार्य का प्रश्न है। इस प्रकार हम देखते हैं कि पदरचना के द्वारा भी यह विषय पूर्णरूप से स्पष्ट नहीं होता है।

अत कोई भी व्यक्ति संस्कृत के द्राविड़ी तत्वों को खोजने के लिये स्वयं ही शब्द-भंडार की ओर जायगा। किन्तु शब्द भंडार का इतिहास ध्वन्यात्मक अथवा व्याकरणात्मक विकास से बिल्कुल भिन्न है, तथा आधारिक स्रोतों से गृहीत शब्द भी बिल्कुल भिन्न हैं।

विज्ञान की वर्तमान स्थिति में कोई बात ऐसी नहीं है जिससे हम यह दृढ़ता के साथ कह सकें कि भारतवर्ष में आर्य भाषा ने जो रूप धारण किया है वह इस भाषा के द्राविड़ी-भाषियों द्वारा अपनाये जाने के कारण है। यदि कोई भाषा का आधार स्तम्भ है भी तो उसकी खोज अन्य परिवारों में विशेषत मुंडा में भी की जा सकती है। इसके अतिरिक्त शब्द समूह के द्वारा संस्कृत तथा द्राविड़ी बोलने वाली जनसंख्याओं के प्राचीन सम्बन्धों का प्रमाण मिलता है।

अन्य भाषाओं से शब्दों का ग्रहण

विविध भाषाभाषियों का पारस्परिक सम्बन्ध प्राचीन काल से ही रहा है। इस सम्पर्क के फलस्वरूप एक भाषा के शब्दों का दूसरा भाषा के शब्दों पर प्रभाव स्वाभाविक है। कभी कभी तो किसी भाषा के शब्द दूसरी भाषा में पूर्ण रूप से ग्रहण कर लिये

जाते हैं। वर्तमान काल में ही अँग्रेजों के सम्पर्क से बहुत से अंग्रेजी के शब्दों का प्रयोग हिन्दी आदि देशी भाषाओं में इतनी स्वतन्त्रता से होने लगा है मानो वे उन्हीं भाषाओं के शब्द हों। उदाहरणार्थ—अँग्रेजी के स्कूल, स्टेशन, प्लेटफार्म आदि शब्द। इसी प्रकार जब आर्य लोग भारत में आए तो उन्होंने बहुत सी आर्येतर जातियों के शब्दों को अपनी भाषा में ग्रहण किया। इसके विपरीत बहुत से आर्यों के शब्द आर्येतर भाषाओं में अपनाये गये।

अतः जब हम दो भाषाओं के शब्दों में समानता देखते हैं तो हमारे सामने यह प्रश्न आ जाता है कि किस भाषा ने दूसरी भाषा के शब्दों को ग्रहण किया अथवा वे दोनों भाषायें एक तीसरी भाषा से प्रभावित हुइ? कभी कभी इस समस्या का सुलझाना बहुत कठिन हो जाता है क्योंकि इसका हमें कोई निश्चित आधार नहीं मिलता है। श्री जयनाथ पति ने इस सम्बन्ध में कतिपय नियमों का उल्लेख किया है।* ये नियम बहुत ही साधारण हैं और आसानी से समझ में आ जाते हैं, किन्तु उन नियमों का पर्याप्त मात्रा में अनुगमन नहीं किया गया जिससे उनका उचित रूप से प्रकाशन होता। वे नियम इस प्रकार हैं —

प्रथम नियम

जब एक भाषा किसी अन्य भाषा से कोइ शब्द ग्रहण करती है तो शब्द में ऐसे परिवर्तन हो जाते हैं कि वह ग्रहण करने वाली भाषा में पूर्णरूप से मिल जाता है।

इसे प्रकृतीकरण (Naturalisation) का नियम कहना उचित होगा। यह प्रथम नियम दो उपविभागों में विभक्त किया जा सकता है —

(अ) उन परिवर्तनों के सम्बन्ध में जो प्राकृतिक कारणों से हैं।

(ब) प्रकृतीकरण (Naturalisation) की प्रणाली में उन अन्य परिवर्तनों के सम्बन्ध में जो समान कारणों से होते हैं-अर्थात् स्वररचना की प्रकृति। उदाहरणार्थ कुछ ध्वनियों व संयुक्त वर्णों के उच्चारण की असमर्थता।

१ (अ) उदाहरण—मूर्धन्य वर्ण जो हिन्द इरानी शाखा की भाषाओं की भिन्नता प्रकट करने वाली विशेषता है, वह अन्य आर्य भाषाओं में पूर्णरूप से अनुपस्थित है तथा द्राविड़ी भाषाओं का एकाधिकार नहीं है किन्तु अन्य तातारी भाषाओं में भी प्राप्त होते हैं जैसे वे भाषायें जिन्होंने सिन्ध पर प्रभाव डाला। इस प्रकार वह जाति जिसकी भाषा भारतवर्ष में आर्य हो गइ थी, उस समय द्राविड़ी भाषी नहीं थी।

* The Law of Loan in Languages (Journal of Bihar and Orissa Research Society Vol 9)

द्राविड़ी भाषाओं में 'औ' नहीं होता। अत. जब संस्कृत के दो स्वरों से मिश्रित उच्चारण वाले शब्द ग्रहण किये जाते हैं तो उसके अ और उ मूल अवयव मधुर उच्चारण वाले व्यावहारिक 'व' के साथ, अलग कर दिये जाते हैं—यथा संस्कृत का सौख्यम, और तामिल का सवुक्यिम्। तामिल भाषी आदि र अथवा स का सरलता से उच्चारण नहीं कर सकते, अत संस्कृत के र अथवा स वर्ण से आरम्भ होने वाले शब्दों के पूर्व उनकी भाषा में एक स्वर लगा दिया जाता है। उदाहरणार्थ—संस्कृत का राजन् शब्द तथा तामिल भाषा का इराशन अथवा इरायन् व अरयन्, संस्कृत का रेवति तथा तामिल का इरवति, संस्कृत का रक्त तथा तामिल का इरत्तम, अरत्तम, संस्कृत का रथ तथा तामिल का अरतम, संस्कृत का लोक तथा तामिल के उलोगम, उलगम, उलगु।

१ (ब) यदि किसी भाषा में कोई एक विशेष ध्वनि वाला स्थानीय शब्द नहीं होता है और वह उस ध्वनि वाले किसी शब्द को दूसरी भाषा से ग्रहण करती है तो वह विशेष ध्वनि निकटतम किन्तु साधारणतया कम कठिन ध्वनि में परिवर्तित हो जाती है (बहुधा उस भाषा के एक ही वर्ग में)—जैसे ॠ से इरि, क् से क, ख् से ग, ग् से ग, क्—ग्, ग्—ज, च्—श्, ज्—श्, ज्—न, श—स।

द्राविड़ी (विशेषत तामिल और मलयालम) उर्ग्रा (फीनी, लैपी इत्यादि) तथा बेहिस्तून शिलालेख के शमी अनुवाद में केवल अघोष से ही शब्द आरम्भ होता है जबकि यातो सघोष अथवा द्वित्व अघोष का उच्चारण मध्य में किया जाता है। अत जब ये भाषायें कोई ऐसा शब्द ग्रहण करती हैं जो इस नियम के अनुसार नहीं होता है तो उसमें संशोधन कर लिये जाते हैं। संस्कृत—दन्तम्, तामिल—तंदम्, संस्कृत भाग्य तामिल पाक्कियम्, संस्कृत मडप, तामिल मंडवम्, संस्कृत—अन्त, तामिल अंदम्, संस्कृत लोक, तामिल उलोगम्। द्राविड़ी भाषाओं में महाप्राण नहीं होते, अत. संस्कृत का सौख्यम् तामिल भाषा में सवुक्कियम् होता है। तुद के अतिरिक्त समस्त द्राविड़ी भाषाओं में डा० काल्डवेल (Dr. Caldwell) के अनुसार फ अपरिचित है तथा अंग्रेजी भाषा से गृहीत शब्दों में फ के अतिरिक्त प हो जाता है। तामिल का एक गुणात्मक शब्द शेबम् (प्रार्थना) है, जो संस्कृत के जप् से गृहीत है, शेवा (सेवा) से नहीं।

द्वितीय नियम

जब कभी एक भाषा अन्य भाषा से किसी शब्द का ग्रहण करती है तो गृहीत शब्द ग्रहण करने वाली भाषा में पूर्व से वर्तमान समान ध्वनि वाले अथवा निकटतम तुकबन्दी वाले शब्द से प्रभावित होता है जिसके फलस्वरूप गृहीत शब्द ध्वनि

मे आकृष्ट करने वाले शब्द अथवा शब्दों से या तो (१) कुछ वर्णों को निकाल कर अथवा (२) अपने में कुछ अन्य वर्ण मिलाकर लगभग समान हो जाता है।

इसे हम स्वरों का मिश्रण कह सकते हैं। मैक्समुलर नामक विद्वान इसे निर्मूल अथवा शैशवीय समता कहते हैं, किन्तु इस पर पर्याप्त मात्रा में ध्यान नहीं दिया गया है। ध्वनि-विज्ञान के विद्यार्थियों को यह विदित है कि जब दो पदार्थों में समान ध्वनि की उत्पत्ति होती है तो किस प्रकार एक को ध्वनित करने पर दूसरे से समान ध्वनि निकलती है। मनोविज्ञान में हम विचार विनिमय का नियम पाते हैं—एक बाह्य विचार मस्तिष्क में पूर्व से वर्तमान, समान विचारों को लाता है। संगीतज्ञों को यह विदित है कि किसी स्वर को निकालना उस दशा में कितना कठिन है जब कि एक भिन्न प्रकार का स्वर निकाला अथवा गाया जा रहा हो। कदाचित (अच्छी या बुरी) संगति का नैतिक प्रभाव इसी प्रकार के किसी नियम के लागू होने के कारण होता है। अंतः यदि हम शारीरिक, मानसिक तथा नैतिक संसार के नियमों से समानता रखने वाला कोई नियम भाषा के क्षेत्र में पाते हैं तो हमें आश्चर्य चकित नहीं होना चाहिये वरन् मनोविज्ञान इसकी आवश्यकता पर संकेत करेगा। आत्मक्रिया द्वारा इसका कारण अधिक स्पष्ट रीति से समझाया गया है। अपरिचित को परिचित रूप में ले आना, अर्थरहित को अर्थ पूर्ण बनाना, मनुष्य के मस्तिष्क के स्वभाव के अन्तर्गत है। इसको कार्यान्वित करने में वह किसी प्रकार की आपत्ति की उपेक्षा नहीं करता है। सर्व प्रथम किसी अपरिचित शब्द का पुनस्तर विचार-विनिमय के नियम द्वारा निकटतम परिचित शब्द स्मरण हो आता है तथा अपरिचित को पुनः उत्पन्न करने में वह यथाशक्य स्वरों और व्यंजनों को जोड़कर, घटाकर, विस्तृत तथा संकुचित कर निकटतमरूप बना देता है। इसका प्रभाव भाषा के भौतिक परिवर्तनों में स्वीकार कर लिया गया है।

नियम द्वितीय (अ)

ऐवन ([illegible]) शब्द से हमें ऐवन रूप प्राप्त होता है। तत्पश्चात अँग्रेजी के [illegible] शब्द के इनवन, [illegible] अनुसार [illegible] रूप प्राप्त हुए (१ (ब) तथा २ (अ) के द्वारा) तो प्रथम रूप के बाद वाले रूप में भिन्न [illegible] शब्द भी हो गया किन्तु [illegible] इन्जीनियर शब्द इनजानियर [illegible], [illegible] शब्द [illegible] हो गया ([illegible] और [illegible])। [illegible] हो गया। [illegible]

हासिक दृष्टि से थोड़ा होगा क्योंकि जब यह शब्द ग्रहण किया गया था तब प्राकृत बोली जाती थी, अतः इस शब्द ने इसे अवश्य प्रभावित किया होगा।

नियम द्वितीय (ब)

स्वरों के मेल में, युक्ति विरुद्ध व्यंजन जोड़ दिये जाते हैं, यदि जोड़ने से किसी प्रकार वक्ता को किसी परिचित वस्तु की ओर संकेत होता है। जब सर्व प्रथम नवदह तहसील में सहकारी समितियाँ निर्मित हुई तो ग्रामवासियों ने सोसाइटी शब्द का उच्चारण सुरसुरी शब्द में किया। वे इसी शब्द से प्रभावित थे जिसका अर्थ नाक में एक विचित्र प्रकार की हलचल है। आजकल वे अधिकतर उसे सुसैटी कहते हैं। अंग्रेजी शब्द जनरलों से हम जरनैली, जनरल से जरनैल पाते हैं (समानता करनल से करनैल)। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रारम्भिक शब्द छोड़ दिया गया है और अन्य शब्द जोड़ दिया गया है अथवा इसका क्रम बदल दिया गया हो। बो-बाजार-बहू बाजार, पालकी से पैलँक्विन। ऐसा कहा जाता है कि यह पलँग शब्द से उद्धृत है अथवा अधिक निकट समानता के लिए संस्कृत का पल्यंक शब्द लाया जाता है। किन्तु यह शब्द आधुनिक समय में अँग्रेजी वर्ग में आ गया है तो यह हिन्दी से उद्धृत होगा। अतः ऐसा प्रतीत होता है कि इस शब्द के निर्माण में फ्रेन्च भाषा भी सहायक हुई है क्योंकि इस शब्द के बनने में बैल्डकें शब्द से सहायता ली गई है जो कि फ्रेंच भाषा का है।

तृतीय नियम

यदि किसी भाषा के मूल का निर्णय उसके आन्तरिक विकास के स्थापित नियमों के द्वारा उसकी कोई भी धातुओं से नहीं हो सकता तो वह किसी भिन्न भाषा से उद्धृत शब्द है।

इसे स्वयंसिद्ध प्रमाण भी कहा जा सकता था यदि इसकी गम्भीरता के कारण इसकी शुद्धता के विषय में बहुत से अत्यन्त सन्देहपूर्ण तर्क न होते। बहुधा देखा जाता है कि प्रसन्नचित्त ग्रामीण अपने एक सम्बन्धी से, जिससे वह रीति रिवाज के अनुसार उपहास कर सकता है, गाँव का नाम पूछता है। दूसरा व्यक्ति भाषा में प्रश्नकर्ता के ही गाँव का नाम बतलाता है। प्रथम व्यक्ति तुरन्त उससे पिता का नाम पूछता है, दूसरा व्यक्ति इस पर लज्जित हो जाता है। तब चारों ओर से नटखट बालक हँसते हैं और आश्चर्य प्रकट करते हुये चिल्लाते हैं "पकड़ गया, फँस गया"। इस नियम का भी सिद्धान्त ऐसा ही है, केवल यहाँ पर वह हल्कापन नहीं है।

सम्भवतः इस विषय में एक विरुद्ध वचन यह हो सकता है कि यह सब उदा-

हरणों में लागू नहीं होता। अग्नि तथा अन्य ऐसे शब्दों के मूल का निर्णय किसी भी संस्कृत की धातु से नहीं होता। तो प्रश्न उठता है कि क्या यह भी उद्धृत शब्द है? बहुत सम्भव है ऐसा ही हो। भाषावैज्ञानिकों के मतानुसार ये शब्द आर्य भाषाओं की उपस्थिति के पूर्व वर्तमान थे जिनमें भी इन शब्दों का अर्थ लगभग समान ही था।

यहाँ पर स्थानीय संस्कृत शब्द का द्राविड़ी भाषा के गृहीत शब्द से अन्तर बतलाने के लिये डा० काल्डवेल (Caldwell) की परीक्षाओं का प्रसंग देना असंगत न होगा। वे निम्नलिखित हैं:—

१—जब कोई संस्कृत का शब्द बिना किसी धातु या मूल के अकेला होता है, किन्तु द्राविड़ी भाषा में सम्बन्धित शब्दों से घिरा होता है।

२—जब संस्कृत में एक ही भाव को प्रकट करने वाले अन्य शब्द होते हैं तथा द्राविड़ी भाषाओं में केवल प्रसंग वाला ही शब्द होता है।

३—जब भारोपीय कुल की किसी भाषा में संस्कृत से सम्बन्धित शब्द नहीं मिलता है, किन्तु द्राविड़ी कुल की प्रत्येक भाषा में प्राप्त होता है, वह चाहे कितना भद्दा ही क्यों न हो।

४—जब संस्कृत कोशकारों द्वारा की हुई शब्द-व्युत्पत्ति प्रकट रूप से काल्पनिक होती है, किन्तु द्राविड़ी कोशकार किसी ऐसी समान महत्व वाली स्थानीय धातु से परिणाम निकालते हैं जिससे विभिन्न शब्दों की व्युत्पत्ति की जा सकती है।

५—द्राविड़ी के शब्द का महत्व वास्तविक रूप से भौतिक तथा स्वाभाविक है, जब कि संस्कृत सम्बन्धी शब्द का महत्व कल्पित अथवा केवल लाक्षणिक है।

६—जब कि स्थानीय तामिल तथा तेलुगू के विद्वान संस्कृत को देववाणी तथा सम्पूर्ण साहित्य की जननी होने की अन्य कल्पना करने पर भी प्रसंग के शब्द का विभाजन द्राविड़ी भाषा का करते हैं। जब इनमें से कोई कारण दृष्टिगत होता है और विशेषतः जब इनमें से कई अथवा सब परस्पर मिल जाते हैं तो हम सुरक्षित रूप से इस निर्णय पर पहुँच सकते हैं कि प्रसंग का शब्द संस्कृत मूल का नहीं बल्कि द्राविड़ी भाषा का है। निम्नलिखित उदाहरणों से उपर्युक्त निरीक्षण के नियमों की पुष्टि हो जायगी।

द्राविड़ी तथा संस्कृत—अक्का (माँ), अम्ब, अत्ति (माँ, बड़ी बहिन, माँ की बड़ी बहिन), अटवि (वन—संस्कृत के विद्वान इसकी मूल धातु 'अट्' बतलाते हैं) किन्तु इस शब्द का अर्थ गाम्भीर्य है जो विशेषतः द्राविड़ी शब्द है। केवल कि

(श्रवण करना) द्राविड़ी के केल (सुनना) शब्द से है; अथि (गाड़ी की कील), अम्बा, अंच (माता, पिता) अलि, कटुक, कटु (कड़ुवा—गलती से इसकी मूल धातु संस्कृत के 'कट्' शब्द (जाना) से बताई जाती है। कला, कुटि (झोंपड़ी), (तामिल कुडि—गृह); कूल, नीर (जल- द्राविड़ी नीर, नीरु—द्राविड़ी में जल के लिये केवल यही शब्द है); मीन—मछली (संस्कृत के विद्वान इसकी मूल धातु मी—'दु:ख देना,' बतलाते हैं किन्तु यह शुद्ध नहीं हो सकता। इसकी व्युत्पत्ति द्राविड़ी की 'मि' धातु (चमकना) अधिक सरल तथा सुन्दर है; द्राविड़ी 'मीन्'—(तारा) अरुमीन (सप्तर्षि नक्षत्र)। इसके अतिरिक्त द्राविड़ी में केवल मीन शब्द, ऐसा है जिसका अर्थ मछली है जबकि संस्कृत में मत्स्य शब्द भी है। मलय की मूल धातु संस्कृत की 'मल्' धातु (रखना, पकड़ना) कही जाती है किन्तु द्राविड़ी के मल, मलइ (पहाड़ी, पर्वत) के सामने यह असंगत है। अत: इसकी उत्पत्ति संस्कृत की अपेक्षा द्राविड़ी से अधिक उपयुक्त है।

नियम तृतीय (अ)

डा० काल्डवेल (Caldwell) के उद्धरण मे यदि हम 'संस्कृत' के स्थान में 'एक भाषा', 'पूर्व भाषा'; 'द्राविड़ी भाषा' के स्थान पर 'अपर भाषा, पर भाषा'; 'संस्कृत से सम्बन्धित भारोपीय भाषायें' के स्थान पर 'भाषायें' 'पूर्वभाषा की सम्बन्धित भाषायें'; 'प्रत्येक द्राविड़ी बोली' के स्थान पर 'पर भाषा की प्रत्येक बोली' तथा शेष में इसी प्रकार के अन्य परिवर्तन कर दें तो हम निम्नलिखित वाक्यांश को जोड़कर उसे विश्व के प्रयोग मे ला सकते है। प्रत्येक दशा में इसे तृतीय नियम के अन्तर्गत समझना चाहिये—

नता रखते हैं अथवा भाषा के किसी अपूर्व ग्रहण किये हुए स्वभाव के द्वारा व्यवस्थित होते हैं।

अपवाद

कभी कभी विद्वान लोग व्याकरण के बाह्य रूपों को भी शब्दों के साथ प्रयुक्त कर अव्यवस्थित बातों को स्थिर रखने का प्रयत्न करते हैं।

उदाहरण

संस्कृत व्याकरण-शास्त्र के विद्वानों ने बहुत कम किसी शब्द को विदेशी बतलाया है क्योंकि उनका अनुमान था कि वे जितने शब्द जानते थे उनमें से प्रत्येक के लिए संस्कृत की मूल धातु का पता लगा सकते थे। अत उन्होंने विदेशी शब्दों का पृथक व्यवहार नहीं किया। किन्तु संस्कृत साहित्य से जो कुछ झलक मिल सकती है उससे नियम का अपनाना ही प्रतीत होता है—जैसे ऋग्वेद के मना शब्द का अनुगमन हिरण्यया शब्द के द्वारा किया जाता है। अत देखने में तृतीया का रूप है और इसीलिये इसका प्रयोग अकारान्त किया गया है। इसी प्रकार 'वाराहमिहिर' के 'बृहज्जातकम्' (अध्याय-१ मतियाँ ३, ८, १८ अध्याय ११, ५२) में ग्रीक शब्दों का व्यवहार किया गया है —

'तौक्षिक आकोकेरो हृद्रोगश्च, हेलि सूर्य'।

द्वितीय भाग

[वैदिक एवं लौकिक संस्कृत तथा प्राकृत भाषाओं में आर्येतरांश]

—:❀:❀:०:❀:❀—

वृक्ष, फल, पशु आदि के नाम तथा अन्य प्रचलित शब्द

जब आर्य लोग सम जलवायु के भागों से आकर उष्ण जलवायु वाले भारतवर्ष में फैल गये, तो उनकी शब्दावली में इस नये देश के बहुत से पौधों, पशुओं तथा अज्ञात उपजों के लिए कोई शब्द न थे। तर्क के पश्चात यह अनुमान किया जा सकता है कि उन्होंने उन जनसमुदायों की भाषाओं से महत्वपूर्ण शब्दों को ग्रहण किया जिनके सम्पर्क में वह सर्व प्रथम आये। यहाँ पर कुछ उदाहरण दिये जाते हैं.—

कदली

स्कीट (Skeat) तथा ब्लैगडेन (Blagden) नामक विद्वानों ने मलय प्राय-द्वीप की भाषाओं तथा उनसे सम्बद्ध अन्य भाषाओं में आने वाले 'केला' के सभी नामों का विभाजन कर दिया है। उनकी प्रशंसनीय तुलनात्मक शब्दावली निम्न प्रकार से है:—

केला—कॅलुद १ (गेलुँई अथवा ग्लुद), तॅलुवि अथवा कॅलुनि, तेॅलूइ, (तलुइ); (तेलोनिल्ले) [१ तेलौइल्ले के लिये छापे की अशुद्धि], तोंलोउदं, (त्लोउद) तेलुइ, तेलोद, तेलेद, तेलेदं तेलि, तेलद, तेर्ला, तेलू ; नॅलाय, नॅल्द, त्लाद, त्लाय, त्लइ, तेॅ–मे , क्ले॑, तेलेद मम, तलुद पतुक, तलुद जेलंद [अर्थात जेलइ का], [दक्षिणी निकोबार—तन्लूइ 'केला', ख्मेर—तुत तलोह (तोउन तलोइ) 'कदली वृक्ष' (तुत का अर्थ 'वृक्ष' प्रतीत होता है, पलौंग—क्लोग्रइ 'केला']

ये सब रूप प्रारम्भिक 'ल' वाली एक धातु उपस्थित करते हैं जो गूढ स्वर भक्ति के तत्व से पूर्ण है जिसमें साधारणतया इ प्रकट होता है। इस धातु के पूर्व में एक उपसर्ग होता है जो कभी कभी मात्रा के साथ होता है के–, गे–, त–, तों–तेॅ– तथा कभी कभी क्–ग्–त्–री रह जाते हैं। यह सम्भव है कि उपसर्ग के मात्रिक रूपों के–, तों–, तेॅ– में पूर्व से ही क–, त–, के रूप हैं जो अधिक अप्रचलित है तथा बहुधा आग्नेयदेशी भाषाओं में पाये जाते हैं। इसके अतिरिक्त ऐसा प्रतीत

होता है कि प्रारम्भ में धातु में दीर्घ ई थी जो विभिन्न रीतियों से द्विस्वरसंधियों में परिवर्तित हो गई। अतः हम कदली के दो प्राचीन रूपों कली तथा तली को पा सकते हैं।

संस्कृत में हम कदली तथा कंदली शब्द पाते हैं जिन दोनों का अर्थ केला तथा केले का वृक्ष है। ये रूप भारोपीय परिवार में अस्पष्ट हैं किन्तु यदि हम क ली रूप का आधार लें तो इन शब्दों की उत्पत्ति का ज्ञान हो सकता है। ऐसा प्रकट होता है कि कदली का साधारण अन्त. प्रत्यय-द-,तथा क-न् द-ली का द्वित्व अन्त. प्रत्यय-न्-द-, उपसर्ग तथा धातु के मध्य में रखे गये हैं। द् (अ)-, तथा -न्-द् (अ)-अन्त. प्रत्ययों की उपस्थिति पूर्व ही आग्नेयदेशी भाषाओं में मान ली गई है किन्तु उनके कार्य की व्याख्या अभी तक नहीं की गई है।

कदली तथा कंदली के अतिरिक्त भारतीय आर्य में निस्सन्देह एक तीसरा रूप 'तंदली' था। वास्तव में बुद्ध के द्वारा भिक्षुओं के लिये अनुमति दिये हुये आठ प्रकार के पेय पदार्थों में से एक कोकपान है। 'महावग्ग' की टीका (६, ३, ५, ६) के अनुसार कोक एक प्रकार का कदली रहा होगा और कोकपान का अर्थ केले का शर्बत होगा। "यि-त्सिंग" (Yi-tsing) ने कोक का अर्थ त-द-ली बतलाया है। यह तंदली शब्द त-ली के आधार पर उसी प्रकार समझाया जा सकता है जैसे क-ली के आधार पर 'कंदली'

बाल–, कम्बल–, शिम्बल–

सुदूर पूर्व की भाषाओं में मनुष्यों तथा पशुओं के बाल का अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों में से निम्नलिखित शब्दों का प्रसंग दिया जा सकता है —

मलय—बुलु
चॅम—बलॅउ
जरॅ इ—बोंलाउ
बतक, दयक—बुलु
दगल—पोलोक
मलगसी—वोलो।

समान धातु से हिन्द चीनी भाषाओं के "रुई" के नाम समझाये जा सकते हैं:—

जरॅ इ—कोंपल
सेक—कोंपल
अनामाइट—वइ
लौशी—फाय

जरं'ई तथा सेक में धातु के पूर्व 'को' उपसर्ग है। अनामाइट तथा लौशी में अन्त का द्रव वर्ण, य में परिवर्तित हो जाता है जैसे बहुधा आग्नेयदेशी भाषाओं में होता है।

अत: इन रूपों की उत्पत्ति के लिये हम बल, बुलु धातु का अनुमान कर सकते हैं जिसका अर्थ "बाल, ऊन" है। संस्कृत में हम बाल-, वाल-, वार शब्दों को पाते हैं जिनका यही अर्थ है। शब्द प्राचीन है तथा वार शब्द पूर्व से ही ऋग्वेद (२, ४, ४) में पाया जाता है। बाल, वाल में ल की उपस्थिति प्रचलित रूप की ओर संकेत करती है तथा आर्येतर शब्दों के साथ समानता, जिसका प्रसंग दिया जा चुका है, आग्नेयदेशी उत्पत्ति बतलाती है। शब्द का ग्रहण, जादू तथा सर्वमान्य धर्म में ऊन और बालों के महत्व के कारण स्पष्ट किया जा सकता है। इसमें सन्देह नहीं है कि इस विषय में भारतीय विचार सदा आदिम जनसंख्याओं के विश्वासों द्वारा प्रभावित रहे हैं। उदाहरणार्थ बुद्ध के बालों की आराधना का प्रसंग दिया जा सकता है। राम के पुनीत कथानक में सुग्रीव के भाई प्रसिद्ध वानरराज वालि के नाम का आधार इस तथ्य पर था कि वह अपनी माँ के केशजाल से उत्पन्न हुआ था।

बाल—की आग्नेयदेशी उत्पत्ति संदिग्ध रहती, यदि संस्कृत का यह शब्द उस समुदाय का एक अंग न होता जिसके अन्य तत्व निश्चित रूप से आर्येतर हैं। हम अभी देखेंगे कि कम्बल, साम्बल शब्द बाल शब्द से पृथक नहीं किये जा सकते और ये भारतीय—आर्य परिवार के लिये विदेशी हैं।

ऐसा संदेह हो सकता था कि आग्नेयदेशी 'बल' धातु से "रोयेंदार जीव" अर्थ वाली संज्ञा बनाने के लिये इसमें क+अनुनासिक जैसे उपसर्ग होंगे। अत: संस्कृत में मोनियर विलियम्स की परिभाषा के अनुसार, एक प्रकार के हिरन अथवा अधिक स्पष्टतया "रोयेंदार खाल वाले एक प्रकार के हिरन" के अर्थवाले "कम्बल" शब्द को पाकर आश्चर्य नहीं करना चाहिये। जैसा कि कोई भी देख सकता है, पशु का वर्णन, उसके नाम के शब्द साधन से समानता रखता है।

इससे "कम्बल" शब्द का ऊनी माल के लिये प्रयोग सरल किया जा सकता है। "ऊनी माल" के अर्थ में "कम्बल" शब्द अथर्ववेद (१४,२,६६,६७) में मिलता है। यह शब्द निस्सन्देह आर्येतर उत्पत्ति का है तथा संस्कृत शब्दावली में इसका प्रवेश अथर्ववेद के सम्पादन के पूर्व ही हो गया था।

दूसरी ओर "रेशम के वृक्ष" का नाम पाली में सिम्बली अथवा सिम्बल तथा

संस्कृत में शाल्मली अथवा शाल्मल है। यहां पर कोई भी "बल" धातु को पहचान सकता है जो कुछ आग्नेयदेशी भाषाओं में रुई अथवा रुई के पेड़ के नाम का एक अंश है।

पाली की धातु में "सिम्" उपसर्ग है जैसे सिम्बल, सिम्बली में। शिम्बल शब्द पूर्व से ही वैदिक संस्कृत में वर्तमान है और इसका अर्थ सायण के अनुसार "रुई के वृक्ष (कपास) का फूल' है अर्थात इसकी कली ,जब कि अपने आच्छादन में ही रहती है तो एक बड़े सफेद फूल का रूप धारण करती है।

संस्कृत के शाल्मल, शाल्मली शब्द पाली के सिम्बल, सिम्बली शब्दों से समानता रखते हैं तथा समान अर्थ रखते हैं। किन्तु ये शब्द एक ही नहीं हो सकते। शाल्मल शब्द, एक अन्य रूप का संस्कृत-निर्मित शब्द हो सकता है। आग्नेयदेशी भाषाओं में 'बल' तथा स-, सि-, उपसर्ग के मध्य में एक अनुनासिक तथा द्रव वर्ण जोड़ा गया होगा। 'सिम्बल' शब्द में अनुनासिक म् है। 'शाल्मल' शब्द जिसमें द्रव वर्ण ल है 'सल्बल' शब्द का संस्कृत-निर्मित शब्द प्रतीत होता है।

संस्कृत के वाल, वल्बल, शाल्मल शब्द एक श्रेणी बनाते हैं जिसमें सर्वत्र वाल अथवा ऊन का भाव खोजा जा सकता है। उनमें अन्तर केवल उपसर्गों द्वारा अर्थात् एक ऐसे नियम द्वारा प्रकट किया जाता है जो भारतीय-आर्य की पदरचना के लिये विदेशी है। अत: यह आग्नेयदेशी 'बल' धातु है, जिससे हमें इन सभी शब्दों की उत्पत्ति का अनुमान करना चाहिये।

लांगल, लांगुल, लिंग

मुख्य मोन-ख्मेर तथा मलायुद्वीपी भाषाओं में हल के लिये निम्नलिखित शब्द प्रयुक्त होते हैं:—

ख्मेर — अंकाल, अंकल
मॅम — लइन, लडल लहर
खासी — क-लिकोर
तिम्बी — तेंगाल
मलय — तेंगल, तंगाल
बतक — तिंगल
मक्स्सर — नंकल

ऐसा अनुमान किया जा सकता है कि ये विभिन्न रूप या तो भारतीय-आर्य (संस्कृत-लांगलम्) से ग्रहण किये गये हैं अथवा ये सब एक प्राचीन आग्नेयदेशी

शब्द से उद्भूत हैं जिसमें आदि तथा अन्त में कई परिवर्तन हुए, जब कि मध्य भाग अधिक स्थायी रहा।

प्रथम अनुमान में दुरूह कठिनाइयों की सम्भावना है। लांगलम् शब्द का भारतीय-आर्य में कोई शब्द साधन नहीं है और निश्चित रूप से यह भारोपीय नहीं है। इसके अतिरिक्त ऊपर दिए हुए शब्दों का प्रतिरूप अनामाइट अर्थात उस जाति में पाया जाता है जो अपने पश्चिमी पड़ोसियों की भाँति भारतीयता के पूर्ण प्रभाव में नहीं आई है।

अनामाइट में कंइ शब्द क्रिया के रूप में "हल चलाने" के अर्थ में तथा संज्ञा "हल" दोनों अर्थों में प्रयुक्त होता है। सम्भवतः प्राचीन समय में यह शब्द अधिक लम्बा था क्योंकि अनामाइट में एकाक्षरत्व की ओर प्रवृत्ति प्रारम्भिक काल से दृढ़ता के साथ क्रियाशील रही है। वर्तमान रूप 'कंइ' के पूर्व एक प्राचीन रूप 'कंल' का अनुमान किया जा सकता है। वास्तव में, अन्त का ल जिसका स्थान *अनामाइट में इ ने ले लिया, अब भी कई मुण्डा बोलियों में सुरक्षित है :*

	अनामाइट	मुण्डा
"वृक्ष"	कंइ	कोंल
"भूरा होना"	दोइ	तोल
"दो"	हइ	हॅल
"उड़ना (चिड़िया का)"	बृइ	पल, पोंल

"हल" तथा "हल चलाने" के अर्थ में अनामाइट का 'कल' शब्द, जो एकाक्षर की दशा को प्राप्त हो गया है, बहुत कुछ आग्नेयदेशी रूपों से समानता रखता है। अन्तर केवल इतना है कि वे पृथक किये जा सकते हैं और यहाँ पर भारतीय प्रभाव असंगत होने के कारण हमें यह अनुमान करना पड़ता है कि हल के मोन-

ख्मेर तथा सुवर्णद्वीपी नामों की भारतीय-आर्य उत्पत्ति नहीं है। लांगलम् शब्द पूर्व से ही ऋग्वेद में पाया जाता है किन्तु शब्द के दो 'ल' इसका देशी भाषा का रूप सूचित करते हैं।

अतः हमें यही मानना पड़ेगा कि लांगलम् शब्द वैदिक काल से पूर्व की आर्येतर जातियों से ग्रहण किया गया है। यही फल उस दशा में भी अवश्यम्भावी है, यदि कोई भिन्न प्रकार की समस्या लेना है।

"हल" के अतिरिक्त संस्कृत का "लागलम्" शब्द "लिंग" का नाम भी रखता है। इसके विपरीत, विशेषत. सूत्रों तथा महाभारत में लागूल रूप मिलता है जो "लिंग" तथा (पशु की) "पूँछ" दोनों अर्थों में पाया जाता है। यदि लांगल-लांगूल की समता अधिकृत है तो शब्द का विकास सरलता से स्पष्ट हो जायगा। "लिंग" से बिना कठिनाई के "हल" तथा 'पूँछ' का अर्थ प्राप्त हो सकता है। भोग की क्रिया तथा हल चलाने की रीति में (जिसके द्वारा बीज डालने के लिये भूमि खोदी जाती है) स्पष्ट सादृश्य है। इस तथ्य से समस्या और भी जटिल हो जाती है कि लगभग अनिवार्य रूप से लिंग शब्द का, जो दृढता के साथ अन्य दो शब्दों से समानता रखता है, प्रवेश होता है।

जब तक हम भारतीय-आर्य क्षेत्र में रहते हैं तब तक इस प्रकार की समानता ध्वन्यात्मक रूप से असम्भव है किन्तु वह पड़ोस के समुदायों में उचित है। उदाहरण के लिए, खनखजूरा को चॅम भाषा में लपन अथवा लिपन कहते हैं। इसी भाषा में कलिक, कुलिक, कयउ तथा कुयॅउ, कबल तथा कुबुल पर्यायवाची रूप हैं।

स्कीट और ब्लैग्डेन के मतानुसार मलय प्रायद्वीप में 'पुलाइ' वृद निम्न शब्दों के द्वारा सूचित किया जाता है :

तिगकु
तॅंगकल
तॅंगकोल
तॅंगकॅल
तॅंगकुल

तॅंगकॅल का तॅंगकुल से तथा अन्तिम वर्ण रहित तिगकु या तॅंगकुल से वही सम्बन्ध है जो लागल का लागूल से तथा लिंग का लांगल, लंगल से है।

इस प्रकार हम इस अनुमान को पहुँचते हैं कि बहुसंख्यक तथा संदिग्ध रूप—लिंग, लंगल, लागल, लंगूल, लांगूल—एक ही शब्द के विभिन्न रूपों का प्रतिनि-

भिन्न करते हैं जो भारतीय-आर्य द्वारा आग्नेयदेशी भाषाओं से ग्रहण किये गये हैं। यह अनुमान और भी पुष्ट हो सकता है यदि यह दिखला दिया जाय कि लिंग शब्द के इसी अर्थ में समान रूप पूर्व की आर्येतर भाषाओं में मिलते हैं।

यहाँ पर आग्नेयदेशी भाषाओं में गुप्तेन्द्रियों के मुख्य नाम दिये जाते हैं:—

मलय प्रायद्वीप—लक, ल, लो

स्तींग—क्लाउ

बहनार—क्-लौ

खासी—त्-लो :

सन्थाली—लोच

हो—लोच

मुंडारी—लोच

रेवरेन्ड पी० ओ० बोडिंग का कथन है कि 'लोच' शब्द सन्थालियों के द्वारा असभ्यता का शब्द माना जाता है और औरतों के सामने नहीं कहा जाता है। इसी धातु से एक अन्य शब्द 'लिच' है जो बालकों की गुप्तेन्द्रिय के विषय में प्रयुक्त होता है किन्तु वह भी अनुचित समझा जाता है।

ये सब रूप 'लक' से उद्धृत ज्ञात होते हैं जो अब भी मलय प्रायद्वीप में पाया जाता है। अन्तिम क कभी-कभी विसर्ग में परिवर्तित हो जाता है और कभी कभी पूर्णतया लुप्त हो जाता है, जिसके फलस्वरूप स्वर, द्विस्वरसंधि में परिवर्तित हो जाता है।

यहाँ पर भी दो कारणों से भारतीय-आर्य से ग्रहण का अनुमान निकाल दिया गया है। लिंग का इ स्वर अ के रूप से उद्धृत किसी भी आग्नेयदेशी शब्द में अयोगावस्था में नहीं पाया जाता है। इसके अतिरिक्त "लिंग" का नाम अनामाइट भाषा में कॅक शब्द से पाया जा सकता है जो निस्सन्देह क्—लक से आया है। हम जानते हैं कि पूर्व के व्यंजनों के वर्ग अनामाइट में कुछ तो १७ वीं शताब्दी से पूर्व तथा अन्य अधिक पश्चात के समय में कम कर दिये गये।

अत: यह देखा जा सकता है कि एक प्राचीन आग्नेयदेशी धातु 'लक' ने-अल,—उल में अन्त होने वाले नाम सम्बन्धी उद्धृत शब्दों को जन्म दिया है। संस्कृत के लगुड, लकुट शब्द लांगूल के प्रतिरूप से ज्ञात होते हैं और इनका "छड़ी" में अर्थ भलीभांति 'लिंग' से लिया जा सकता है। संस्कृत के लांगूल "(पशु की) पूछ" के समानान्तर हम मलय के एकोर तथा मलय प्रायद्वीप में इकुल, इकुर, एकोर, कुर शब्द उसी अर्थ में पाते हैं।

कुछ रूप जिनकी परीक्षा हम कर चुके हैं अनुनासिकत्व भाव रखते हैं जो धातु में प्रविष्ट किया हुआ प्रतीत होता है। हम जानते हैं कि अधिकांश आग्नेयदेशी भाषाओं में अन्त. प्रत्यय न अस्त्रों के नाम बनाता है। यहाँ केवल एक उदाहरण दिया जाता है। ख्मेर का चॉका उत 'कपालनाश', चॅकाउत ('बाधा डालना', 'कपालनाश के प्रतिकूल चलाना') से एक अन्त प्रत्यय जोड़कर ग्रहण किया गया है। अत. यह विचारणीय बात है कि उपर्युक्त आर्येतर शब्दों में से उन शब्दों में अनुनासिक अन्त प्रत्यय का अभाव है जो शरीर के अंग के नाम हैं—जैसे लिंग, (पशु की) पूँछ—जब कि यन्त्र के नामों में जैसे 'हल' के नामों में वह पाया जाता है। इसके विपरीत, जैसी कि यहाँ शब्दों के विषय में आशा की जा सकती है, भारतीय–आर्य में इस सम्बन्ध में कोई नियमानुकूलता नहीं है। लगुड–लांगूल के भेद में पदरचनात्मक महत्त्व बिलकुल नहीं है।

—कल् (अ) म अनुनासिक अन्त प्रत्यय और प्रत्यय ख्मेर में एक साथ रहते हुये प्रतीत होते हैं। इस भाषा म 'बो' का अर्थ '(सवारी में) ले जाना' और बाकूल का अर्थ 'सवारी' है। यदि खासी के त्–लो. 'लिंग स कोई पीछे लग् धातु की ओर जाता है जिससे लिंगोर शब्द 'ल' उद्धृत है तो यह ना 'हाँकना' (ले जाना) से वक् धातु पर भी आ सकता है जिससे वाकून 'सवारी' शब्द समझ में आ जाता है। पल्ली धातु पूर्ण रूप से कल्पित नहीं है।

विकल्प के रूप से यह ख्मेर, न लूक शब्द 'चलाना (हाथ या अँगुली)' में पहचाना जा सकता है। इसके अतिरिक्त सन्थालियों में एक सर्वमान्य शब्द 'ल' (खोदना या छिद्र करना) है। लांगलम् जैसे उद्धृत शब्द हल का स्त्री सूचक पृथिवी में प्रवेश करना प्रकट करते हैं। अत प्रसंग की भाषाओं में 'लिंग' तथा 'हल' के नामों के अर्थ क्रमश. 'अंग जिसे कोई अन्दर प्रविष्ट करता है' तथा 'यन्त्र जिसे कोई अन्दर प्रविष्ट करता है' हैं।

धातु के मध्य में अन्त प्रत्यय को जोड़ने से शब्द को लम्बा करने या प्रभाव होता है जिससे शब्द के घटने की सम्भावना रहती है। इस प्रकार हल के आर्येतर नामों की लम्बाई एक ही धातु से उद्धृत उसी समुदाय के अन्य शब्दों के प्रसंग में समझाई जा सकती है। उदाहरण के लिए निम्न प्रकार से तुलना की जा सकती है:

मलय—लँगल 'हल', प्लुर द

खासी—क—लिकोर * 'हल', तू-लो, 'लिंग'

कदाचित यह बात विचित्र प्रतीत हो कि भारतीय आर्यों ने आग्नेयदेशी भाषाओं से इतने शब्द ग्रहण किये हैं। विभिन्न परिस्थितियों के कारण यह परिणाम हुआ है। कुछ आग्नेयदेशी जातियाँ आज भी खेत जोतने के लिये हल का प्रयोग नहीं करती हैं वरन् एक साधारण नोकदार छड़ी का प्रयोग करती हैं जिससे वे छिद्र बनाने का काम लेती हैं जिसमें बीज रख देती हैं। वहाँ लिंग तथा खेती करने के यन्त्र में सादृश्य इतना स्पष्ट है जितना सम्भव हो सकता है। प्रोफसर युगल स्टुअर्ट तथा मास ने यह संकेत किया है कि पपूआद्वीप तथा सागरद्वीप में खेती करने की छड़ी प्राय. लिंगाकार होती है। कुछ सागरद्वीपी भाषाओं में एक ही शब्द 'लिंग' तथा 'खोदने की छड़ी' का नाम होता है। सम्भव है कि भारत के आदिम निवासी सत्र से पूर्व इस छड़ी का प्रयोग जानते हों और हल के आविष्कार के पश्चात भी मिट्टी खोदने वाले यन्त्र के नाम में परिवर्तन नहीं हुआ।

प्राचीन विचारों की दृढ़ता से हमें सीता के जन्म सम्बन्धी कथानक को स्पष्ट करने में सहायता मिलती है। रामायण (१,६६) के अनुसार जनक के पृथिवी पर हल चलाने के समय सीता का जन्म हुआ। यहाँ पर नाम स्पष्ट हैं। जनक से "उत्पन्न करने वाले" का भाव है तथा सीता से "जोती हुई भूमि"। जोती हुई भूमि को जीवधारी अनुमान करना वैदिक काल से होता रहा है। महाभारत (७,१०१,३,६४५) में सीता, उत्पन्न की देवी है। सीता के जन्म के कथानक के अन्तर्गत अन्न उत्पन्न करने के विषय में एक प्राचीन पौराणिक कथा छिपी हुई है। उसमें भी वही शक्तियाँ प्रयत्न हैं और मुख्य क्रिया जो उनको प्रगतिशील बनाती है वह है हल–लिंग का स्त्रीवाचक पृथ्वी में प्रवेश।

दूसरी ओर, लिंग उपासनायें, जिनका महत्व हम हिन्द–चीन के प्राचीन धर्मों में पाते हैं, साधारणतया भारतीय शैव मत से गृहीत समझे जाते हैं। अधिक सम्भव है कि आर्यों ने भारत के आदिम निवासियों से लिंग की उपासना तथा मूर्ति का नाम ग्रहण किया हो। ये प्रचलित रीतियाँ, जिनसे ब्राह्मण लोग घृणा करते थे, प्राचीन काल में अधिक प्रसिद्ध न थीं। यदि हम अच्छी तरह समझने का प्रयत्न करें तो सम्भवत. जान सकते हैं कि लिंग के परिवार के इतने आर्येतर शब्दों का प्रवेश विजेताओं की भाषा में क्यों हो गया है।

---

*भारतीय–आर्य ने खासी के क-लिकोर से क-उपसर्ग भी ग्रहण किया है। महाभारत (३, ६४२) में कलागल शब्द एक प्रकार के शस्त्र के रूप में आता है। महाकाव्य में हल की तेज़ नोक के प्रयोग का केवल यही उदाहरण नहीं है। बलराम लांगलम् धारण करते हैं, इस कारण से लांगलिन् कहे जाते हैं।

ताम्बूल

हम जानते हैं कि कुछ अन्य उपजों के साथ पान की पत्ती एक चर्व्य पदार्थ बनाने के प्रयोग में लाई जाती है जिसकी भारतीय तथा हिन्द-चीनी जातियाँ बहुत प्रशंसा करती हैं। निम्न शब्द आग्नेयदेशी भाषाओं के पान के नामों को प्रकट करते हैं :—

श्तक—वलु
ख्मेर—म्लुग
बहनार—पों लों उ
रोंगाव—बों लों उ
गुए—मलुश्र
लवें—में लु
स्तींग—म्लु
खा—ब्लु
पर्लोंग—प्लू

ये सब रूप एक 'मलू' रूप में घटाये जा सकते हैं जिसके आदि अक्षर में बहुधा म/व उलट फेर करके हो जाता है। अन्तिम दीर्घ अक्षर का कभी कभी उग, श्रों उ, उश्र में द्विरव हो जाता है। स्वर कभी कभी ए, ओं के तालव्य रूपों में परिवर्तित हो जाता है और कभी लुप्त भी हो जाता है।

आदि वर्ण के विकार के साथ स्यामी भाषा में फ्लु रूप मिलता है जो श्रोष्ठ्य रहता है किन्तु महाप्राण अघोष हो जाता है।

अनामाइट बोलियों में तीन रूप मिलते हैं : त्रा' उ, गित्रा' उ जो बहुत भिन्न प्रतीत होते हैं किन्तु यदि हम मध्य-अनामाइट पर जाते हैं तो यह अन्तर कम हो जाता है : १७ वीं शताब्दी में फादर अलेक्जैन्डर डी रोड्स ने अपने शब्दकोष में ब्ला' उ पर भी ध्यान दिया है।

निम्नलिखित शब्द अधिक जटिल हैं

हलँग—जमलु
मोन—जॅबलु
मलय प्रायद्वीप—चॅम्बइ
श्रमइ
जॅम्बइ
जॅ'—

पूर्व के दो नामों में म्लु / म्लु अंश एक उपसर्ग के साथ पुनः प्रकट होता है : ल–म्लु, ज–म्लु। मलय प्रायद्वीप के रूपों मे च, चॅम् अथवा ॲम उपसर्ग हैं और प्राचीन धातु जिसमें ल का इ हो जाता है घट कर मद, बद, बि रह जाती है।

उससे भारतीय-आर्य के रूपों को समझाना सम्भव है :

संस्कृत — ताम्बूलम्

पाली — तम्बूली, तम्बूलं

प्राकृत — तम्बोलं, तम्बोलि

यहाँ पर हम मूल शब्द बूल / बोल पाते हैं जिसके पूर्व तम् अथवा ताम् उपसर्ग है। भारतीय–आर्य के अंश बूल में तथा आग्नेयदेशी बलू में अन्तर केवल स्वर के हेर फेर का है। इसके अतिरिक्त हम जानते हैं कि मोन–ख्मेर भाषाओं में क, त उपसर्ग, जो पशुओं तथा पौधों के नामों को बनाने में प्रयुक्त होते हैं, बहुधा मध्य में अनुनासिक द्वारा धातु से सम्बद्ध रहते हैं : जैसे तन्, तम् आदि। ये निरसन्देह वही उपसर्ग हैं जो तॉम्, दोम् रूपों में साधारणतया स्तींग, बहनार तथा कम्बोडी भाषाओं के वृक्षों के नामों के पूर्व में मिलते हैं।

अतः भारतीय-आर्य के ताम्बूल, तम्बूल, ताम्बूली, तम्बूली, ताम्बूलम्, तम्बूलम् शब्द जो भारोपीय परिवार के नहीं ज्ञात होते हैं, स्वयं (पान की) लता की तरह आग्नेयदेशी हैं। यह निर्णय और भी पुष्ट हो सकता है यदि हम हिन्द-चीनी रूपों की उत्पत्ति पर विचार करें।

पान के चर्व्य को बनाने के लिये उसकी पत्ती सिगरेट के कागज के समान मोड़ी जाती है। कम्बोडी भाषा में मोड़ने की क्रिया तथा उससे सम्बद्ध विचारों को सूचित करने के लिये निम्न शब्द हैं.—

मुर् "मोड़ना"

पोमिएल "मोड़वाना"

मुल् "गोल"

लोमुर, रोमुल् "मोड़"

स्तींग भाषा में भी हम मुल् "गोलाकार", मोर "मोड़ना" (सिगरेट) शब्द पाते हैं और फादर स्मिट इन शब्दों को बहनार के होंनुल से सम्बद्ध करते हैं।

आग्नेयदेशी परिवार से सम्बन्ध रखने वाली भारत की मुंडा भाषाओं के क्षेत्र के अन्तर्गत हम संथाली में निम्नलिखित शब्द पाते हैं :

गुलु–मुलु– "हथेलियों के मध्य रगड़ कर गोल करना, गोलाकार, वृत्ताकार"
गुड़मुडिच "गोलाकार, वृत्ताकार"

अतः आग्नेयदेशी भाषाओं में एक क्रियात्मक धातु 'मुल्'/'मुर्' है जिसका अर्थ है मोड़ना। पान की पत्ती अर्थात् उस वस्तु का जिसे कोई मोड़ता है सम्भवतः इसी धातु से नाम पड़ा है।

बंगाल की एक हिन्दू जाति, जिसका मुख्य उद्यम पान की खेती करना तथा उसे बेचना है बारुइ < बरइ। कहलाती है जो बार् शब्द तथा—अ—इ प्रत्यय से बना है। बारुइ का संस्कृत रूप बाट—जीविन् "बाट पर निर्वाह करने वाला" बनता है। एक शब्द बरोज भी है जिसका अर्थ एक प्रकार की मीठ से है जिसमें पान की बेल उगती है। यह प्रकट है कि बार—,बर—शब्द पान के नाम हैं और स्पष्टतया बलु आदि हिन्द—चीनी रूपों से सम्बन्ध रखते हैं।

ऊपर दी हुई शब्दों की तुलना उपदेशात्मक है। बंगला तथा हिन्द—चीनी भाषाओं के पान के नाम. के रूपों में द्रव वर्ण के पश्चात उ स्वर आता है जैसे बार, बलु, ब्लु आदि। इसके विपरीत संस्कृत तथा पाली में उ, द्रव वर्ण के पूर्व आता है जैसे क्रियात्मक धातु मुर्/मुल् में।

संस्कृत तथा मध्य—भारतीय भाषाओं ने उपसर्ग को सुरक्षित रखा है जिसका पान के आधुनिक नामों से लोप हो गया है और जो संस्कृत में ताम् और पाली तथा प्राकृत में तम् से सूचित किया जाता है। अतः भारतीय-आर्य का ताम्बूल शब्द सम्भवतः पान के प्राचीन आग्नेयदेशी नाम की सबसे शुद्ध प्रतिलिपि है।

1 हिन्दी में 'बरई' शब्द का अर्थ अब भी पान विक्रेताओं की जाति वाले व्यक्ति से है।

बाण

फादर डब्लू. श्मिट (Schmidt) ने निम्नांकित शब्दों का तुलनात्मक अध्ययन किया है :

मोन	ख्मेर	बहनार
"धनुष से पत्थरों को फेंकना { पॉइ / पा	"फेंकना, (रुई) धुनने के लिये सन्धानना" को:	
धनुष प्बॉइ	"रुई की धुनकी क्नो:	"धनुष खींचना { पॉनह / पनह

अन्त प्रत्ययों के साथ पान, पन् क्रिया से अप्रलिखित उद्धृत शब्दों की उत्पत्ति होती है पनर, पानर, पॉर, नोर। व्युत्पत्ति भिन्न भिन्न है किन्तु यह बात स्पष्ट नहीं है कि एक ही धातु धनुष मारने और रुई धुनने जैसी क्रियाओं के लिए क्यों प्रयुक्त होता है। निम्नलिखित तथ्यों पर ध्यान देने से यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है—

१—यह कि स्तांग भाषा में अन एक यन्त्र का नाम है जो कताई के पूर्व रुई तैयार करने के प्रयोग में लाया जाता है।

२—यही शब्द अन्य मोन ख्मेर भाषाओं में धनुष का नाम है (दना-अक, रियाँग, श्राक (धनुष), यलक अक)

दूसरी ओर सेनागस की मनस्कर जाति के मध्य में पान शब्द तीर चलाने के धनुष तथा रुई साफ करने के एक प्रकार के धनुष का नाम है। सोनरट[1] ने भारत में इसी प्रकार के यन्त्र का वर्णन किया है। रुई धुनने का यन्त्र एक प्रकार के धनुष के ही समान बना होता है। सर जा० ग्रियर्सन ने इसी प्रकार के किन्तु अधिक साधारण यन्त्र का वर्णन किया है।[1]

यदि रुई धुनने के लिये धनुष का प्रयोग हिन्द चीन में होता है, जैसा कि मलय द्वीप समूह तथा भारत में होता है तो अभी प्रकट हो जायगा कि इसी प्रकार एक ही उत्पत्ति के शब्द सन्धानने—धनुष अथवा बाण, और रुई के नाम के लिये प्रयुक्त होते हैं।

शब्दों को एकाक्षर बनाने की प्रवृत्ति से प्राचीन रूपों के घटने का प्रभाव पड़ा है

मोन	ख्मेर	स्तांग	रोंगो	मुर्योंग	अनामाइट
पन	बा	"धोत्रना पान, पा	धनुष' पन	पन	बन

इन शब्दों और बन्नर के पनर, पोनर में अन्तर प्रत्यय के अक्षर के लोप और अनुनासिक के कुछ परिवर्तनों द्वारा है।

१—तुलना कीजिए—संस्कृत तूल-कार्मुक तूल चाप, तूल-धनुष, रुई का धनुष, एक धनुष अथवा इसी प्रकार के आकार का यन्त्र जो रुई साफ करने में प्रयुक्त होता है" (—मोनियर विलियम्स)—हिमालय की लेपचा बोली में कि-अयोक शब्द (रुई का धनुष से साफ करना, धुनना) है।

जहाँ तक मोन के मोंङ "पत्थर फेंकने के धनुष" का सम्बन्ध है हम निम्न लिखित शब्दों पर ध्यान देते हैं :—

चुर : पनन : "धनुष"

कोन्दु : पनेङ

सेदँग : पॅनेङ, मॅनेङ

हलँग : मेनेङ

कोल अथवा मुंडा भाषाओं में, सन्थालो के बनम का अर्थ "सारंगी, सारंगी बजाना" है। यन्त्र की क्रिया में एक छोटे धनुष का आवश्यकता पड़ती है।

दूसरी ओर अधिकांश सुवर्णद्वीपी रूप 'पनह' में घटाये जा सकते हैं। यह शब्द मलय में धनुष तथा जावा द्वीप में धनुष और तीर का नाम है। बोर्नियो के दयक लोगों में धनुष को पनह कहते हैं। फिलीपाइन द्वीप समूह की असंख्य भाषाओं में पॅनॅं तीर का नाम है और मिन्दनाओ में पनह धनुष का नाम है। अन्त में मेडगास्कर में फन, फल्ल—धनुष तथा तीर दोनों के नाम हैं। एम० निउवेनहुइ जिन्होंने इन सुवर्णद्वीपी रूपों का अध्ययन किया है, तर्क के साथ मानते हैं कि प्राचीन काल में मलय द्वीपसमूह के सभी भागों में पनह शब्द के अर्थ धनुष तथा तीर दोनों होंगे।

इस प्रकार मोन-ख्मेर के रूपों की तुलना से यह शिक्षा मिलती है कि पाङ शब्द पङ, पोंङ क्रिया "धनुष खींचना" में अन्तः प्रत्यय जोड़ कर बना है। कोई भी समझ सकता है कि इस प्रकार बने हुये यन्त्र का नाम धनुष तथा तीर दोनों के लिये होता है अर्थात यह सब जिसकी धनुष तानने के लिए आवश्यकता है। अतः संस्कृत के बाण शब्द की उत्पत्ति में अब कोई सन्देह नहीं हो सकता है। यह आग्नेयदेशी भाषाओं से गृहीत बहुत प्राचीन शब्द है क्योंकि यह ऋग्वेद में (६,७५,१७) मिलता है।

आर्य लोग भारत में आने के पूर्व निश्चित रूप से धनुष का प्रयोग जानते थे। तो प्रश्न यह उठता है कि उन्होंने तीर के लिए आग्नेयदेशियों से शब्द क्यों ग्रहण किया ? सम्भवतः बांस के बने हुए तीर ही इसका कारण है कि उन्होंने नाम तथा यन्त्र दोनों को भारत के आदिम निवासियों से ग्रहण किया। वास्तव में मलय द्वीप पुंज में तीर, जिसे पनह कहते हैं, बांस का बना होता है। इसी प्रकार बाण शब्द स्पष्ट रूप से भारत में बांस अथवा बेंत के तीर का नाम है।

पर्याय

पङ, पोंङ, पां:—निशाना, जिनसे धनुष तथा तीर के नाम की उत्पत्ति हुई है,

सम्भवतः धातु के प्राचीन रूप का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। आग्नेयदेशी भाषाओं में साधारणतया अन्तिम वर्ण ह प्राचीन स से निकलता है। उदाहरणार्थ ख्मेर में अम्बों: 'रुई' का अन्य रूप अम्बस है। अत. कोई भी अनुमान कर सकता है कि पह, पोह, बों." क्रियाओं की प्रारम्भ में एक बस धातु थी जिसका अर्थ तीर फेंकने या रुई धुनने के धनुष के प्रयोग की क्रिया से था।

अब हमें निम्नलिखित नामों को, जो आग्नेयदेशी भाषाओं में रुई के नाम हैं, रचना समझने के लिये पर्याप्त ज्ञान है :

चौ-पश-वश, स्तीग पहि

ख्मेर—अम्बस, अम्बा:

बहनार—कों पहह

सदोंग—बों पें

कुआह—कपस

कचो—कोपस

रदे—कपस

मलय } —कपस
यवद्वीपी }

थतर—हपस

चॅम—क्प.

इन सब रूपों के आधार में बस धातु है, चाहे उनमें उपसर्ग हों या न हों, जिसका अस्थायी आदि वर्ण साधारणतया प अथवा व हो जाता है और अन्तिम अक्षर कुछ दशाओं में हानि पूरण करने के लिए ह के साथ कभी कभी मृदु होकर ह में परिवर्तित हो गया है। अत रुई के रेशे का उपयुक्त अर्थ है 'जो साफ़ की गयी अथवा धुनी गई हो।'

अधिकांश आग्नेयदेशी भाषाओं में साधारण उपसर्ग क अथवा को है। किन्तु हम जानते हैं कि इस भाषा-परिवार में अनुनासिक अथवा द्रव वर्ण का आगम बहुधा उपसर्ग और धातु के मध्य में होता है। इससे कदाचित् ख्मेर के (क्) अम्बस, (क्) अम्बो रूप स्पष्ट हो सकते हैं जिनमें आदि वर्ण का लोप हो गया है और इसी प्रकार हम संस्कृत के कर्पास 'रुई का वस्त्र' शब्द का विवरण दे सकते हैं जो भारोपीय के द्वारा नहीं समझाया जा सकता।

पट, कपट

संस्कृत के कर्पास शब्द के अतिरिक्त, जो कर् उपसर्ग के साथ प्राचीन धातु

वस से आया है, उसी भाषा में पट और कर्पट शब्द का पाना एक विलक्षण बात है जिन दोनों का अर्थ 'रुई का माल' है। पट और कर्पट दोनों की साथ २ उपस्थिति से हमें निस्संकोच कर उपसर्ग को पृथक करने का अवसर प्राप्त होता है और यह हमें पुनः आग्नेयदेशी क्षेत्र की ओर संकेत करती है।

कर्पास तथा कर्पट शब्दों की ध्वन्यात्मक समानता से हम यह सोच सकते हैं कि ये शब्द परस्पर शुद्ध प्रतिरूप हैं। स से ट में परिवर्तन होना भारतीय-आर्य के लिये अचिंतित है किन्तु हिन्द-चीन की कई भाषाओं में त नियमानुसार मोन-ख्मेर के व्यापक परिवार के स से समानता रखता है :

मोन	ख्मेर	स्तीग	बह्नार	अनामाइट
सॉक	सॅर	'बाल' सॉक	सोॅच	तॉक

ख्मेर के बोॅस 'धोना (साफ करना), भाड़ू लगाना', के सामने हम लेवशी के पॅत को पाते हैं।

अतः एक ओर संस्कृत का कर्पास तथा दूसरी ओर पट, कर्पट या तो अनुक्रमिक कालों में ग्रहण किये गये हैं या विभिन्न बोली बोलने वाली जनसंख्या से आये हैं।

मातग, मतंग

हाथी समस्त वस्तुओं को अपनी शुण्ड द्वारा ग्रहण करता है, इसीलिये कुछ भाषाओं में इसका नाम 'हाथ' को सूचित करने वाले शब्द के आधार पर रखा गया है। हाथी के संस्कृत में हस्तिन्, करिन् नाम हैं जिनका अर्थ एक हाथ वाले जानवर से है (हस्त–, कर–,)। सुवर्णद्वीपी समुदाय के [illegible] भाग में हाथी का नाम लिमन है जो लिम शब्द 'हाथ' से बना है।

आग्नेयदेशी भाषाओं में 'हाथ' [illegible] वाले शब्दों के दो मुख्य भेद हैं : जिनके अन्त में व्यंजन हो अथवा न हो।

(अ) अन्तिम व्यंजन वाले—मलय प्रायद्वीप की बोलियाँ : तोंग, तुंग, ताक (ख्मेर दंग [तंग], स्ताग तंग 'हथाई, मुठिया')

(ब) बिना अन्तिम व्यंजन वाले—मोन ताय [तइ], ख्मेर दइ [तइ], अनामाइट तय, पर्लोंग तइ, गन्थालो ति इत्यादि।

सम्भवतः ये समस्त रूप प्राचीन [illegible] नट रूप से बने हैं (स्तोट तथ

ब्लेगडेन ने मत्र को सुरनिन रीति से प्रस्तावित किया है) जैसे कि आग्नेयदेशी भाषाओं में कभी अन्तिम व्यंजन लुप्त हो जाता है और स्वर भक्ति के अंशों इ और य को स्थान देता है। इस प्रकार निम्नलिखित रूप स्पष्ट किये जा सकते हैं जिन सबका अर्थ 'हाथ' है —

मलय तथा बतक—तङन

मलगशी—ताङन

चॅम—तङिन

जरइ—*तों ङन*

मलय प्रायद्वीप की कुछ बोलियों म 'हाथी' के नाम करण क लिए तङ, ताङ, तगल, मइननोंग तत्वों के सहित एक शब्द मिलता है।

यदि इन आधुनिक रूपों क विस्तार बहुत गूढ हैं, तो यह बात भारतीय आर्य के मातग, मतग 'हाथी' के लिये भिन्न है। कोई भी, सर्व प्रथम दृष्टिपात करने पर, यहाँ म-उपसर्ग पूर्वक तङ अश को देख सकता है। मातग जो एक जानवर का नाम है, कभी कभी भारतवर्ष की एक आदिम जाति क अर्थ म भी प्रयुक्त होता है।

आग्नेयदेशी भाषाओं में म-उपसर्ग की उपस्थिति विशेषत निम्नलिखित उदाहरण से सिद्ध होता है

यह सन्थाली के मरङ शब्द म पाया जाता है जिसका अनुवाद ए० कैम्पबेल-'विशाल, दीर्घ, महान्, दीर्घाकार—अथवा विशाल, दीर्घ, महान्, दीर्घाकार होना या होने के कारण बनना, प्रथम—उत्पन्न, मुख्य, अध्यक्ष, प्रमुख' करते हैं। मरङ शब्द रङ, लङ धातु तथा म-उपसर्ग स बना है जैसा कि इस परिवार की भाषाओं के 'महान' अर्थ वाले शब्दों स सूचित होता है। चॅम भाषा का प्रौढ शब्द, तथा जरइ क प्रोइ, ग्लोङ भी विचारणीय हैं। आधुनिक अनामाइट म लोन शब्द 'महान' ने केवल धातु को ही सुरक्षित रखा है। किन्तु मध्य-कालीन अनामाइट म १७ वीं शताब्दी में भी म्लो न शब्द क अन्तर्गत म अक्षर का चिन्ह मिलता है। ।

खासी भाषा म सर्वनामों क पूर्व, विशेष बल देने के लिए, म अव्यय का प्रयोग होता है। उपसर्ग के रूप म म-, सर्वनाम पर जोर देता है—नूगा न अ ग भ ङगा मैने कहा, मैने भी। ऐसा भी प्रतीत होता है कि इस जोर देने वाले अव्यय का मध्यम पुरुष सर्वनाम क पूर्व मृदु रूपों म प्रयोग, उसक साथ सकुचित रूप में रहता है।

मयूर-, मयूक- मरक, महक

मयूर शब्द ऋग्वेद म मिलता है। प्राफसर जूल्स ब्लाख (Jules Bloch)

इष्टका

शिल्पकला तथा धार्मिक कृत्यों में प्रयुक्त होने के कारण 'ईंट' का भारतीय सभ्यता में बड़ा महत्व है। अत. ईंट शब्द की उत्पत्ति, भारतीय सभ्यता की उत्पत्ति पर प्रकाश डालेगी। एम० सी० सरकार ने यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है कि यह शब्द द्राविड़ी उत्पत्ति का है। हाल में ओटो स्टीन (Otto Stein) ने इस मत की आलोचना की है।

डा० सुनीति कुमार चटर्जी निम्नलिखित रूप बतलाते हैं "इष्टा, इठ, इट्ट (इठ) =इष्ट क। हिन्दी में ईंट, इठ, इठ रूप हैं। इसके फलस्वरूप एस० सी० सरकार इष्टका में 'इट्', 'इट' के संस्कृत रूप देखते हैं जिनका सम्बन्ध वे द्राविड़ी धातु इट (इड) से बतलाते हैं जिसके अर्थ हैं 'खोदना, कुदराना, खोदा हुआ"। इसी धातु से उक्त विद्वान द्राविड़ी के इट्टिका (ईंट) शब्द की व्युत्पत्ति बतलाते हैं। अथर्व वेद (५, ६, १४, ३,) के 'इट' शब्द का अर्थ वे 'मिट्टी' बतलाते हैं और विभिन्न नामों इटली, इटारसी, इटावा आदि में यही धातु पहचानते हैं। इनसे वे इस निर्णय पर पहुँचते हैं कि गंगा नदी की घाटी के द्रविड़ों ने आर्यों को ईंटों को तैयार करने तथा प्रयोग में लाने की शिक्षा प्रदान की है।

ओ० स्टीन (O, Stein) का तर्क इस प्रकार है—

द्राविड़ी व्युत्पत्ति का बहिष्कार करना चाहिये क्योंकि "खोदने" के अर्थ वाली धातु से 'ईंट' शब्द नहीं बन सकता था। द्राविड़ी भाषा का इट्टिका शब्द निस्सन्देह भारतीय आर्य से गृहीत शब्द है। अन्त में, इष्टका शब्द की भारोपीय विशेषता में कोई सन्देह नहीं है जैसा कि अवस्ती इश्त्य शब्द से तुलना करने पर सिद्ध होता है।

जाँ प्रिल्युस्की (Jean Przyluski) * तो सरकार के विचारों से सहमत हैं और ईंट के नाम की आर्येतर उत्पत्ति में विश्वास करते हैं। ये 'इष्टका' शब्द को प्राचीन शब्द का संस्कृत रूप मानते हैं। उनका कथन निम्न प्रकार से है —

पाली में हम लेड्डु तथा लेड्डुक शब्द पाते हैं जिनका अर्थ है "मिट्टी का ढेला"। इनसे समानता रखता हुआ संस्कृत में लेष्टु शब्द है। गाइगर के मतानुसार लेठ्ठु, लेड्डु =लोष्टु। प्राकृत भाषाओं से लेड्डु, लेट्ठय, लेट्ठुअ, लेडुक, लेडु, लेडुअ, लेड्डुक, लेडु आदि विभिन्न रूप प्राप्त होते हैं। संस्कृत के लेष्टु के पक्ष में हम पुन लेष्टु को पाते हैं। लोष्टु/लोष्ट का प्रत्येक दशा में एक ही अर्थ है और प्राकृत भाषाओं से लोढ, लोट्ठय आदि अन्य शब्दों की श्रेणी भी मिलती है।

*On the origin of the Aryan wod Istaka(I.H Q, Vol. 7)

मुंडा परिवार की प्रसिद्ध भाषा सन्थाली में एक विशेषण लेटको है जिसके अर्थ हैं "लसलसा, चिपकनेवाला, जैसे कुछ प्रकार का मिट्टियाँ", तथा एक क्रिया लेटकाम है जिसका अर्थ है "चिपटना, लगना"। इनके साथ ही साथ अन्य शब्द 'लेटेलेटे' (मुलायम, कीचड़ के समान, नम) तथा 'लेट' (धूलवाला, कीचड़ अथवा धूल से ढका हुआ, लेप करना, लेसना—कैम्पबेल—'सन्थाली—अंग्रेजी शब्द कोष') जोड़े जा सकते हैं। मुंडा का एक प्रचलित धातु अर्थात्-लेट के वर्तमान होने से भारतीय आर्य के लेष्टु आदि शब्द, जिनका अर्थ "मिट्टी, मिट्टी का ढला" है सरल हो जाते हैं (संयुक्त शब्द लोष्टुमय भी है जिसका अर्थ "मिट्टी का बना हुआ, मिट्टी का" है)।

यह भली भाँति ज्ञात है कि भारतीय आर्य के आर्येतर उत्पत्ति वाले शब्दों में आदि वर्ण का प्रायः लोप हो जाता है। लेष्टु का लेष्ट में परिवर्तन विचित्र समझा जा सकता है और आदि अक्षर के लोप द्वारा यह रूप रह जाता है। इष्ट शब्द मध्य भारतीय के ए वाले रूप का संस्कृत रूप हो सकता है। अन्त में "मिट्टी के ढले" से "ईंट" के अर्थान्तर में कोई कठिनाई नहीं उपस्थित होती है।

'लेट्' धातु की आर्येतर उत्पत्ति के विषय में कोई संदेह नहीं हो सकता है, यदि हम निम्नलिखित भाषाओं के शब्दों की तुलना करें —

सन्थाली—लेट 'लेप करना, लेसना'

मोन—लेत "लेप करना, लेसना'

सेमाँग—लित-लुन 'लेसा हुआ'

सन्थाली—लेटे लेट 'मुलायम, कीचड़ के समान, नम'

मलय—लिअत 'मुलायम, लचीला'

सेमाँग—न-लिअत 'मुलायम भूमि, मिट्टी'

मलय—तानह-लाअत 'मिट्टी'

ख्मेर—दैद् एत 'मिट्टी'

ख्मेर—एत ईंट'

विरोध में कोई भी कह सकता है कि आधुनिक मुंडा जातियाँ ईंटों का प्रयोग नहीं जानती हैं। उत्तर में, इसका कारण इस तथ्य के आधार पर है कि ये लोग *निर्धन होने के कारण आर्यों द्वारा भगा दिये गये* और तब से दीर्घ काल तक हीन दशा में रहे। हम इस मत को मानने में कोई आपत्ति नहीं कि सन्थाली जाति ने

अधम लोग उन लोगों के ही वंशज हैं जिन्होंने हड़प्पा तथा मोहिनजोदड़ो को बनाया। हिन्द चीन में चम जाति के लोग इसी स्थिति में हैं। ईंट के नाम के लिये उनका भी एक शब्द एकि–थक है किन्तु वे उन बड़ी तथा ठोस ईंटों का बनाना भूल गये हैं जिनसे उनके पूर्वजों ने इतने प्रशंसनीय स्मारक बनाये। किन्तु यत्र तत्र वाह्य आक्रमण के परिणाम स्वरूप निर्धनता के कारण उनकी प्राचीन क्रिया विलीन हो गई।

टी० के० जोसेफ* ने भी इस विषय पर प्रकाश डाला है। उनका मत इस प्रकार है :—

ईंट के लिये मलयालम का साधारण शब्द इष्टिक अथवा अशिक्षित मनुष्य की भाषा में इट्टिक अथवा इट्टिय है। दक्षिणी भारत के पूर्वीतट पर मलयालम देश के दक्षिणी भाग तथा तामिल देश के पड़ोस में वेट्टुकल (=कटा हुआ पत्थर, ईंट के रँग का एक पत्थर) तथा करिंकल (=काला पत्थर, बिल्लौरी पत्थर) के विरुद्ध, जो पकी हुई ईंटों के प्रवेश के पूर्व गृह निर्माण में प्रयुक्त होते थे, ईंट के लिये साधारण शब्द चेंकल (=लाल पत्थर) अथवा सुट्टकल (जला हुआ अथवा पका हुआ पत्थर) है। मलयालम क्षेत्र में (अथवा केरल में) ईंट का प्रयोग केवल एक या दो शताब्दी पूर्व आरम्भ हुआ। तामिल देश में इसका प्रयोग अधिक प्राचीन है।

उपर्युक्त मतों का अध्ययन करने पर दो बातें सम्भव प्रतीत होती हैं। या तो इष्टका शब्द की उत्पत्ति स्मेर के 'एग' शब्द से हुई या मलयालम के इट्टिक, इट्टिय, इष्टिक शब्दों से हुई क्योंकि इन सब शब्दों का अर्थ ईंट ही है। कुछ भी हो इतना तो मानना ही पड़ेगा कि इष्टका शब्द आर्येतर उत्पत्ति का है।

जातीय, भौगोलिक तथा ऐतिहासिक शब्द

कोसल–तोसल

कोशल शब्द संस्कृत के महाकाव्यों में भली भाँति परिचित है। सरयू नदी पर बसे हुये कोशल नगर की प्रशंसा से ही रामायण प्रारम्भ होती है। राम के पिता दशरथ इस नगर के राजा थे तथा राम की जननी कौशल्या 'कोशल देश की' थी

*Istaka and Istya (J. H. Q. Vol. 8. p 376)

कोशल की राजधानी अयोध्या भी पूर्णतया कोशल के नाम से प्रसिद्ध थी। महाभारत इसका सम्बन्ध काशी, मत्स्य, करुष, चेदि तथा पुण्ड्र से बतलाता है। भगवान बुद्ध के जीवन तथा उपदेश के सम्बन्ध में कोसल का भी महान पद प्राप्त है। यह उत्तरी भारत का अत्यन्त प्रसिद्ध राज्य है। कोशल का नाम वैदिक काल में भी मिलता है। शतपथ ब्राह्मण (१, ४, १, १७) में इसका उल्लेख विदेह के साथ मिलता है। महाभारत कोशलवासियों के दो भेद करता है—पूर्व के (प्राक्) तथा उत्तर के। रामायण उत्तर के कोशलवासियों को सर्वश्रेष्ट बतलाती है। बाद को कोशल देश अथवा महाकोशल नाम दक्षिण कोशल का हुआ। इसी नाम से इसका उल्लेख प्राय मध्य युग के शिलालेखों में मिलता है। जबकि कोशल गंगा के उत्तर में अवध का प्रदेश है, दक्षिणी कोशल का विस्तार एक ओर तो बरार और उड़ीसा तक तथा दूसरी ओर अमरकटक और बस्तर तक है। महानदी के उत्तरी मार्ग से मिला हुआ छत्तीसगढ का क्षेत्र उसका केन्द्र है।

तोसल के नाम का उतनी ख्याति प्राप्त नहीं है जितनी कोसल को। यह कोसल नाम से जुड़ा हुआ मिलता है और सम्भवत. अथर्ववेद परिशिष्ट, अध्याय ५६, की दक्षिण पूर्व स स्थ्य इस नाम की सूची में इस युग्म के अन्तर्गत होने के कारण यह लुप्त होने से बच गया है। अतः इस अवतरण के कोसल से दक्षिण कोसल का अर्थ है। यह कुछ पुराणों की भौगोलिक सूची में इसी प्रकार मिलता है (मत्स्य पु० ११३, ५३, मार्कण्डेय पु० ५७,५४, वायु पु० ४५, १३३ तोशला कोशला)। (स्त्रीलिंग में) तोसली का नाम धवल अशोक के शिलालेखों के अतिरिक्त भारतीयों को कठिनता से ज्ञात हुआ है। तोसली नाम किसी एक क्षेत्र के लिए अवश्य प्रयुक्त हुआ होगा, क्योंकि हम उत्तरा तोसली तथा दक्षिणी तोसली का विवरण प्राप्त करते हैं। तोलेमी नामक विद्वान भारत के ता सलेइ अथवा तोसले को गंगा के पार १५०° पूर्व तथा २३ २० उत्तर की ओर, गंगा से सुवर्ण के प्रायद्वीप के मार्ग में—किरात के समीप उस क्षेत्र के मध्य मे बतलाते हैं जो वर्तमान सिलहट तथा मणिपुर से समानता रखता है। तोसलेइ ५ दक्षिण और ४ पूर्व में तोलेमी एक त्रिलिंगन अथवा त्रिलिंगपत्तन नाम का नगर बतलाते है। उसी अवतरण में अन्य नगर तोलेमी द्वारा गिनाये गये हैं जो अभी तक अज्ञात हैं —

रटमरकोट—जहाँ पर जटामासी की अधिकता है, ऐथीन गोनोन, मनिऐन, तोसलेइ आदि। सेंट मार्टिन ने रटमरकोट की समता एक प्राचीन राजधानी रगामटी से किया है जो ब्रह्मपुत्र के निचले पश्चिमी तट पर स्थित है और अब उदेपुर (उदयपुर, सूर्योदय का नगर) नाम से प्रसिद्ध है। यूल नामक विद्वान

जो कि इस समानता से सहमत हैं, इस स्थान के नाम का संस्कृत रूप रंगमृत्तिका देते हैं।

जटामासी का संस्कृत नाम नलद है। किसी शब्द के अक्षरों के स्थान परिवर्तन के नियम द्वारा, जो संस्कृत में र की दशा में सदा सरल है, लन् (अ) द और तब रन्द रूप हुआ है। जहाँ तक ल और र के परिवर्तन का प्रश्न है, उसका अवशेष हम निश्चित रूप से पाणिनि के किसरादिगण (४, ४, ५३) में पाते हैं। गणपाठ में किसर के बाद नरद और नलद शब्द आते हैं। पी० डब्लू० बोटलिंक नरद शब्द में जटामासी के नाम को स्वीकार करने में संकोच नहीं करते हैं। चन्द्रगोमिन् ने उसी गण में नरद को निकाल कर केवल नलद रखा है। वनस्पति-विज्ञान की नामावली में नलद को "नरडोस्टैकिस जटमैन्सी" (Nardostachys Jatamansi) अथवा 'नैरडस इन्डिकस' (Nardus Indicus) कहते हैं। खोरी (Khori) और कतरक (Katrak) उच्च हिमालय को इसका स्थान सूचित करते हैं। इसी प्रकार यूल (Yule) और बर्नेल ((Burnell) संकेत करते हैं कि 'नरडोस्टैकिस जटमैन्सी' का पौधा अधिक ऊँचे हिमालय की उपज है। अतः यदि रैन्डमरकोट्ट जटामासी से पूर्ण है तो यह या तो हिमालय की ऊँचाइयों में स्थित होगा अथवा उसके इतना समीप होगा कि बाजार का काम देने योग्य होगा। अतः रैन्डमरकोट्ट उत्तरी बंगाल की ओर ले जाता है। प्रश्न यह उठता है कि किस भ्रम-पूर्ण सूचना से तोलेमी ने तोसली (तोसलेद, तोसले) तथा त्रिलिंग (त्रिलिंगोन) को गंगा नदी के पूर्व में स्थिति बताई है? और फिर भी तोलेमी तोसली के महत्व से अनभिज्ञ न थे, क्योंकि उन्होंने इसे राजधानी का नाम दिया है।

कुछ भी हो, यह निश्चित है कि तोसली, उड़ीसा के कटक जिले में स्थित था और वर्तमान धौली और तोसली के समीपवर्ती अथवा उसी के सदृश स्थान पर स्थित है। तो यह प्रश्न उठ सकता है कि धौली नाम ही तो तोसली के प्राचीन नाम का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। तोसली का धौली में परिवर्तन ध्वन्यात्मक रीति से असम्भव नहीं है। संस्कृत के दो स्वरों के मध्य का ऊष्म प्राकृत भाषाओं में साधारण महाप्राण हो सकता है और कुछ दशाओं में अनश्वर हो जाता है ('पिशेल' २६४)—उदाहरण दिअह=दिवस। इसी प्रकार यदि तोसली का तोहली में विकास हो सकता था, तो यह अस्पष्ट नाम धौली 'शब्द' की ओर संकेत कर सकता था। इस सम्बन्ध में यह बात ध्यान देने योग्य है कि स>ह, त>द और 'ह' के प्रभाव से तथा पूर्व अल्पप्राण व्यंजन 'द' 'ध' में परिवर्तित होने के कारण निम्नलिखित रूप प्राप्त होते हैं:—

तोसली > तोह्‌ली, दोहली, धोली, धौली। इसके अतिरिक्त 'धवलगिरि' से 'धौली' की व्युत्पत्ति भी विचारणीय है।

एक ग्रन्थ, जिसका उल्लेख अभी नहीं किया गया है, तोसली की स्थिति की समस्या को सुलझाने में सहायता देता है। वह है बौद्ध संस्कृत ग्रन्थ 'गण्डव्यूह' जो नेपाल में सुरक्षित है किन्तु अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ है। किन्तु वास्तव में यह केवल एक भाग है। यह उस विस्तृत संग्रह का अन्तिम भाग है जिसका शीर्षक 'अवतंसक' है तथा जो पूर्ण रूप से चीनी तथा तिब्बती भाषान्तर में सुरक्षित है। हम जानते हैं कि 'अवतंसक' का अन्तिम भाग उड़ीसा में आठवीं शताब्दी में ही एक पृथक ग्रन्थ माना जाता था और उस समय वहाँ विशेषरूप से मान्य था।

ग्रन्थ का नायक सुधन, मञ्जुश्री का प्रिय शिष्य है जो अपने गुरू के आदेश से पग पग पर कभी राजा से तो कभी दास से, प्राचीन ऋषि अथवा भोले बच्चों से शिक्षा ग्रहण करता हुआ भारत की परिक्रमा करता है। उसे यथायोग्य उपदेश देकर उपासिका अचलस्थिरा ने उससे कहा "ऐ युवक, अपने मार्ग पर जाओ। इस दक्षिणी भूभाग में, जहाँ हमलोग हैं, अमिततोसल नामक देश है, उस देश में तोसल नाम का नगर है, वहाँ सर्वगामिन् नाम वाला भ्रमण करता हुआ एक सन्यासी है [illegible]।" [illegible] अनेक ग्रामों में होता हुआ वह तोसल नगर की खोज में उस अमित तोसल देश को गया। सूर्यास्त के समय उसने तोसल नगर में प्रवेश किया। वह नगर के चौक के मध्य रुका, तत्पश्चात गली गली, स्थान स्थान तथा गाड़ी के मार्गों में होता हुआ अन्त में सर्वगामिन् के पास पहुँचा और जब रात्रि समाप्त हो रही थी, उसने तोसल नगर के उत्तर में सुरभ नाम के पर्वत को देखा जिसकी चोटी मैदानों, वृक्षों, पौधों तथा [illegible], [illegible] से [illegible] थी।

चीनी अनुवादकों में सबसे प्राचीन बुद्धभद्र, संस्कृत ग्रन्थ के अमित-तोसल को पु [illegible] चेंग नाम देते हैं जो महाव्युत्पत्ति के अनुसार (२४६, ९२६ तथा २४७, ९२३) अतुल्य "अतुलनीय" का पर्यायवाची है। यह अर्थ [illegible] शब्द से निकल सकता है जिसका शाब्दिक अर्थ "अपारमित, [illegible] है [illegible] चीनी भाषा में अमित शब्द का साधारण अनुवाद [illegible] है [illegible] शिक्षानन्द (१,६,२८) और प्राज (१,५,५०) के अनुवाद में पाया जा सकता है। शिक्षानन्द और प्राज नगर के नाम का प्रतिनिधि [illegible] करते हैं। बुद्धभद्र इसका अनुवाद [illegible] करते [illegible] जो महाव्युत्पत्ति (२४५,६) के अनुसार 'सतुष्ट' शब्द के पर्यायवाची का काम करता है। बुद्धभद्र तोसल नाम में तुष धातु "सतुष्ट करना" स्वीकार करते हैं। [illegible] के संस्कृत में

हस्तलिखित ग्रन्थों में एक ही अवतरण में तीन वैकल्पिक रूप मिलते हैं : तोसल, तोषल तथा तोसर। बुद्धभद्र पर्वत का नाम नहीं देते हैं। वे केवल यही कहते हैं कि इस नगर के उत्तर में उदयकालीन सूर्य के सदृश देदीप्यमान एक पर्वत है। शिक्षानन्द तथा प्राग—नगर के पूर्व में पर्वत की स्थिति के परिज्ञापन में पूर्णतया सहमत हैं। दोनों विद्वान इस नाम का अनुवाद चीना भाषा में करते हैं। शिक्षानन्द शेन नो 'अच्छा गुण' जिसका संस्कृत रूप सगुण होना है, देते हैं, प्राग इसका अनुवाद मिश्रौ कि सिग्रंग "अपूर्व मंगल" करते हैं जो मञ्जुश्री के नाम के पर्यायवाचियों में से है। ऐसा प्रतीत होता है कि नाम सम्बन्धी इस विषय पर उड़ीसा नरेश के राजकीय हस्तलेख का विश्वास करना चाहिये जो प्राग के अनुवाद के आधार पर है। कदाचित स्थानीय जाँच से यह प्रश्न हल हो सकेगा।

यह ध्यान देने योग्य बात है कि इस प्रकार के बहुत से नाम, जिनपर हमें विचार करना है, कभी लेख में स्थायी तथा दृढ रूप को नहीं प्राप्त हुये हैं। कोसल और तोसल शब्दों का दन्त्य ऊष्म, जो दो स्वर के होते हुये भी मध्य में सुरक्षित है, एक प्रकार से संस्कृत व्याकरण के कठिन नियमों के विरुद्ध है जिसमें ऐसी दशाओं में दन्त्य स का मूर्धन्य ष में परिवर्तन होने का विधान है। तालव्य ऊष्म के साथ कोशल रूप साधारण प्रयोग के लिये भी ग्रहण किया गया है। इससे उपर्युक्त कठिनाई दूर हो गई। इससे भी अधिक प्रशंसनीय लाभ इस दुरूह जातीय नाम को साधारण शब्द परिवार कोश, कुश, कुशल से सम्बद्ध करने का है जिनमें तालव्य ऊष्म सम्मिलित हैं। तोसल शब्द पर भी कम प्रभाव नहीं पड़ा है। यह तोष आदि शब्दों के सादृश्य से आकृष्ट हुआ है जो संतोष अर्थ को प्रकट करते हैं। अत. हम प्राय तोषल शब्द पाते हैं किन्तु कभी कभी कोशल की तरह तोशल शब्द भी मिलता है।

तोसल तथा धौली

'गण्डव्यूह' ग्रन्थ के अनुसार तोसल नगर के उत्तर में सुरभ नाम का पर्वत स्थित है। बुद्धभद्र के चीना अनुवाद में ग्रन्थ का पूर्ण रूप से अनुगमन किया गया है। शिक्षानन्द तथा प्राग के अनुवाद में पर्वत की स्थिति नगर के पूर्व में बतलाई गई है। इन विद्वानों ने उड़ीसा नरेश की राजहस्तलिपियों का अनुवाद किया है जो इस सम्बन्ध में अधिक प्रामाणिक है।

यदि तोसल की समानता धौली तथा उसके समीपवर्ती भाग से की जाय, तो सुरभ पर्वत की समता धौली पर्वत से की जा सकती है (जो धवलगिरि भी कहलाता है) क्योंकि उस भूभाग में केवल यही पहाड़ी है। धौली की स्थिति भुवनेश्वर के

मोदो=मुड=३, गलिंग=कलिंग—अर्थात तीन कलिंग जो मध्य युग के बहुत से शिलालेखों का त्रिकलिंग है।

उत्कल—मेकल

इन दोनों नामों में उतना ही घनिष्ट सम्बन्ध है जो अंग और वंग में। रामायण* में इनका प्रसंग एक साथ आता है—मेकलान् उत्कलाश्चैव। क्षेमेन्द्र** उन्हें और अधिक घनिष्टता से मिलाते हैं; मेकलोत्कलिका.। महाभारत में भी यही बात मिलती है: मेकलोत्कला: कलिंगा:। इन जातियों के विषय में मार्कण्डेय पुराण के अनुवाद (पृष्ठ ३२६) में पार्जीटर की टिप्पणी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उनका कथन है कि उत्कल जातिया भली भाँति परिचित थीं और बहुत प्रारम्भिक उत्पत्ति की एक जंगली जाति का निर्माण करती थीं क्योंकि उनके आस पास की जातियों से उनका निकट सम्पर्क नहीं प्रतीत होता है उत्कल में छोटा नागपुर का दक्षिणी भाग, उड़ीसा की सहायक नदियों वाला राज्य तथा बलसोर जिला सम्मिलित थे।

यदि उत्कल का नाम अपनी शक्ति के साथ सुरक्षित है, तो मेकल का नाम धर्म से सम्बन्धित स्मृति के रूप में अवशिष्ट है। मेकल की ऊँचाइयों में भारत की एक महत्वपूर्ण तथा पवित्र सरिता नर्मदा का जन्म होता है। अमर तथा अन्य कोषकारों ने उसे एक पवित्र पदवी "मेकलकन्यका" (मेकल की पुत्री) दी है। यहाँ भी कोई निश्चित रूप न स्थापित होने के कारण यह नाम साधारण "मेखला" शब्द की समानता से आकृष्ट हुआ है और लिखित रूप दोनों के मध्य में आता है। अमर के टीकाकार सर्वानन्द दोनों को प्रामाणिक मानते हैं:— (मेकलाचल प्रभवत्वाद् मेकलकन्यका मेखल कन्यकेति केचित्। यन्मेखलादभवति मेखलशैलपुत्री इति रत्नकोष) मेकल नाम की अप्रसिद्धता दुःखद रूप में महाभारत के कलकत्ता के प्रकाशन में प्रकट है जिसमें कई बार साधारण 'मेला' शब्द से प्रभावित मेलक नाम मुद्रित है। ब्रिटिश भारत के राजकीय भूगोल में प्राचीन नाम सुरक्षित है। मैकल श्रेणी के नाम के अन्तर्गत यह उस पर्वत शृंखला का नाम है जो नर्मदा नदी के उद्गम (अमरकंटक से आरम्भ होती है और दक्षिण तथा दक्षिण-पश्चिम की ओर बालाघाट (Balaghat) जिले तक विस्तृत है।

उत्कल देश का एक अन्य नाम भी है जिससे आधुनिक उड़ीसा का नाम गृहीत है। उड़ीसा वास्तव में ओड्रदेश 'ओड्र का देश' है। यूरोपीय विद्वानों के द्वारा प्रयुक्त उलिसस, उडेज, ओरिस आदि ओड्रदेश से उद्धृत हैं। आजकल उड़ीसा की

---

* (IV, 41, 9B, 41, 14G,) ** (रामायणमञ्जरी—IV, 234)

और जिसने एक सभ्यता का विस्तार किया जो भारत की एक शाखा बनाती है। सर आर्थर फैरे के अनुसार यह साधारणतया स्वीकृत किया जा सकता है कि तलैंग=तेलिंग। फोर्च हैमर ने एक अन्य अर्थ प्रस्तावित किया है जो मोन भाषा के आधार पर है। मोन भाषा में तलैंग का अर्थ है "पैर से कुचला हुआ"। इस अपमान सूचक शब्द ने मोन जातियों के पराजय के पश्चात शुद्ध जातीय नाम का स्थान ले लिया होगा। फैरे स्वय यह विचार करते हैं कि यद्यपि कलिंग शब्द पीगू के इतिहासों में आता है किन्तु तैलिंगान शब्द वहाँ कहीं भी नहीं मिलता है। यह दशा भारत की दशा के बिल्कुल समानान्तर है। हमारे सम्मुख अत्यन्त प्राचीन रूप का नाम है जिस पर साहित्य ने अधिक समय तक ध्यान नहीं दिया है। तोलेमी के द्वारा त्रिलिंगोन के अतिरिक्त त्रिग्लिप्तन अथवा त्रिग्लिफोन नाम प्रयुक्त किये गये हैं। ये शब्द त्रि (संस्कृत "तीन")+ग्लिप्तन अथवा ग्लिफान से बने हैं जिन दोनों का अर्थ है छेनी से कटा हुआ तथा खुदा हुआ। त्रिग्लिफ (त्रिग्लिफोस अथवा त्रिग्लिफोन, इसका लिंग अनिश्चित है) शिल्प विद्या का एक शब्द है जो सजावट को बेलों की एक विशेषता का नाम है। त्रिग्लिफ वह विशेष आकृति है जो तीन तीन में विभक्त समानान्तर नालियों से बनी होती है जिसमें नीचे की ओर शुण्डाकार सिरे होते हैं जो छत से नालियों में बहते हुये तथा रुके हुये पानी के प्रतीक हैं। यहाँ पर किसी भी यूनानी व्यक्ति को एक परिचित मूर्ति-पत्थर के लिंग का स्मरण कराया जा सकता है जो लम्बी नालियों से बना होता है जिनमें पवित्र जल बूँदों में गिरता है। अब भी तिलिंग आदि का अर्थ त्रिलिंग से लिया जाता है और त्रिलिंग का अर्थ तीन लिंगों का देश है अर्थात् तेलुगु देश के तीन तीन पर्वतों-कालेश्वर, श्रीशैल और भीमेश्वर पर शिव का दैवी प्रकाश। कालेश्वर कृष्णा नदी पर उस दर्रे के द्वार पर स्थित है जिसमें होकर वह मैदान में बहती है। श्रीशैल चाँदा जिले में वैनगंगा तथा गोदावरी नदियों के संगम पर है, भीमेश्वर पश्चिमी घाट में उस स्थान पर है जहाँ तेलुगु देश मराठा देश तथा मैसूर को स्पर्श करता है। त्रिनाम के द्वारा भी तिलिंग-त्रिलिंग के स्पष्टीकरण का दूसरा प्रमाण मिलता है। यदि कोई कैम्पबेल (तेलुगु का व्याकरण-भूमिका) से इस बात पर सहमत है कि मोदोगलिंग का विश्लेषण मोदोग+लिंग किया जाय, तो मोदोग शब्द तेलुगु के मडुग शब्द का प्रतिनिधित्व करता है जो मुड़ (तीन) शब्द का काव्यात्मक रूप है। किन्तु काल्डवेल इस अर्थ का विरोध करते हैं। उनके अनुसार मुडुग शब्द का प्रयोग मिथ्यादम्भ होगा। वे केवल यह निरीक्षण मानने को तैयार हैं —

पृष्ठ ३३४)। पहले अंग, वंग तथा कलिंग के घनिष्ट सम्बन्ध तथा इन देशों के प्रति ब्राह्मण संस्थाओं से प्राप्त घृणास्पद अस्वीकृति को बताया जा चुका है।

महाभारत में एक स्थान पर (८, ४४, २०६६) कलिंगों की गणना उन जातियों के मध्य में की गई है जिनका धर्म बुरा है (दुर्धर्म) किन्तु अन्य स्थान (८, ४५, २०८४) पर उनकी गणना कुरु, पञ्चाल, साल्व, मत्स्य, नैमिष आदि ब्राह्मण धर्म के सर्वोत्तम राष्ट्रों के साथ उन जातियों में की गई है जो शाश्वत नियम को जानते है (धर्मं जानन्ति शाश्वतम्)। यह भाव परिवर्तन निस्सन्देह कलिंग के उस महत्व के कारण है जो उसे उस समय में प्राप्त है जब से भारतीय सभ्यता बंगाल के आस पास फैली। बौद्ध धर्म का कलिंग में एक पवित्र स्थान था। तोलेमी कृष्णा और कावेरी नदियों के मध्य मैसोलास के बीच में कल्लिंग नगर का उल्लेख करते है। गंजम जिले के बन्दरगाह कलिंगपट्टम ने अब भी देश के प्राचीन नाम को स्थिर रखा है। सम्पूर्ण मलय संसार में सभी उत्पत्ति के भारतीयों के लिए प्रयुक्त किलंग नाम सुदूर पूर्व में भारतीय सभ्यता के विस्तार में कलिंग के व्यक्तियों के महत्वपूर्ण भाग का प्रमाण देता है।

कलिंग से मिलता जुलता अन्य शब्द लिखित ग्रन्थों में केवल बाद को आता है और इसके तैलंग, त्रिलिंग आदि विभिन्न रूप मिलते हैं। मार्कण्डेय पुराण (५८, २८) तथा वायु पुराण (४५, १११) तिलंग लिखते हैं। शिलालेखों में भी तिलिंग, तेलुंग, तिरिलिंग, त्रिकलिंग रूप मिलते हैं। अरबी तथा फारसी के लेखक तिलंग, तिलिंग, तिलिंगन लिखते है। भारत की भाषाओं की सूची में इस देश की भाषा तेलुगू कहलाता है। १४ वीं शताब्दी का एक शिलालेख देश की सीमा इस प्रकार ग्चाचता है 'पश्चिम तथा पूर्व के दो प्रसिद्ध महाराष्ट्र और कलिंग देश, दक्षिण तथा उत्तर में पाड्य तथा कान्यकुब्ज यही देश तिलिंग कहलाता है'*

तोलेमी त्रिलिगान का राजसी निवासस्थान लिखते हैं जिसकी स्थिति गंगा नदी के पार के भारत में १५४ पूर्व×१८° उत्तर म बतलाते हैं। नगर को त्रिगिलप्तन (त्रिलिप्तोन) भी कहते है। तालेमी क नक्शे पर त्रिलिंगोन वर्तमान अराकान म भूभाग के आन्तरिक प्रदेश म अकराब की ऊँचाइयों पर स्थित है। वहाँ पर यह नाम अब भी तलंग के रूप म सुरक्षित है। ऐसा ज्ञात होता है कि बर्मी लोग इस नाम स मोन जाति का नामकरण करते थ जा उनके पूर्व पीगू म रहती थी

*(पश्चात् पुरस्ताद् यस्य देशौ ख्यातौ महाराष्ट्र कलिंग सज्ञौ। अवाग् उदक पाड्यक–कान्यकुब्जौ देशस्स तत्रास्ति तिलिंग नाम – श्रीरंगम प्लेट्स शक १२८० एपीग्रैफिका इन्डिका १४,९०)।

और जिसने एक सभ्यता का विस्तार किया जो भारत की एक शाखा बनाती है। सर आर्थर फैरे के अनुसार यह साधारणतया स्वीकृत किया जा सकता है कि तलैंग=तेलिंग। फोर्च हैमर ने एक अन्य अर्थ प्रस्तावित किया है जो मोन भाषा के आधार पर है। मोन भाषा में तलैंग का अर्थ है "पैर से कुचला हुआ"। इस अपमान सूचक शब्द ने मोन जातियों के पराजय के पश्चात शुद्ध जातीय नाम का स्थान ले लिया होगा। फैरे स्वयं यह विचार करते हैं कि यद्यपि कलिंग शब्द पीगू के इतिहासों में आता है किन्तु तैलिंगान शब्द वहां कहीं भी नहीं मिलता है। यह दशा भारत की दशा के बिलकुल समानान्तर है। हमारे सम्मुख अत्यन्त प्राचीन रूप का नाम है जिस पर साहित्य ने अधिक समय तक ध्यान नहीं दिया है। तोलेमी के द्वारा त्रिलिंगोन के अतिरिक्त त्रिग्लिप्तन अथवा त्रिग्लिफोन नाम प्रयुक्त किये गये हैं। ये शब्द त्रि (संस्कृत "तीन")+ग्लिप्तन अथवा ग्लिफोन से बने हैं जिन दोनों का अर्थ है छेनी से कटा हुआ तथा खुदा हुआ। त्रिग्लिफ (त्रिग्लिफोस अथवा त्रिग्लिफोन, इसका लिंग अनिश्चित है) शिल्प विद्या का एक शब्द है जो सजावट की वेला की एक विशेषता का नाम है। त्रिग्लिफ वह विशेष आकृति है जो तीन तीन में विभक्त समानान्तर नालियों से बनी होती है जिसमें नीचे की ओर शुण्डाकार सिरे होते हैं जो छत से नालियों में बहते हुये तथा रुके हुये पानी के प्रतीक हैं। यहाँ पर किसी भी यूनानी व्यक्ति को एक परिचित मूर्ति-पत्थर के लिंग का स्मरण कराया जा सकता है जो लम्बी नालियों से सजा होता है जिनसे पवित्र जल बूँदों में गिरता है। अब भी तिलिंग आदि का अर्थ त्रिलिंग से लिया जाता है और त्रिलिंग का अर्थ तीन लिंगों का देश है अर्थात् तेलुगू देश के कालहस्ती के तीन पर्वतों-कालेश्वर, श्रीशैल और भीमेश्वर पर शिव का दैवी प्रकाश। कालेश्वर कृष्णा नदी पर उस दर्रे के द्वार पर स्थित है जिससे होकर यह मैदान में बहती है। श्रीशैल चाँदा जिले में वैनगंगा तथा गोदावरी नदियों के संगम पर है भीमेश्वर पश्चिमी घाट में उस स्थान पर है जहाँ तेलुगू देश मराठा देश तथा मैसूर का स्पर्श करता है। प्लिनी के द्वारा भी तिलिंग-त्रिलिंग के स्पष्टीकरण का दूसरा प्रमाण मिलता है। यदि कोई कैम्पबल (तेलुगू की व्याकरण-भूमिका) से इस बात पर सहमत है कि मोदोगलिंग का विश्लेषण मोदोग+लिंग किया जाय, तो मोदोग शब्द तेलुगू के मुडुग शब्द का प्रतिनिधित्व करता है जो मुडु (तीन) शब्द का काव्यात्मक रूप है। किन्तु काल्डवेल इस अर्थ का विरोध करते हैं। उनके अनुसार मुडुग शब्द का प्रयोग मिथ्यादम्भ होगा। वे केवल यह विश्लेषण मानने को तैयार हैं —

मोदो=मुड=३, गलिंग=कलिंग—अर्थात तीन कलिंग जो मध्य युग के बहुत से शिलालेखों का त्रिकलिंग है।

उत्कल—मेकल

इन दानों नामों में उतना ही घनिष्ट सम्बन्ध है जो अग और वग में। रामायण* में इनका प्रसग एक साथ आता है—मेकलान् उत्कलाश्चैव। क्षेमेन्द्र** उन्हें और अधिक घनिष्टता स मिलाते हैं, मकलोत्कलिका। महाभारत में भी यही बात मिलती है मेकलोत्कला कलिंगा। इन जातियों के विषय में मार्कण्डेय पुराण के अनुवाद (पृष्ठ ३२६) में पार्जिटर की टिप्पणी अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उनका कथन है कि उत्कल जातिया भली भाँति परिचित था और बहुत प्रारम्भिक उत्पत्ति की एक जगली जाति का निर्माण करती थीं क्योंकि उनका आस पास की जातियों से उनका निकट सम्पर्क नहा प्रतीत होता है उत्कल म छोटा नागपुर का दक्षिणी भाग, उड़ीसा की सहायक नदियों वाला राज्य तथा बलसोर जिला सम्मिलित थ।

यदि उत्कल का नाम अपनी शक्ति क साथ सुरक्षित है, तो मकल का नाम धर्म स समन्वित स्मृति के रूप म अवशिष्ट है। मकल की ऊँचाइयों म भारत की एक महत्वपूर्ण तथा पवित्र सरिता नर्मदा का जन्म होता है। अमर तथा अन्य कोषकारों ने उस एक पवित्र पदवी "मकलकन्यका" (मकल की पुत्री) दी है। यहाँ भी काइ निश्चित रूप न स्थापित होने क कारण यह नाम साधारण "मखला" शब्द की समानता स आकृष्ट हुआ है और लिखित रूप दोनों के मध्य में आता है। अमर के टीकाकार सर्वानन्द दोनों को प्रामाणिक मानते हैं— (मकलाचल प्रभवत्वाद् मकलकन्यका मखल कन्यकेति केचित्। य मखलादभवति मखलशैलपुत्री इति स्वामी न) मकल नाम की अप्रसिद्धता दु खद रूप म महाभारत क कलकत्ता के प्रकाशन म प्रकट है जिसम कइ बार साधारण 'मला' शब्द स प्रभावित मलक नाम मुद्रित है। ब्रिटिश भारत क राजकीय भूगोल म प्राचीन नाम सुरक्षित है। मैकल श्रेणी के नाम क अन्तर्गत यह उस पर्वत श्रृखला का नाम है जो नर्मदा नदी के उद्गम (अमरकटक स आरम्भ हाती है और दक्षिण तथा दक्षिण–पश्चिम की ओर बालाघाट (Balaghat) जिले तक विस्तृत है।

उत्कल देश का एक अन्य नाम भी है जिसस आधुनिक उड़ीसा का नाम पड़ा है। उड़ीसा वास्तव म ओड्रदेश 'ओड्र' का देश है। यूरोपीय विद्वानों के द्वारा प्रयुक्त उलिसस, उडेन, ओरिस आदि ओड्रदेश स उद्धृत हैं। आजकल उड़ासा की

* (IV 41, 0B 41, 14G) ** (रामायणमञ्जरी—IV 234)

भाषा के लिये सर्वमान्य उड़िया शब्द प्रयुक्त किया जाता है जो ओड्र का ही परिवर्तित रूप है। तेलिंग की भाँति इसका भी कोई लीखित रूप निश्चित न होने के कारण कभी कभी एक ही ग्रन्थ में उड्र, ओड्र, औट्र—ये विभिन्न रूप मिलते हैं।

जातीय परिवार उड्र (र) अ (उण्ट) के साथ ही साथ स्वाभाविक रूप से पुण्ड, पुण्ड्र, तथा उसके माध्यमिक रूप पौण्ड्र, पौण्ड्रक, पौण्ड्रिक भी प्राप्त होते हैं। छोटा नागपुर जो अंशत: पुण्ड्रों का प्राचीन क्षेत्र है अब भी (विशेषत: राँची जिले का दक्षिणी तथा पश्चिमी भाग) मुण्ड जातियों से बसा है। यह भली-भाँति ज्ञात है कि मुंडा का नाम मैक्समूलर (Max Muller) ने उस भाषा परिवार के नाम के लिये रखा है जो दृढ़ता के साथ द्राविड़ी से प्रभावित है किन्तु जो पूर्वावस्था में स्वतन्त्र है तथा मोन-ख्मेर और मलय प्रायद्वीप की अन्य जातियों की बोलियों से सम्बद्ध है।

पुलिंद—कुलिंद

पुलिंदों का नाम सम्पूर्ण संस्कृत वाङ्मय में प्रसिद्ध है। 'ऐतरेय ब्राह्मण' (७,१८) उन्हें उदन्त्य के मध्य (आर्य) सीमाओं के बाहर "आंध्र, पुंड्र, शबर, मूतिब के साथ विभक्त करता है जो विश्वामित्र के वंश से सम्बन्धित किन्तु दस्यु जातियों से बनी हैं। बौद्ध धर्म में उनके लिये 'नीचकुल' 'म्लेच्छ' 'प्रत्यन्त जनपद' (सीमान्त के जन समुदाय) आदि शब्दों का प्रयोग किया गया है। जैन साहित्य में ये म्लेच्छों की सूची में आते हैं। "रामायण" में इनकी स्थिति भारत के उत्तर में मत्स्य, शूरसेन अर्थात् अलवर और मथुरा के मध्य में बतलाई गई है। "महाभारत" में भी वे म्लेच्छ समझे गये हैं। उनका नाम इस महाकाव्य में बहुधा आता है किन्तु सर्वदा बुरी जातियों के समुदायों में जैसे पौंड्र, यवन, किरात, चीन तथा अन्य म्लेच्छ (१,१७५,६६८५), द्रविड़, आन्ध्र तथा अन्य म्लेच्छ (५,१६०,५५१०) दशार्ण मेकल, उत्कल (६,६,३४७)। "बृहत्कथाश्लोक संग्रह" में जो सर्वदा यथार्थ-मिश्रित अथवा रूपात्मक तथ्यों से पूर्ण है, पुलिंद का महत्त्वपूर्ण चित्र खींचा गया है (८,३१) जो इस प्रकार है :—

युवा पुरुषों का एक समुदाय आखेट के लिये निकलता है। एक युवक अपने समुदाय के व्यक्तियों से कहता है, "मैं अपने सम्मुख इन पुलिंदों की असंख्य सेना को देखता हूँ जो वन की गुफाओं में निवास करते हैं तथा जो अग्नि के द्वारा किये हुये कृष्ण वर्ण के तनों के वन के सदृश प्रतीत होते हैं। उनके वर्ग में एक मोटा, बौने के समान छोटे कद वाला, ताम्रवर्ण के नेत्रों वाला, एक व्यक्ति आता है। यह उनका प्रमुख सिंह शत्रु ("सिंहों का शत्रु") था। उसने प्रधान सेनापति का

अभिवादन किया। सेनापति ने उससे पूछा "मेरे भाई की स्त्री कैसी है? और क्या तुम्हारे दो पुत्र शाम्बर (मृग) तथा सारंग (एक प्रकार का मृग) स्वस्थ हैं। रुमंवत ने तिल के तेल के एक सहस्र घड़ों के अतिरिक्त नील, कुंकुम, तथा केसर में रंगी हुई वस्तुओं की एक गाँठ सिंहशत्रु को देने के लिये आज्ञा दी ......तब हम लोगों के सम्मुख मृग आये, जिनके अंग हीरे के बुदबुदों के सदृश कान्तिमान थे। मुंडों में वे हवा की गति के समान निकलते चले गये ' एक ने पुलिन्दों के प्रमुख से पूछा 'हममें किसी ने ऐसे पशु नहीं देखे, यदि आप इनके विषय में जानते हों, तो हमें समझाइये। पुलिन्द ने कहा "मैं तो इनके विषय में कुछ नहीं जानता किन्तु मेरे पिता जानते थे। एक बार एक अवसर पर उन्होंने मुझे कुछ सिखाया था जिसे मैं तुमसे बतलाऊँगा।' ' जिसका तीर एक बार निकल कर इन पशुओं की प्रदक्षिणा करके पुन: निगंग में प्रवेश कर जाता है उसे चक्रवर्तिन् समझो' (लँकोटी के अनुवाद पृष्ठ ५५ के आधार पर)। यहाँ पर सभी चिन्ह चेतनायुक्त प्रतीत होते हैं। पुलिन्दों की तुलना जले हुये तनों से की गई है। "नाट्यशास्त्र' (२१,८९) में वास्तव में ऐसा प्राप्त होता है कि पुलिन्द कृष्णवर्ण की आकृति का प्रतिनिधित्व करता है। प्रमुख, बौना (निग्रो) के कद का है। प्राग्द्रविड़ व्यक्ति द्रविड़ों से अपना अन्तर छोटे कद के द्वारा करते हैं ("थर्सटन—दी मद्रास प्रेसीडेन्सी" पृष्ठ १२४) प्रमुख के पुत्रों के नाम पशुओं के नाम के सदृश हैं। प्रतीकों की प्रथा अब भी पठारों की जंगली जातियों में फैली हुई है। निगंग में लौट आने वाले बाणों का तथा ज्योतिमान मृगों का इतिहास मुंडों अथवा सन्थालियों की घरेलू कहानियों में उपलब्ध है।

कुलिंदों ने उस ख्याति को नहीं प्राप्त कर पाया जिसे कि पुलिन्दों ने प्राप्त किया है। उनका नाम महाकाव्य काल के पश्चात् कम मिलता है किन्तु महाभारत में उनका नाम पुलिन्दों की अपेक्षा अधिक है। वे हिमालय के मध्य के उस प्रदेश में निवास करते हैं जो गजों तथा अश्वसमूहों से परिपूर्ण है, जिसमें किरात, तंगण तथा पुलिंद भी सैकड़ों की संख्या में मिश्रित हैं—यह प्रदेश सुरगणों को भी प्रिय है तथा असंख्य आश्चर्यजनक विशेषताओं से पूर्ण है। उनका राजा सुबाहु पांडवों का स्वागत करता है जब वे गंधमादन का पर्यवेक्षण करने के लिये निकलते हैं। लौटने पर वे उसी मार्ग का ही अनुगमन करते हैं तथा चीन, तुखार, दरद के मध्य से होकर जाते हैं। तत्पश्चात् वे पुलिंद के देश में पहुँचे जहाँ पर असंख्य हीरक मिलते हैं और हिमालय के उस क्षेत्र को, जहाँ का मार्ग अत्यन्त दुर्गम है पार करके वे राजा सुबाहु के दुर्ग को देखते हैं।

वराहमिहिर की "बृहत्संहिता" में कुलिंद शब्द का अन्य रूप मिलता है। चौदहवें अध्याय में सम्पादक एच० कर्न ने कौणिन्द के पाठ को दो बार ग्रहण किया है जो इसी प्रकार के अन्य हस्तलिखित ग्रन्थों में कौलिन्द तथा कौलिन्द्र के रूप में प्राप्त होता है। किन्तु निस्सन्देह इसका प्रसंग कुलिन्द से है।

पुलिंद-कुलिंद, मेकल-उत्कल (उड्र-पुंड्र- मुंड समुदाय के साथ) कोसल तोसल, अंग-वंग, कलिंग-तिलिंग उस विस्तीर्ण शृंखला की कड़ियाँ है जो काश्मीर की पूर्वी सीमाओं से प्रायद्वीप के मध्य तक विस्तृत है। इनमें से प्रत्येक जातीय युग्म का प्राय: एक ही नाम है, अन्तर केवल आदि वर्ण का है जैसे क और त, क और प, अ और व अथवा म और प) | इस प्रकार के शब्द निर्माण की प्रथा भारोपीय परिवार के लिये विदेशी हैं। इसके विपरीत यह एक वृहद् भाषा परिवार–आग्नेयदेशी– की विशेषता है तथा जिसमें भारत की मुंडा भाषाओं का परिवार सम्मिलित है है जिसे बहुधा 'कोलरियन' कहते हैं। डा० स्टेनकोनो जिन्होंने इन भाषाओं का विशेष रूप से अध्ययन किया है लिखते हैं*—मुंडा भाषाओं का मुख्य वर्तमान क्षेत्र छोटानागपुर का पठार है। वे मद्रास तथा मध्यप्रान्त के समीपवर्ती जिलों और महादेव पहाड़ियों मे बोली जाती हैं। प्राय: सभी दशाओं में ये जंगलों तथा पहाड़ियों मे पाई जाती हैं। मैदान तथा घाटियाँ, आर्य भाषाभाषी जन समुदाय से बसे हैं ... मुंडा भाषायें पहले मध्य भारत के विस्तृत क्षेत्र में तथा सम्भवत: गंगा नदी की घाटी में भी बोली जाती होंगी"। फादर श्मिट (Father Schmidt) ने ने अपने मोन-ख्मेर तथा आग्नेयद्वीपी भाषाओं के अध्ययन में मुंडा भाषाओं की तुलना मोन ख्मेर भाषाओं से की है और यह सूचित किया है कि उपसर्गों तथा प्रत्ययों की सहायता से शब्द निर्माण की व्यवस्था दोनों में समान है।

'अ—इन दो भाषा परिवारों मे सभी व्यंजन, जो इन भाषाओं में मिलते हैं केवल ङ और नं, य और व के अपवाद के साथ साधारण उपसर्गों का काम दे सकते हैं और जैसा कि बहुत सी मोन–ख्मेर भाषाओं में है, मुंडा भाषाओं में भी ङ, नं, म, न अथवा द्रव वर्ण र (ल?) के, उपसर्ग तथा धातु के मध्य में, आगम द्वारा उपसर्गों का एक अन्य वर्ग प्राप्त होता है।'

'ब—अन्त. प्रत्यय न् मोन–ख्मेर भाषाओं में विशेषत: यन्त्रों के नाम के लिये तथा मुंडा भाषाओं में भावात्मक नामों के लिये, जो किसी धर्म के परिणाम के

*'Linguistic Survey of India' Vol IV—Munda and Dravidian Languages-Introduction P9

नाम होते है, प्रयुक्त होता है, किन्तु इस प्रकार के अन्तिम वाले रूप विशेष कर ख्मेर, बहनार तथा निकोबारी मे न्यून नहीं है' ।

ऊपर जिन नामों का अध्ययन किया जा चुका है वे फादर श्मिट (Schmidt) द्वारा वर्णित सर्वसाधारण लक्षणों से समानता रखते हैं। यहाँ पर प्रत्येक व्यक्ति उन तुलनाओं के द्वारा अवश्य ही प्रभावित होगा, जो कि उन्हे एक सूत्र में आबद्ध करती हैं। तीन श्रेणियों कुलिंद–पुलिंद, अंग–बंग, कलिंग–त्रिलिंग के मध्य मे अनुनासिक है जो अन्त.प्रत्यय हो सकता है। माध्यमिक श्रेणी उड्–पुंड्र, मुंड अन्त. प्रत्यय की अस्थिरता को सूचित करती है। इसके अन्य रूपों, उण्ड, ओण्ड, ओण्ड्र=उड् से इस बात को पुष्टि होती है। प्रश्न उठता है कि उत्कल और उड् के पर्यायवाची नाम वास्तव मे एक ही तो नहीं है जिनमें अन्त. प्रत्यय 'क' की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति का अन्तर है। कोई भी उत् (क) ल=उड्–र बता सकता है। एक दशा मे दन्त्य तथा दूसरे मे मूर्धन्य के अन्तर से कोई कठिनाई नही पड़ती है। यदि उत्कल-उड् का सम्बन्ध मान लिया जाय तो मेकल–मुंड (–मुन्ड्, मुण्ड्) का सम्बन्ध स्वाभाविक है। अवशिष्ट दो श्रेणियों कोसल तोसल, उत्कल-मेकल मे अन्तिम भाग समान हैं।

अच्छ-वच्छ

अच्छ-वच्छ समान रूप से अग-वंग से मिलते है। अच्छ वच्छ का नाम जैन ग्रन्थों में एक साथ आता है। उदाहरणार्थ 'भगवती (१५, १७) मे जंगली जातियों के विरुद्ध स्थानीय जातियों की एक सूची है —

अग, वंग, मगह, मलय, मालव्य, अच्छ, वच्छ, कोन्छ आदि।

इसके अतिरिक्त 'प्रज्ञापना' में आरिय जातियों की सूची मिलती है वेराड वत्थ (च्छ) वरण अत्था (च्छा)। टीकाकार वत्सेषु वैराट पुरम्—ऐसा स्पष्ट करता है किन्तु वेबर का कथन है कि वत्स का उल्लेख कोसम्बी (कौशाम्बी) नगर के साथ, जो उनकी राजधानी है, पूर्व के छन्द में किया जा चुका है। नेमिचन्द्र ने अपनी टीका मे मच्छ=मत्स्य बतलाया है और वैराट वास्तव मे मत्स्य देश की राजधानी है। किन्तु अच्छ अज्ञात है।

इस प्रकार अच्छ-वच्छ के विषय में कोई निश्चित एव प्रामाणिक बात नहीं कही जा सकती।

तक्कोल—कक्कोल

तक्कोल कक्कोल मे हम विकल्प से एक नगर तथा पौधे का नाम पाते है। इसमे हमे आग्नेयदेशी प्रभाव का स्मरण होता है। नैनवरिंग तथा ग्रुन्वेडेल के

लेपचा भाषा के शब्द कोष में हम पृष्ठ १० पर फॅकला शब्द (इलायची) और पृष्ठ ११६ पर टॅ कोन्‌ (एक तरह का पौधा) तथा तुक नी (शाक के समान) शब्द पाते हैं।

जैसा कि अधिकांश मोन ख्मेर भाषाओं में मिलता है, उसी प्रकार मुंडा भाषाओं में उपसर्ग तथा धातु के मध्य में अनुनासिक अथवा द्रव वर्ण के आगम द्वारा उपसर्गों की एक द्वितीय श्रेणी प्राप्त होती है। अतः यह अनुमान किया जा सकता है कि भारत के भौगोलिक नामों में से जो कम्‌, कर्‌, कल्‌, तम्‌, तर्‌, तल्‌, पम्‌, पर्‌, पल्‌ से आरम्भ होते हैं, वे कभी कभी भूतकाल के आग्नेयदेशी प्रभाव को सूचित करते हैं। यह सम्भव है कि *कलिंग तिलिंग* इस भेद के अन्तर्गत हों और उनका विश्लेषण इस प्रकार हो —

कल्‌ इ (ङ्‌) ग, तिल्‌ इ (ङ्‌) ग।

प्रथम स्वर का परिवर्तन एक अज्ञात स्वर ए के अनुमान द्वारा सरलता से स्पष्ट किया जा सकता है जो भारत की आर्य भाषाओं में नहीं है। कलिंग का रूप बहुत आरम्भ काल में स्थापित हो गया होगा, क्योंकि आर्यों की सभ्यता के पूर्वी तट तक फैल जाने पर भारत के राजनैतिक इतिहास में कलिंग का बड़ा महत्व था जिसका प्रमाण अशोक तथा खारवेल के शिलालेखों में मिलता है। तिलिंग के विषय में ऐसी बात नहीं है। आर्यों तथा द्रविड़ों के आक्रमण से वह दो भाग में विभक्त हो गया था। इसके नाम के विभिन्न रूपों से राजनैतिक परिवर्तनों की सूचना मिलती है

इसी प्रकार यह भी सम्भव है कि कुलिंद, पुलिंद की उत्पत्ति क्‌ एल इन्द, प्‌ एल इन्द से हुई हो। हम कलिंद, कालिंदी शब्द मिलते हैं तथा कई बार कलिंग के अतिरिक्त कुलिंग रूप देखने में आता है। फादर श्मिट ने बिना विचार किये कलिंग का जो व्युत्पत्ति बताई है, उसमें नये अन्वेषणों की आवश्यकता है। उन्होंने निम्न सूची दी है —

कनाङ्‌ (निकोबारी) —'सफेद पर वाली एक समुद्री चील = ख्मेर क्लेङ्‌, स्नाग–क्लिङ्‌ (संस्कृत कलिंग)।

लंका

संस्कृत में लंका राक्षसों के द्वीप का नाम है जहाँ भगवान राम का शत्रु रावण राज्य करता था। यूल तथा बर्नेल की शब्दावली में 'लुंक' किसी भी द्वीप का साधारण नाम है। इन विद्वानों ने सम्भवतः ब्राउन के तेलुगु शब्द कोष से प्राप्त किया है। वे एक दूसरा अर्थ भी सूचित करते हैं अर्थात एक प्रकार की तेज़ चुरुट जो मद्रास प्रेसिडेन्सी में बहुत कीमती समझी जाती है और उसका

यह नाम इसलिये है कि यह गोदावरी डेल्टा के 'द्वीपों' में उगी हुई (जिसके लिए स्थानीय शब्द लंक है) नम्बाकू -से बनती है।" लंक, लंका शब्द मलय प्रायद्वीप के समीप के भौगोलिक नामों में भी मिलते हैं।

कामरूप

यदि कामरूप शब्द को संस्कृत भाषा के दृष्टिकोण से देखा जाय तो यह निर्मित संयुक्त शब्द है जो प्रयोग में लाया जाता था तथा जिसका अर्थ बिल्कुल स्पष्ट है :

काम (इच्छा)+रूप (शक्ल)

अधिकृत नामावली में अब भी आसाम का पश्चिमी भाग कामरूप नाम से प्रसिद्ध है, किन्तु धार्मिक अर्थ में कामरूप के अन्तर्गत भूटान, कुच, बिहार तथा रंगपुर भी सम्मिलित हैं। गौहाटी के समीप का कामाख्या का मन्दिर गूढ़ ज्ञान का केन्द्र समझा जाता है। यह एक पर्वतीय क्षेत्र है जहां भारत की आर्य,मुंडा, तिब्बत-बर्मी तथा मोन-ख्मेर भाषा परिवारों की सभी बोलियाँ मिलती हैं।

भास्करवर्मन् के राजवंश के पश्चात् कामरूप जंगली जातियों के अधिकार में रहा जिन्होंने शनैः शनैः हिन्दू धर्म स्वीकार कर लिया। सबसे अच्छा काल अहोम, तई अथवा शन जाति के लोगों का है जो एक प्रकार की आदिम सभ्यता का निर्माण करने तथा १३ वीं से १६ वीं शताब्दी तक अपनी सत्ता स्थिर रखने में सफल हुये।

ब्राह्मणों ने स्वाभाविक रीति से कामरूप नाम को स्पष्ट करने के लिये एक कथानक का आविष्कार किया है। वहीं पर शिव में कोमल काम भावना उत्पन्न करने के लिये भेजे हुये कामदेव ने शिव की वक्र दृष्टि से भस्म होकर अपनी वास्तविक शक्ल (रूप) को प्राप्त किया। साथ ही साथ यह कहना पर्याप्त होगा कि ब्रह्मदेश की सीमा पर आसाम राज्य के पूर्वी प्रान्त का नाम नमरूप था। किसी भी ब्राह्मण को नमरूप शब्द का नामरूप अर्थ बताने में कोई कठिनाई नहीं हुई होगी। नामरूप एक संयुक्त शब्द है जो इतना स्वाभाविक और परिचित है कि उससे स्वयं अर्थ प्रकट हो जाता है। हमें जंगली नाम मिलते हैं जिसमें रूप अंश, जिसके लिये संस्कृत में रूप है, आदि के कम—और नमसे सम्बद्ध है।

ताम्रलिप्ति

ताम्रलिप्ति सदियों तक बंगाल की खाड़ी का सबसे बड़ा बन्दरगाह रहा। लैसेन (Lassen) के समय से भारतीयों ने यह मान लिया है कि 'ताम्रलिप्ति' एक संस्कृत शब्द है और इसका सम्बन्ध संस्कृत के ताम्र शब्द से है। किन्तु "के० पी० जायस-

वाल"* का मत है कि इस शब्द का ताम्र अथवा संस्कृत के अन्य किसी शब्द से कोई सम्बन्ध नहीं है। उनका तर्क इस भाँति है :

प्रारम्भिक रूप से अधिक निकटता रखने वाला 'दश कुमार चरित' में दामलिप्त रूप मिलता है। दामलिप्त का मुख्य अंश दामल् आरम्भ के तामिल रूप द्रमिड से थोड़ा ही भिन्न है। द्रमिड के परिवर्तित रूप संस्कृत में द्रविड़ तथा पाली में दोमिलो, जैसा 'महावंश' में है, मिलते हैं। तारानाथ किसी प्राचीन आधार पर द्रमिल रूप देते हैं।

दूसरा अंश–दप्त अथवा—इप्ति स्पष्टतया संस्कृतिक नहीं है। इसका आदि रूप पाली के इत्ति में सुरक्षित है जैसा तामल्–इत्ति में है। तामिल भाषा में अत्ति अथवा–इत्ति नपुंसक स्त्रीलिंग में अन्त होनेवाले हैं। हिन्दू लेखकों ने प्राकृत व्याकरण के नियमों का प्रयोग किया और वे–त्ति को–प्ति में लाये।

तामिल में द्रमिड़ का प्राचीन रूप तिरमिड है ("काल्डवेल" भूमिका पृष्ठ १३)। संस्कृत के ताम्रल–(जैसे महाभारत का ताम्रल्–इप्ति) तथा तामल्–(जैसे बृहत्संहिता का तामलिप्ति) प्राचीन तिरमिड में प्राप्त हुए हैं।

इस प्रकार तामलिप्ति तथा दामलिप्त के प्रारम्भिक रूप तिरमिडत्ति तथा द्रमिडत्ति रहे होंगे। ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों रूप प्रचलित रहे होंगे—पहला प्राचीन रूप के तौर पर तथा दूसरा सर्वमान्य होने के कारण (इसके वर्तमान अवशेष तामलुक से सिद्ध होता है कि त वाला उच्चारण आर्यों में सर्वमान्य था। इसका संस्कृत का रूप दमलिका अथवा द्राविड़िका होगा।

इसके दोनों अंश–आधार दामल् अथवा तामल् तथा अन्त का–इत्ति अथवा ति द्राविड़ी भाषा के हैं। इतना यह स्थापित करने के लिए पर्याप्त है कि तामलिप्ति आरम्भ में द्रविड़ों का नगर था जिसको नाम द्रविड़ों ने गंगा नदी के डेल्टा तथा उड़ीसा में आर्यों के बस जाने के पूर्व दिया था।

कुछ भी हो, यह एक अपूर्व बात है कि ऐसे प्रसिद्ध नगर का कभी कोई निश्चित रूप नहीं रहा। हेमचन्द्र के शब्द कोष में इस नाम के चार रूप मिलते हैं।

तामलिप्ता, दामलिप्त, तामलिप्ती, तमालिनी।

नेपाल

नेपाल कुल्य (अर्थात वह घाटी जिसमें वर्तमान काठमांडू राजधानी स्थित है) के आदिम निवासी नेवार जाति के व्यक्ति हैं। नेपाल शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार हो सकती है .—

*Ft[illegible] Ta[illegible]ralipt[illegible] (I[illegible]n Ant[illegible] Vol 41)

गोरखा लोगों या पहाड़ी क्षेत्र हिमालय पर्वत के निवासियों (जिन्होंने हिन्दू धर्म स्वीकार नहीं किया है) तथा तिब्बतियों द्वारा 'पाल' कहा जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि पाल देश के उस भाग का नाम, जिसमें नेंवार जातियों का निवास स्थान था, नें होगा तथा वहाँ के लोगों को हिन्दुओं ने नेंवार अथवा "नें के निवासी" कहा। पूर्वी नैपाल तथा सिक्किम अब भी आदिम लेपचा जाति के व्यक्तियों द्वारा नें कहा जाता है और वे इस शब्द का अर्थ 'रक्षा अथवा निवास के लिये गुफाओं का स्थान' बतलाते हैं। हिन्द–चीन की बहुत सी सम्बन्धित जातियों की बोलियों में नें का अर्थ 'निवास स्थान' है। तिब्बत–बर्मी समुदाय में भी यही धातु इसी अर्थ में प्रयुक्त होती है और लामा धर्म में यह साधारणतया पवित्र गुफाओं तथा अन्य पवित्र स्थानों तक सीमित है। सम्भवत. यह प्राग्–लामा अर्थात नेंवारियों के द्वारा भी इसी अर्थ में प्रयुक्त किया जाता था, जिन्होंने तथाकथित नैपाली–बौद्धधर्म को जन्म दिया। कुछ नेंवार जाति के व्यक्ति अब भी बौद्धमार्गियों के नाम से बौद्ध धर्म के अनुयायी हैं किन्तु बहुत से अपने को शैवमार्गी बतलाते हैं। हिमालय के इस ओर के प्राचीन बौद्धों के नें अथवा पवित्र स्थान, जैसे कशार और शम्भूनाथ स्तूप, सब पाल देश की घाटी (नेंपाल मुख्य) में स्थित हैं। इस प्रकार 'नेंपाल' शब्द का अर्थ पाल देश का नें (अर्थात निवास स्थान, अथवा मुख्य स्थान अथवा पवित्र स्थान) प्रतीत होता है और यह समीपवर्ती लेपचा जाति के नें देश से भिन्न है।

देवी, देवताओं तथा धर्म सम्बन्धी नाम

इन्द्र

'इंद्र' के विषय में सायणाचार्य से लेकर आधुनिक पौर्वात्य भाषाशास्त्रियों तक कोई भी किसी निर्णय पर पहुँचने में समर्थ नहीं हुये हैं। श्री जगन्नाथ पति का मत है कि अब बहुत से स्वतन्त्र प्रमाण हैं जिनसे इन देवता की आर्येतर उत्पत्ति का बताया जा सकता है। उनका साराश नीचे दिया जाता है.—

१—केवल इन्द्र ही ऐसे देवता हैं जो चाल्डिया के देवताओं की भाँति दाढ़ी रखते हैं (ऋग्वेद २, ११, ७, ८, २६, ६, १०, २३, १, और ४, १०, २६, ७— अग्निशिखा की तुलना भी दाढ़ी से की गई है किन्तु वास्तव में इसका यह अर्थ

नहीं था; अतः पुशान की दाढ़ी का केवल एक स्थान पर उल्लेख अलंकारिक ढंग से किया गया है)।

२—टेलर (Taylor) नामक विद्वान का मत है* कि आर्य लोग मूर्तियों से अनभिज्ञ थे। यदि इनका कोई प्रसंग ऋग्वेद में आता भी है तो वह इन्द्र के लिए है (ऋ० वे० ४, २४, १०, ८, १, ५)

३—ऋग्वेद में वे "कुशों के देवता" (१, १०, ११) कहे गये हैं तथा प्राचीन हेब्रू और यूनानी साहित्य में कुश नाम चाल्डिया के लोगों को दिया गया है (इसके अतिरिक्त बैबीलोन के प्राचीन साहित्य की पूर्ण परीक्षा करने पर यह स्पष्ट हो जायगा कि उसके प्राचीन निवासी एमे–कु [सुमेर की भाषा] तथा एमेसल [अक्कद की भाषा ?] दो भाषायें बोलते थे। कुश नाम की उत्पत्ति कदाचित उनकी भाषाओं के स्थानीय नामों से हुई हो।

४—ऋग्वेद (१०, १२४, २) में वे स्पष्ट रीति से अज्ञात तथा दूसरी परम्परा के अतिथि (१०, १२४, ३) कहे गये हैं।

५—ऋग्वेद के कई स्थानों पर (६, १६,२ (अ), १६, ६ (अ), २०, २ (अ), २१,६ (अ), २२, १ (अ) आदि।]**

इस शब्द का उच्चारण तीन मात्रा वाले शब्द में होता है, जैसा कि छन्द के द्वारा संकेत किया जाता है। नियमों के द्वारा वास्तव में यही ऐच्छिक है, यदि यह चाल्डिया के इन्द्र इम्-दिम्गिर-इन् द-र का अपभ्रंश है जो चन्द्र, अन्भ्र, वृत्र तथा मित्र शब्दों और कदाचित तामिल के इन्द्रु–येव मुन्द्रु–नव, ओन्द्रु–एक और गिन्द्रु, अनिन्द्र प्रत्ययों से भी प्रभावित है। वृत्र तथा मित्र कम से कम हिन्द–ईरानी के युग से वर्तमान हैं, जैसा कि पारसियों के जेन्द अवेस्ता के वेरेथ्रघ्न और मिथ्र शब्दों के नियमित भौतिक रूपों से सिद्ध है। इन्द्र शब्द भी उसमें है।

उपर्युक्त मतों से हम किसी निश्चित तथ्य पर नहीं पहुँच सकते। वेद में इन्द्र वायु-लोक के एक प्रधान देवता माने गये हैं। वैदिक साहित्य में इनका वर्णन कई स्थलों पर विभिन्न रूपों में मिलता है। केवल इसी आधार पर उन्हें आर्येतर मान लेना उचित नहीं है। अवेस्ता में इन्द्र को दानव कहा गया है और वृत्रहन के स्थान पर उसमें 'वेरेथ्रघ्न' शब्द मिलता है। इससे भी कोई निर्णयात्मक प्रमाण नहीं प्राप्त होता है। केवल हम यही समझ सकते हैं कि भारतीय–ईरानी काल में वृत्र नाशक

---

*Origin of the Aryans—page 309

**'Lectures on Rigveda' by "V. S. Ghate '—Professor of Sanskrit, Elphinstone College Bombay page 213

एवं विजयी इन्द्र के रूप वाले किसी देवता की पूजा होनी थी। तामिल भाषा के इन्द्र, मुद्, श्रोन्दु, गिन्दु, अनिन्दु आदि शब्दों से इन्द्र शब्द की उत्पत्ति सम्भव हो सकती है और ऐसा सिद्ध हो जाने पर 'इन्द्र' के आर्येतर होने में विश्वास किया जा सकता है।

धर्म देवता

धर्म देवता, जिनकी उपासना अब भी पश्चिमी बंगाल में होती है, केवल विधाता ही नहीं, अपितु मनुष्यों के संरक्षक थे। इनके विषय में एक विशेष बात ध्यान देने योग्य है। इनके बड़े वार्षिक पर्व पर सर्वत्र विधि सम्बन्धी नृत्य तथा कभी कभी स्वाँग और नाटक भी होते हैं। उपासकों द्वारा इन नृत्यों के बिना यह वार्षिक पर्व नहीं मनाया जा सकता। इन नृत्यों के साथ ही साथ गान भी होता है। यह निश्चित बात है कि नृत्य का एक महत्वपूर्ण धार्मिक विधि होना आर्यों से सम्बन्ध नहीं रखता। इसका संबंध न तो बौद्ध, न ब्राह्मण धर्म से ही हो सकता है। यह द्राविड़ी और साथ ही साथ तिब्बत चीनी हो सकता है किन्तु यह बलपूर्वक आग्नेय कहा जा सकता है। जैसा कि धर्म की उपासना के विषय में है, उसी प्रकार स्वयं धर्म देवता के विषय में भी ध्यान देने योग्य बात है। यदि हमारे पास इस उपासना का प्राग् आर्यों से सम्बन्ध बतलाने का प्रमाण है, तो हम समान रूप से आर्य भाषा के 'धर्म' शब्द पर भी संदेह कर सकते हैं। प्रश्न उठता है कि यह नाम किसी प्रारम्भिक आर्येतर नाम का, जिसकी ध्वनि संस्कृत शब्द की ध्वनि से मिलती थी, संस्कृत रूप है अथवा यह केवल स्थानीय आर्येतर नाम का संस्कृत में अनुवाद है? पहिली बात सरल तथा अधिक माननीय है तथा दूसरी की संभावना कम है।

बंगाल के धर्म देवता का सर्वसाधारण प्रतीक, जिसके आधार पर अब भी उनकी पूजा होती है, कछुआ है। धर्म की बहुत सी मूर्तियाँ केवल कच्छप के ही रूप में हैं। इस प्रतीक का प्रयोग समुद्र के लोगों अथवा मछुआ लोगों में आरम्भ हुआ होगा। आग्नेय जातियों का अधिकतर इन्हीं से सम्बन्ध है। कुछ आग्नेय (कोल) तथा द्राविड़ी जातियों के सृष्टि विधान में कच्छप का महत्वपूर्ण भाग है औ बंगाल में धर्म की उपासना पर केन्द्रीभूत सृष्टिरचना का कथानक गोंड जैसी आदिम जातियों के सृष्टि रचना सम्बन्धी कथानकों से समानता रखता है। कछुआ के लिये डेल्टा के अधिकांश भाग में प्रचलित बंगला भाषा की एक बोली का शब्द दुड़ा अथवा दुड़ो है। प्राचीन बंगला में दुलि शब्द मिलता है, जिसका अर्थ है मादा कछुआ। कछुआ के अर्थ वाला संस्कृत शब्द दद्रु मिलता है, जिसका अन्य रूप दर

है। प्राचीन भारत में देशी शब्दों जैसे दण्ड, दड तथा दर का अनुमान किया जाता है। अशोक के शिलालेखों में यह दुलि अथवा दुडि के रूप में मिलता है। इन समस्त शब्दों का आधार दुल, दुड, दुर, दड, दर होगा। संस्कृत के कच्छप, कश्यप हिन्दी के कछुआ, काउआ तथा काउठा शब्दों से मिलता जुलता संथाली में कटकोम शब्द मिलता है। कोल भाषाओं में हम ओम् प्रत्यय पाते हैं जो जड़ तथा चेतन दोनों संज्ञाओं में जोड़ा जाता है जैसे मेड़ोम, बकरा अथवा बकरी, डमकोम–बछड़ा, कटकोम–केंकड़ा, सदोम घोड़ा, मदकोम महुआ का वृक्ष, सरजोम साल वृक्ष, गोरोम पौत्र, हतोम बुआ अथवा भाभी, त्यरोम कीड़ा, अडगोम सीढ़ी, परकोम, पलँग, फलोम पर्ण आदि। सम्भवतः इसी से सम्बद्ध दूसरा प्रत्यय अम् है —सुतम, डोरा (आर्यशब्द सत्त–सूत्र से) सकम पत्ती, मुनम वीणा, कोड़म वक्षस्थल, पोनम बतल इत्यादि।

आग्नेय बोलियों को बोलने वाले बंगालियों के पूर्वजों के मध्य में हम दुल, दुड, दुर, दड, दर (=कछुआ) शब्दों की उपस्थिति का अनुमान कर सकते हैं जो आज बँगला के दुड़ा, दुड़ी तथा प्राचीन बँगला और बाद की संस्कृत के दुलि,दुली शब्द के उद्गम हैं। इसका विस्तार दुलोम दुड़ोम, दुरोम, दुल-अम, दुड़-अम, दुर अम, अथवा दड़-ओम, दर-ओम दड़-अम, दर-अम (कछुये के अर्थ वाले) एक विशेष शब्द समूह में किया जा सकता है। इस प्रकार दुड़ोम, दुरम अथवा दरम, दरोम का सरल रीति से संस्कृत रूप धर्म (मध्य के अर्ध-तत्सम आर्य रूप धरम के द्वारा) करना बिल्कुल स्वाभाविक होगा।

समुद्र तथा अकाश के देवता "वरुण"

संस्कृत तथा पाली के मरू और पाली के मरू का सम्बन्ध बतलाते हुये, जाँ प्रिलुस्की (Jean Przyluski) ने यह दिखलाया है कि ये शब्द सम्भवतः भारतीय-आर्य द्वारा एक अथवा अनेक आर्येतर भाषाओं से ग्रहण किये गये हैं। मलय का 'बरोह' शब्द "निम्न देश" "समुद्र तट" तथा 'समुद्र' अर्थों को प्रकट करता है। मलय प्रायद्वीप की बोलियों में हम वरुह "मैदान" "चपटी भूमि"; बरुक, बरोक *"समुद्र तट" तथा माह्ह 'समुद्र' शब्द पाते हैं। कभी कभी आदि का वर्ण हट जाता* है। बहनार में 'आर' का अर्थ "दल दल" "दल दल का जिला" अथवा 'जलमार्ग के समीप दलदल वाला निम्न स्थल का भाग' है। अनामाइट में आदि का वर्ण सुरक्षित है किन्तु अन्त का द्रव वर्ण इ में परिवर्तित हो गया है:

बर > बइ "तट" "समुद्र तट"।

भारतीय–आर्य के भरु तथा मरु शब्दों से हमें संस्कृत के मर्या, मर्यादा तथा पाली के मरियादा "सीमा" "समुद्रतट" की ओर आकर्षण होता है। कुछ पाश्चात्य विद्वानों ने इन शब्दों का सम्बन्ध भारोपीय–परिवार की उत्तरी–पश्चिमी बोलियों से बतलाया है किन्तु यह संदिग्ध है। आग्नेयदेशी उत्पत्ति का अनुमान करने से सभी कठिनाइयाँ दूर हो जाती हैं।

यह सत्य है कि मरु तथा मर्या के अन्तिम वर्णों में भेद है किन्तु आग्नेयदेशी भाषाओं में स्वरों में प्राय: परिवर्तन हुआ करते हैं। अत: हमें दो भिन्न अन्तिम वर्णों से युक्त किन्तु एक ही मूल वाले मरु तथा मरि शब्दों पर ध्यान देना चाहिये।

जैसा प्राय: देखने में आता है, आग्नेयदेशी से समानता रखने वाला शब्द सुमेरी भाषा में मिलता है। डेलिश (Delitzsch) नामक विद्वान 'बर्' धातु की ओर संकेत करते हैं जिसके अर्थ वे निम्नलिखित बतलाते हैं:—

(अ) "बाह्य सीमा पर", "बाहर", "बिना" जिससे धातु का विस्तार होने पर बर "बाहर दूर" मिलता है।

(ब) "खुला हुआ स्थान" "मरुस्थल" जिससे तीन शब्द बने हैं—

गु–बर्–र "खुला हुआ स्थान", "चरागाह", "मरुस्थल", उर्–बर्–र गीदड़, सिग–बर्–र जंगली बकरा।

आग्नेयदेशी तथा सुमेरी भाषाओं की समानता से हम प्राचीन–एशियाई मूल 'बर' धातु पर पहुँचते हैं। आरम्भ में यह जनसमुदायों के बाहर की स्थिति का नाम होगा। फलत. इसके अर्थ बिना जोती हुई भूमि, वन्य पशुओं, चरागाहों, मरुस्थलों, समुद्रतटों, दलदलों तथा समुद्र से भी होंगे। सुमेरी भाषा में मूल धातु बर् (जो कभी कभी बर में विस्तृत हो जाती है) अपने आदिवर्ण को विकृत नहीं करती है। आग्नेयदेशी भाषाओं में मूल के विभिन्न रूप हो जाते हैं। सामी तथा भारतीय-आर्य ने नवीन शब्दों के लिये हम आग्नेयदेशी भाषाओं पर आते हैं। इनमें से भरु तथा मरु का प्रमाण बाद में मिलता है और ये विशेषत. व्यक्तिवाचक नामों में ही प्रयुक्त होते हैं। मर्यादा शब्द ही पीछे वैदिक काल में जाता है जिसका अर्थ 'सीमा' मूल धातु के अर्थ से समानता रखता है।

'अरब के सौदागर सुलेमान की भारत तथा चीन की यात्रा' में, जो सन् ८५१ में लिखी गई, सिन्धु के मुहाने तथा दयबुल नगर के उल्लेख के पश्चात् यह वर्णन मिलता है'—

यही पर भारत का पश्चिमी तट बरूचें क्षेत्र में मिलता है, जहाँ पर बरूची नाम के भाले बनते हैं। अतः प्रस्तुत रूप से हम बरूच शब्द का सम्बन्ध भरु कच्छ के प्राचीन नाम से जोड़ सकते हैं जो आधुनिक बड़ौच है। आर्येतर शब्द भरु का अर्थ, इसके संस्कृत के पर्यायवाची कच्छ की भाँति 'निम्न प्रदेश', 'दलदल' है और वास्तव में संयुक्त शब्द भरु कच्छ, समुद्र के समीपवर्ती क्षेत्र तथा उस क्षेत्र की राजधानी का नाम है।

भरु (कच्छ) तथा मरु (भूमि) महाभारत की भौगोलिक नामावली में आते हैं। इनसे समानता रखने वाले शब्द रामायण के दिग्वर्णन तथा अन्य ग्रन्थों में मिलते हैं। रामायण की विभिन्न प्रतियों में पश्चिमी क्षेत्रों का वर्णन अस्ताचल पर समाप्त होता है जहाँ पर वरुण देवता का प्रासाद बना है।

पाली जातक में राजा भरु (इसका अर्थ हम "समुद्र का राजा" भी ले सकते हैं) भरु देश में राज्य करता है और उसका राज्य अन्त में समुद्र में मिल जाता है। यदि भरु आर्येतर नाम है, तो राजा भरु का कथानक भी सम्भवतः आर्येतर है। उन विदेशी राजकुमारों के मध्य में, जो महाभारत में युधिष्ठिर के लिए उपहार लाते हैं, भरुकच्छ के शूद्रों का भी उल्लेख है। इन सब बातों से ब्राह्मणों की सभ्यता से बाह्य संसार की ओर संकेत होता है।

ब्राह्मण तथा बौद्ध ग्रन्थों के संक्षिप्त प्रसंगों के तथ्य इस प्रकार हैं —

सिन्धु नदी के डेल्टा तथा उसके समीपवर्ती क्षेत्रों की आर्येतर जातियों का विश्वास था कि समुद्र के नीचे जल के राजा का राज्य था और उस राजा का आदर एक बड़े देवता के रूप में होता था। उसी को पाली 'जातक' में भरुराज, 'महामायूरी' में भरुक और 'रामायण' में वरुण कहते हैं। किन्तु जबकि बौद्ध परम्परा के अनुसार उसके राज्य की स्थिति जल के नीचे है और उसके भक्त भरुकच्छ में हैं 'रामायण' का सम्पादन करने वालों के मतानुसार देवता पर्वत पर रहते हैं, अतः वरुण का सिंहासन वे अस्ताचल पर बतलाते हैं।

इस प्रकार हम निम्नलिखित समस्या पर आते हैं —

यदि समुद्र के आर्येतर देवता (भरुक/भरु) की समानता वरुण से की गई है, तो क्या वैदिक देवता के नाम का विकास भरु से नहीं हो सकता है? इसके उत्तर के लिए हम प्राचीन धातु वर् से आरम्भ करते हैं जिसका विस्तृत रूप (सुमेरी में) बर तथा (आग्नेयदेशी में) बरु हो गया है और इसमें—न प्रत्यय जोड़कर हम वरुन शब्द पाते हैं, जो वैदिक वरुण से निकटता रखता है। इस न की उपस्थिति हम प्राचीन एशियाई काल में पा सकते हैं।

सन् १९२६ ई० के एक लेख में प्रोफेसर क्रेशमर'(Kretschmer) ने (अरुन) शब्द से आरम्भ कर इन नामों को समझाने का प्रयत्न किया, जिसका अर्थ हिट्टाइट में समुद्र से है। उक्त विद्वान हिट्टाइट के (अरुन) के साथ तीन नामों—वरुण, अरुन तथा उरुवन—का सम्बन्ध बताते हैं। प्राचीन एशियाई धातु वर् के आधार पर जिसका विस्तृत रूप आग्नेयदेशी भाषाओं में वरु है तथा जो "समुद्र" आदि अर्थ रखता है, — न प्रत्यय जोड़कर हम एक ऐसा शब्द प्राप्त करते हैं जिससे केवल समुद्र के देवता का भारतीय नाम वरुण ही नहीं अपितु हिट्टाइट अथवा मितानी के उरुवन और अरुन तथा अन्त में हिट्टाइट के समुद्र के नाम—अरुन को भी स्पष्ट कर सकते हैं। कुछ आग्नेयदेशी भाषाओं में आदि का वर्ण पूर्णरूप से परिवर्तित हो जाता है जैसे आर, ओर। इस प्रकार व से व और उसके लोप द्वारा वरु-वरुण अरुन शब्द स्पष्ट किये जा सकते हैं। यहाँ पर यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि वेदों में वरुण मुख्यत: आकाश के देवता के रूप में मिलता है।

महादेवी की उपासना

भारत तथा उसके समीपवर्ती पूर्वी प्रदेशों के प्राचीन धर्मों के अध्ययन तथा प्राचीन मूर्तियों की खोज से हम यह अनुमान करते हैं कि इन विस्तृत जनसमुदायों के क्षेत्रों में एक महादेवी की उपासना होती थी, जो सर्व प्रथम देवी माता के रूप में थीं। देवी के नामों की तुलना से प्राचीनता का प्रमाण्य मिलता है और कुछ हद तक इस उपासना के विस्तार का भी प्रमाण मिलता है। यह उपासना आर्यों के भारत में आगमन करने के बहुत पूर्व से लेकर अब तक वर्तमान है।

ऐसा प्रतीत होता है कि महादेवी की उपासना यूनान, ईरान तथा सामी जन-समुदायों में प्रचलित थी और इस देवी को अर्दवी, अनाहित, ननई, अर्तेमिस नामों के अन्तर्गत ख्याति थी। इनमें से कोई रूप भारोपीय अथवा सामी भाषाओं के द्वारा स्पष्ट नहीं किये जा सकते। अन्त में हम निम्नलिखित श्रेणी को प्राप्त करते हैं:—

ईरान	अर्तेमिस	अनाहित अनाहिद
	फिलस्तीन	अनत,
सीरिया, एशिया माइनर	ननई	नना
	तनई स	

इन रूपों की उत्पत्ति के लिए हम प्रारंभिक रूप तनई/ननई प्राप्त कर सकते हैं। द्विस्वरसंधि ऐ कभी कभी न और इ में परिवर्तित हो जाती है। आदि वर्ण, जो

पूर्णतया अनुनासिक नहीं है, न और शुद्ध दन्त्य के मध्य की परिवर्तनशील ध्वनि है, जो या तो त में लिखी जाती है अथवा लुप्त हो जाती है। इसी प्रकार की ध्वनि कदाचित् आग्नेयदेशी भाषाओं में वर्तमान थी। उनमें जल के लिये हम निम्नलिखित रूप पाते हैं—मोन–दैक, बोलोवेन–तिअक, बहनार–दाक, ख्मेर–तिक अनामाइट–नुऑक।

आग्नेयदेशी भाषायें प्राग्–आर्य आधार का बहुत बड़ा अंश बनाती हैं और उनका सम्बन्ध सुमेरी से सम्भव हो सकता है। भारत में देवी माता के प्रचलित नामों में माता, अम्मा (माँ) हैं। यदि ननई की व्युत्पत्ति नन में–इ प्रत्यय जोड़ने से बताई जा सकती है तो वास्तव में 'नन' ही प्रारम्भिक रूप होगा।

वैदिक कथानकों में देवता लोग परिमित शक्ति वाले होते हैं और देवी के ऊपर उनका प्रभुत्व रहता है। अदिति देवी का नाम इस नियम का अपवाद है। उसकी शक्ति अपरिमित है और वह देवताओं से श्रेष्ठ है। अतः उसका सम्बन्ध एशिया–माइनर की महादेवी से है किन्तु इस शब्द की उत्पत्ति अज्ञात तथा गूढ़ है।

महादेवी के नाम के सामी तथा भारोपीय भाषाओं के रूप दो रूपों में घटाये जा सकते हैं —

(१) अर्तेमिस/अर्दवी–जो यूनान तथा फारस में प्रचलित है,

(२) तनई/ननई के प्रारम्भिक रूपों में दूसरे वर्ग का रूप उद्भूत हुआ प्रतीत होता है। ये रूप प्राग् आर्य क्षेत्र से ईरान तथा भारत में प्राप्त हुये। प्रथम वर्ग के नाम ईरानी तथा यूनानी के द्वारा प्राग्–आर्य भाषाओं से ग्रहण किये गये होंगे किन्तु यदि–ति प्रत्यय जो अर्तेमिस तथा अदिति दोनों में है, स्त्रीलिंग का चिन्ह है, तो सम्भवतः प्रारम्भिक तनई/ननई तथा ईरानी और वैदिक भाषाओं के प्रचलित शब्दों के मध्य में सामी के माध्यमिक रूप को मानना पड़ेगा।

मध्ययुग में महादेवी की उपासना विभिन्न जातियों तथा वंशों के द्वारा भिन्न-भिन्न रूपों तथा नामों में की जाती थी। किन्तु फिर भी उनकी समानता एक देवी-विशेष की ओर ले जाती है। उमा शब्द का परम्परागत अर्थ सुप्रसिद्ध है किन्तु वास्तव में उमा तथा अम्बिका शब्द द्राविड़ी भाषा के अम्म शब्द से गृहीत हैं, जिसका अर्थ माता है और यह सम्पूर्ण संसार की माता के अर्थ में प्रयुक्त होता है। इससे हमें यह सूचना मिलती है कि देवी की पूजा प्रारम्भ में द्राविड़ जातियों में प्रचलित था। पार्वती नाम से देवी का सम्बन्ध पर्वतीय जातियों से तथा हैमवती से विशेषतः हिमालय पर्वत के निवासियों से है। इसी प्रकार दुर्गा के नाम से देवी को

प्राप्त करने की प्रारम्भिक कठिनाइ का सकेत होता है क्योंकि सम्भवत उनकी पूजा वनों से आच्छादित पहाड़ियों की दुर्गम कन्दराओं में होती था। गौरी नाम, जिससे पीत वर्ण की आकृति वाली देवी का बोध होता है, हिमालय की पुत्री क नाम के रूप म प्रयुक्त हाता था, इसके साथ ही साथ जिससे यह सूचना मिलती है कि उसकी पूजा आरम्भ म भारत के उत्तरी सीमान्ता पर मगोल जातियों में होता थी। काली देवा (कृष्ण वर्ण की देवा) का नाम सम्भवत मूल आस्ट्रालायड समुदाय का जातियों की प्रारम्भिक पूजा को ओर सकेत करता है। अपर्णा जिसका सबन्ध परम्परा के अनुसार हिमालय की पुत्री के द्वारा शिव को पति रूप म प्राप्त करने के लिये हुये धार्मिक कृत्यों स है, वास्तव म पल्लव वस्त्र रहित अथात नग्न देवी का अर्थ रखता है। इस प्रकार ऐसा ज्ञात होता है कि अपर्णा की पूजा प्रारम्भ में मूल आस्ट्रालायड वर्ग का वन्य जातियों और नग्न शबर (अथात नगे शबर) के द्वारा की जाती था। वराह मिहिर का 'बृहद्सहिता' म इन नग्न शबरों का भेद पर्ण शबर (अर्थात पत्र वस्त्र वाले शबरों से का गइ है) जिनसे महायान बौद्धों ने पर्ण शबरा देवा का ग्रहण किया। दाक्षायणी, कौशिकी तथा कात्यायनी के नाम, शाति तथा परिवार का गुरिों की ओर सकेत करत हैं।

पूजा

*"प्रोफेसर जार्ल चारपन्टियर (Prof Jarl Charpentier)"—पूजा शब्द का प्रारम्भिक अर्थ बतलाते हुये विभिन्न विद्वानों जैसे प्रोफसर चारथालामी, हार्न, गुण्डर्ट तथा किटल द्वारा दी हुइ शब्द का व्युत्पत्तियों का उल्लेख करते हैं और गुण्डर्ट तथा किटल न द्वारा दा हुइ व्युत्पत्ति का समर्थन करते हैं। ये विद्वान पूजा शब्द का ग्रहण द्राविड़ी भाषा की एक क्रियात्मक धातु स बतलाते हैं, जिसक तामिल में पूसु तथा कनाडी में पुसु रूप प्राप्त होते हैं। इस धातु का अर्थ लेप करना, लसदार पदार्थ पोतना, रँगना आदि है। तत्पश्चात चार्पेन्टियर भारत की प्राचीन तथा आधुनिक विभिन्न जातियों क धार्मिक कृत्यों की तुलना क द्वारा इस व्युत्पत्ति का समथन करत हैं तथा इस निर्णय पर पहुँचत हैं कि मूर्ति को जल, मधु, दधि आदि स धाना (अथवा लिंग पर जल छिड़कना) तथा उसपर कुछ लेप आदि लगाना विभिन्न रूपों में पूजा की मुख्य विशेषता है। अत यह प्रारम्भिक अर्थ है जिसमें पूजा शब्द का प्रयोग होता था।

---

*The meaning and etymology of Puja (Indian Antiquary Vol 56)

किन्तु श्री चिन्ताहरण चक्रवर्ती के कथनानुसार* इस मत में पूजा के मुख्य ध्येय के विषय में सन्देह किया जा सकता है। क्या पूजा का मुख्य कार्य मूर्ति को धोना तथा उसपर लेप करना है अथवा पुष्प चढ़ाना ? वास्तव में देवताओं पर पुष्पों का चढ़ाना, मूर्ति को जल में स्नान कराने अथवा लेप करने की अपेक्षा, अधिक महत्व रखता है।

यहाँ पर हमें एम० कोलिन्स द्वारा की हुई व्युत्पत्ति पर भी ध्यान देना है, जो संस्कृत के शब्द का सम्बन्ध तामिल के 'पू' शब्द (पुष्प) से बतलाते हैं। उनके मतानुसार तामिल के अनुमान किये हुये 'पूचेय' रूप से सम्भवतः संस्कृत के पूजा शब्द की उत्पत्ति हुई। तामिल में एक दूसरा क्रिया का रूप 'पू-चि' है जिसका अर्थ फूल चढ़ाना है। इस व्युत्पत्ति से पूजा शब्द का प्रारम्भिक अर्थ पुष्प चढ़ाने की ओर संकेत करता है।

उपर्युक्त विवेचन से एम० कोलिन्स के मत में अधिक सत्य मालूम पड़ता है क्योंकि शब्द और अर्थ दोनों की दृष्टि से पूजा शब्द का तामिल के 'पू' 'पूचेय' 'पू-चि' शब्दों से अधिक समीपता प्रकट होती है।

संस्कृत की कुछ क्रियाएँ

संस्कृत की मुड् अथवा मुड् (मज्जने) तथा उनसे समानता रखने वाली मुड्, संस्कृत की भृड्, बुल् तथा मुण्ड् (डूबना, गोता लगाना) क्रियाओं से समता रखने वाली द्राविड़ी भाषाओं में निम्नलिखित क्रियायें मिलती है :—

मंगु, मुंगु (तेलुगू), मुकु मुगु (तुळु), मुळ्ळु, मुळ्ळुडु, मुळुंगु, मुळ्ळुगु, मुळुंगु (कन्नड़), मुळुगु (तामिल), मुङ्ङु, मुन्ङु (मलयाळ), मुणुगु, (कन्नड़, तेलुगू), मुनगु (तेलुगू)।

इन द्राविड़ी शब्दों में मात्रायें कु, ङ्कु, गु, ङ्गु, तथा ङ् केवल सहायक हैं; धातु के लिये मुळ्, मुळ्ळ्, मुर्, मुण्, मुन्, मुड् तथा मुक् रूप मिलते हैं। धातु का प्रारम्भिक रूप मुळ् है। द्राविड़ी में ळ् बहुधा र तथा ळ में और ळ के द्वारा ण और न में परिवर्तित हो जाता है।

*'The meaning and etymology of Puja' (Indian Antiquary vol. 7)

यदि ब्रुड् तथा म्रुड् धातुओं के मूल रूप बुड्, वुड् तथा मुड् है, जैसा कि मराठी के वुड् शब्द से पुष्ट होता है, तो इन धातुओं के र और ऋ को किस प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है ? यहाँ पर हम तेलुगू भाषा से समता रखने वाली विशेषता प्राप्त करते हैं, जिसके अनुसार आदि वर्ण के साथ स्वतन्त्र रूप से र जोड़ा जा सकता है।

